# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | बिलासपुर, शुक्रवार 17 जुलाई 2026




हरियाणा सरकार



**विकसित भारत – विकसित हरियाणा**

# श्री नरेन्द्र मोदी

**प्रधानमंत्री**

के कर–कमलों द्वारा

## जींद और सोनीपत के बीच भारत की पहली हाइड्रोजन ट्रेन का शुभारंभ

- पूर्णतः स्वदेशी और हाइड्रोजन फ्यूल सेल तकनीक पर आधारित, जिसमें हाइड्रोजन और हवा से प्राप्त ऑक्सीजन से बनी बिजली से ट्रेन चलती है और केवल जल वाष्प उत्सर्जित होता है
- 3,200 हार्सपावर के साथ दुनिया की सबसे शक्तिशाली हाइड्रोजन ट्रेन
- 10 कोचों के साथ यह दुनिया की सबसे लंबी हाइड्रोजन ट्रेन
- 2,600 यात्रियों की क्षमता के साथ दुनिया की सबसे अधिक यात्री क्षमता वाली हाइड्रोजन ट्रेन

इसके सहित

## लगभग ₹15,000 करोड़ की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास

### गरिमामयी उपस्थिति

**प्रो. असीम कुमार घोष** — राज्यपाल, हरियाणा | **श्री नायब सिंह सैनी** — मुख्यमंत्री, हरियाणा | **श्री नितिन जयराम गडकरी** — केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री | **श्री अश्विनी वैष्णव** — केन्द्रीय रेल मंत्री

**दिनांक - 17 जुलाई, 2026 । समय - प्रातः 9 बजे**
**स्थान - एच.एस.वी.पी. ग्राउंड, सेक्टर-9, जींद, हरियाणा**

DD NEWS डी.डी. न्यूज़ पर होगा सीधा प्रसारण

**दिल्ली-अमृतसर-कटरा एक्सप्रेस-वे** (लागत - लगभग ₹9700 करोड़)
- दिल्ली से कटरा तक का सफर हुआ आसान, अब 14 घंटे की बजाय लगेंगे सिर्फ 6 घंटे
- हरियाणा के झज्जर-सोनीपत-जींद-कैथल जिले एक्सप्रेस-वे से जुड़े

**अम्बाला-काला अम्ब राष्ट्रीय राजमार्ग** (लागत - लगभग ₹1200 करोड़)
- हरियाणा और हिमाचल प्रदेश के बीच संपर्क होगा मजबूत
- उद्योगों का परिवहन समय और लॉजिस्टिक लागत में आएगी कमी
- आमजन को सुरक्षित आवागमन की सुविधा, व्यापार को मिलेगी नई गति

**पंडित नेकी राम शर्मा राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय** (लागत - लगभग ₹600 करोड़)
- भिवानी जिला अस्पताल अपग्रेड होकर बना मेडिकल कॉलेज
- अस्पताल में 630 बिस्तरों की सुविधा
- 100 एमबीबीएस सीटों पर दाखिले उपरांत पढ़ाई हुई शुरू

**जींद-गोहाना राष्ट्रीय राजमार्ग** (लागत - लगभग ₹1600 करोड़)
- जींद से गोहाना की यात्रा 2 घंटे से घटकर हुई केवल 40 मिनट
- किसानों को कृषि उपज मंडियों तक पहुंचाने में होगी सुविधा
- रोहतक-पानीपत-दिल्ली एनसीआर से बेहतर संपर्क

**कुरुक्षेत्र एलिवेटेड रेलवे ट्रैक** (लागत - लगभग ₹400 करोड़)
- सुगम यातायात की सुविधा
- घनी आबादी में स्थित पांच रेलवे फाटक हुए समाप्त
- जाम से परेशान जनता को मिली राहत

**महर्षि च्यवन मेडिकल कॉलेज** (लागत - लगभग ₹900 करोड़)
- 650 बिस्तर वाले अस्पताल से इलाज क्षमता में वृद्धि
- 100 एमबीबीएस सीटों पर दाखिले
- मरीजों के लिए ओपीडी सुविधा शुरू

**सिख संग्रहालय, कुरुक्षेत्र** (लागत - लगभग ₹160 करोड़)
- सिख गुरुओं की विरासत, जीवन और सांस्कृतिक महत्व से युवा पीढ़ी को प्रेरणा

**हांसी-बरवाला राष्ट्रीय राजमार्ग** (लागत - लगभग ₹140 करोड़)
- हिसार और पंचकूला क्षेत्र के बीच सड़क संपर्क होगा बेहतर
- कृषि उत्पादन एवं स्थानीय माल ढुलाई का कार्य होगा किफायती
- स्थानीय रोजगार और आर्थिक गतिविधियों को मिलेगा बढ़ावा

**आप सादर आमंत्रित हैं**



सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा | www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

**स्वेच्छाचारिता के आरोप पर भड़के भूपेश, हुई तीखी नोकझोंक, वित्त मंत्री ने कहा, यह सब पिछली सरकार के समय का प्रोजेक्ट**

# अजय ने सेवाग्राम, बोर्डिंग स्कूल और टेनिस अकादमी पर उठाए सवाल, कहा- सारे काम स्वेच्छाचारिता के लिए हुए

हरिभूमि न्यूजः रायपुर







विधानसभा में नवा रायपुर में करोड़ों की लागत से निर्माणाधीन सेवाग्राम पर भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने सवाल खड़े किए। उन्होंने नवा रायपुर में करोड़ों की लागत से बन रहे बोर्डिंग स्कूल व अंतर्राष्ट्रीय टेनिस अकादमी पर भी प्रश्न चिन्ह लगाया। चर्चा के दौरान अजय चंद्राकर व पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बीच तीखी नोक-झोंक भी हुई। प्रश्नकाल में अजय चंद्राकर ने पूछा, नवा रायपुर विकास प्राधिकरण अंतर्गत नवा रायपुर में सेवाग्राम बनाने का निर्णय कब लिया गया? उसके उद्देश्य क्या हैं? उसके अंतर्गत क्या-क्या कार्य किया जाना है? कितनी राशि का बजट प्रावधान रखा गया है? कितनी राशि किन-किन कार्यों के लिये व्यय की जा चुकी है?

आवास एवं पर्यावरण मंत्री ओपी चौधरी की तरफ से जवाब आया कि नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण अंतर्गत नवा रायपुर में सेवाग्राम बनाने का निर्णय 10 मार्च 2022 को लिया गया। प्रस्तावित सेवा ग्राम का उद्देश्य आजादी की लड़ाई के मूल्यों, सिद्धान्तों व आदर्शों तथा महात्मा गांधी की आत्मनिर्भर राम राज्य की संकल्पना को अक्षुण्य रखने, भावी पीढ़ी को उन मूल्यों की जानकारी देने तथा संस्थान में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने एवं आत्मनिर्भर ग्राम की कल्पना को साकार करने के लिए कारीगरों को प्रशिक्षित करना है। इसके अंतर्गत बायोडायवर्सिटी पार्क, इकोलॉजिकल पॉण्ड, विजिटर सेन्टर प्रेयर हॉल, म्यूजियम, एक्जीबिशन हॉल, लायब्रेरी, स्थानीय क्राफ्ट की दुकानें, एम्पीथियेटर, सेवाश्रम-रिहायशी क्षेत्र यथा प्रशिक्षु निवास, आर्टिस्ट निवास, कॉमन किचन एवं चिकित्सालय, क्लास रूम एवं वर्कशाप, फ्रीडम वॉक एवं राष्ट्र निर्माण प्रक्रिया जैसे कार्य किया जाना है। उक्त कार्यों के लिए वित्तीय वर्ष 2022-23 में 208 करोड़, वित्तीय वर्ष 2023-24 में 60 करोड़, वित्तीय वर्ष 2024-25 में 61 करोड़ का बजट प्रावधान रखा गया। मल्टीपरपज़ डाइनिग हॉल, सामुदायिक किचन एवं प्रसाधन कक्ष के निर्माण में 3 करोड़ 72 लाख का व्यय हुआ है। बायोडायवर्सिटी पार्क, इकोलॉजिकल पॉण्ड, विजिटर सेन्टर प्रेयर हॉल, गैलरी, म्यूजियम, एक्जीबिशन -हॉल/लायब्रेरी, स्थानीय क्राफ्ट की दुकानें, एम्पीथियेटर, सेवाश्रम-रिहायशी क्षेत्र यथा प्रशिक्षु के निवास, आर्टिस्ट के निवास, चिकित्सालय, क्लास रूम एवं वर्कशाप, फ्रीडम वॉक इत्यादि के निर्माण कार्य में 104 करोड़ 5 लाख रुपए का व्यय हुआ है। समस्त निर्माण कार्य पूर्ण हो चुके हैं। सेवा ग्राम के संचालन हेतु सेटअप स्वीकृत नहीं किया गया है।

अजय चंद्राकर ने कहा, पिछली सरकार के समय में लोक धन का कैसा दुरुपयोग हुआ, 700 की क्षमता वाला इंटरनेशनल बोल्डिंग स्कूल, इंटरनेशनल टेनिस अकादमी तथा सेवा ग्राम इसके उदाहरण हैं। टेनिस अकादमी में साढ़े तीन करोड़ खर्च कर दिए गए। राम राज्य की संकल्पना बताते हुए सेवा ग्राम पर 104 करोड़ फूंक दिया गया। वित्त मंत्री ने कहा, यह पिछली सरकार का प्रोजेक्ट है। हम इस पर कुछ कंक्रीट डाक्यूमेंट निकलवाना चाहते थे, जो कि नहीं मिला। कैसे इसका संचालन होगा, डिटेलिंग भी नहीं मिली। समझने की कोशिश की जा रही है कि नाना जी देशमुख एवं श्रीश्री रविशंकर के संस्थानों के कामों को क्या इसका आधार बनाया जा सकता है। फिलहाल कोशिश यही है कि आधा-अधूरा काम कैसे पूरा हो।

चंद्राकर ने कहा, इंटरनेशनल बोर्डिंग स्कूल, अंतर्राष्ट्रीय टेनिस अकादमी एवं सेवा ग्राम पर सवा 1 अरब से ऊपर खर्च कर दिया गया। क्या यह आउटसोर्सिंग के लिए खर्च किया गया? क्या यह अनियमितता की श्रेणी में नहीं आता? वित्त मंत्री ने कहा, यह सब पिछली सरकार के समय का प्रोजेक्ट है। इसका संचालन कैसे हो, चिंताजनक है। जब भी लोक धन का उपयोग हो, नियमों की इस तरह बात आती है। चंद्राकर ने कहा, साफ प्रतीत हो रहा है कि बिना किसी ठोस योजना के 129 करोड़ खर्च कर दिया गया। ये आपके बिजनेस रूल्स में आता है कि नहीं? ये सारे काम स्वेच्छाचारिता के लिए हुए। वित्त मंत्री ने कहा कि तीनों ही काम पिछली सरकार के हैं। पिछली सरकार ने जो भी नियम कानून तय किया रहा होगा, उपलब्ध करा दूंगा।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, यहां कैसे स्वेच्छाचारिता की बात आ रही है। चंद्राकर ने कहा कि आप कैसे स्पष्टीकरण दे रहे हैं। बघेल ने कहा, विधानसभा अध्यक्ष से अनुमति लेकर बोल रहा हूं। आपका ज्यादा ज्ञान दिक्कत पैदा कर देता है। चंद्राकर ने तेज आवाज में कहा, आपके किए का पूरा प्रदेश भुगत रहा है। स्पष्टीकरण क्यों दे रहे हैं। आप बार-बार क्यों खड़े हो जाते हैं। चंद्राकर की इस बात का बघेल ने भी तेज आवाज में जवाब दिया। दोनों के बीच कुछ देर जबरदस्त नोक-झोंक हुई।

# फर्जी ग्रामसभा के प्रस्तावों पर प्लांट की अनुमति, जांच के बाद एफआईआर

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

विधानसभा में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आरोप लगाया कि फर्जी ग्रामसभा के प्रस्तावों के आधार पर ग्राम अल्दा में 'बालाजी स्पंज एवं आयरन लिमिटेड' तथा ग्राम देवरी-घुलघुल में 'अग्रसेन स्टील एंड पावर प्राइवेट लिमिटेड' को प्लांट लगाने की अनुमति दे दी गई। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि इस मामले में थाने में दोषी सरपंच, पंचायत सचिव एवं प्लांट मालिकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की जगह अज्ञात नाम से एफआईआर दर्ज की गई है। उन्होंने मामले में वित्त एवं पर्यावरण मंत्री ओपी चौधरी के सामने कई सवाल खड़े किए। मंत्री के जवाबों से अंसतुष्ट सारे कांग्रेस विधायक ने सदन से वॉकआउट किया।

प्रश्नकाल में भूपेश बघेल का सवाल था कि जनपद पंचायत तिल्दा के ग्राम अल्दा में बालाजी स्पंज एवं आयरन लिमिटेड तथा ग्राम देवरी-घुलघुल में अग्रसेन स्टील एंड पावर प्राइवेट लिमिटेड की स्थापना, विस्तार, पर्यावरण एनओसी या भूमि आबंटन/डायवर्सन हेतु ग्रामसभा प्रस्ताव शासन को मिले? यदि हां, तो कम्पनियों के पक्ष में किस कार्य के लिए किस तिथि को प्रस्ताव प्राप्त हुए? क्या ग्राम अलदा की ग्रामसभा प्रस्ताव में जालसाजी की शिकायत पर सीईओ जनपद पंचायत तिल्दा तथा तहसीलदार की संयुक्त समिति ने जांच की? यदि हाँ, तो जांच प्रतिवेदन के आधार पर कम्पनियों के प्रबंधकों, संलिप्त अधिकारियों व दोषियों के विरुद्ध एफआईआर क्यों दर्ज नहीं कराई गई? सरकार कूटरचित प्रस्तावों के आधार पर जारी समस्त स्वीकृतियां निरस्त कर दोषियों के विरुद्ध कब तक ठोस कार्रवाई करेगी?

## तिल्दा में बालाजी स्पंज आयरन और अग्रसेन स्टील प्लांट एवं पॉवर को मिली थी अनुमति

वित्त एवं पर्यावरण मंत्री ओपी चौधरी की ओर से जवाब आया कि मेसर्स बालाजी स्पंज एण्ड आयरन लिमिटेड ग्राम अल्दा, एवं मेसर्स अग्रसेन स्टील एण्ड पॉवर लिमिटेड ग्राम-देवरी-घुलघुल द्वारा छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल में जल अधिनियम एवं वायु प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण अधिनियम के तहत सम्मति प्राप्त करने आवेदन नहीं किया गया। ग्रामसभा का कोई भी प्रस्ताव छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल को प्राप्त नहीं हुआ है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार जनपद पंचायत तिल्दा के ग्राम अल्दा की ग्राम सभा प्रस्ताव में जालसाजी की शिकायत पर तत्कालीन मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत तिल्दा तथा तत्कालीन नायब तहसीलदार व तत्कालीन तहसीलदार तिल्दा नेवरा की तीन सदस्यीय संयुक्त समिति ने 6 जून 2025 को जांच की। उक्त जांच प्रतिवेदन 30 जून को कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व तिल्दा नेवरा को प्रेषित किया गया। जांच प्रतिवेदन अनुसार ग्रामसभा में अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं दिये जाने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किये जाने तथा कार्यवाही पंजी में अंतिम दो लाइन किसके द्वारा लिखी गई है, इसकी जानकारी किसी को नहीं होने का उल्लेख है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार अनुविभागीय अधिकारी तिल्दा-नेवरा व्दारा ग्राम पंचायत अल्दा के प्राप्त जांच प्रतिवेदन के आधार पर अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध तिल्दा नेवरा थाना में 22 जून 2026 को लिखित में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। थाने में बीएनएस की धारा 318 (4) के तहत प्रकरण दर्ज हुआ। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति जारी नहीं की गई है।

## मंत्री ने माना- गलत ढंग से ग्राम पंचायत से प्रस्ताव पारित हुआ

भूपेश ने पूछा कि जमीन का मामला है। राजस्व, पंचायत, उद्योग होते हुए अंतिम बात आपके पर्यावरण विभाग पर आती है। इसीलिए प्रश्न पर्यावरण मंत्री से है। आपके जवाब में कार्यवाही पंजी में अंतिम दो लाईन किसके व्दारा लिखी गई है, इसकी जानकारी किसी को नहीं होने का उल्लेख है। वास्तविकता यह है कि शिकायत ग्रामीणों की तरफ से हुई थी। मंत्री ओपी चौधरी ने कहा, जैसा कि स्पष्ट है बहुत से विभागों की भूमिका है। पर्यावरण विभाग का दो स्टेज में इन्वालमेंट है। यह स्पष्ट हो चुका है कि कंपनी की तरफ से कोई आवेदन नहीं लगा था। ग्राम पंचायत व्दारा कोई प्रस्ताव नहीं दिया गया था। पंचायत विभाग से जानकारी मांगी गई तो ज्ञात हुआ, गलत तरीके से ग्राम पंचायत से प्रस्ताव पारित हुआ।

भूपेश ने कहा, 6 जून 2025 को जांच हुई। 22 जून 2026 को एफआईआर हुई। यानी एफआईआर में एक साल का समय लग गया। एफआईआर भी अज्ञात के नाम से हुई पुलिस विवेचना कर रही है। पंचायत का पंजीयन रजिस्टर सचिव के पास रहता है।

# देश का पहला ईज ऑफ डूइंग बिजनेस अधिनियम विधानसभा में पारित

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

छत्तीसगढ़ में उद्योग और कारोबार को प्रोत्साहन देने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाया गया है। छत्तीसगढ़ विधानसभा ने आज 'छत्तीसगढ़ ईज ऑफ डूइंग बिजनेस अधिनियम, 2026' पारित कर दिया। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ देश का पहला राज्य बनने जा रहा है, जहां उद्योगों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के लिए जोखिम आधारित एवं विश्वास आधारित बिजनेस परमिशन सिस्टम लागू होगा।

अधिनियम का उद्देश्य उद्योगों एवं कारोबार की स्थापना और संचालन संबंधी प्रक्रियाओं को सरल बनाना, अनावश्यक अनुपालनों को कम करना तथा विशेष रूप से सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के लिए अधिक पारदर्शी, तेज और उद्यम-अनुकूल व्यावसायिक वातावरण तैयार करना है। अधिनियम के तहत उद्योगों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का वर्गीकरण उनके आकार और गतिविधियों की प्रकृति के आधार पर विभिन्न जोखिम श्रेणियों में किया जाएगा। कम जोखिम वाले छोटे कारोबारों को सरल एवं त्वरित मंजूरी मिलेगी, जबकि अधिक जोखिम वाली परियोजनाओं के लिए आवश्यक तकनीकी परीक्षण और समयबद्ध स्वीकृति की व्यवस्था पूर्ववत जारी रहेगी। इससे छोटे कारोबारियों को बड़े उद्योगों जैसी जटिल प्रक्रियाओं से नहीं गुजरना पड़ेगा।

नई व्यवस्था के अंतर्गत कम जोखिम वाले उद्यमों में बार-बार होने वाले विभागीय निरीक्षणों के स्थान पर सेल्फ सर्टिफिकेशन अथवा लाइसेंसधारी अभियंता, आर्किटेक्ट या अन्य अधिकृत पेशेवरों द्वारा प्रमाणन की सुविधा उपलब्ध होगी। इससे अनुमतियों की प्रक्रिया तेज, सरल और अधिक जवाबदेह बनेगी। अधिनियम के तहत हर वर्ष लाइसेंस या अनुमति के नवीनीकरण की अनिवार्यता समाप्त कर जोखिम आधारित अनुमति प्रणाली लागू की जाएगी। इससे उद्यमियों को अनावश्यक औपचारिकताओं से राहत मिलेगी और वे अपने कारोबार के विस्तार एवं संचालन पर अधिक ध्यान दे सकेंगे।

## नए कानून के तहत छोटे व्यापारियों को बड़ी राहत



## अग्निशमन एवं औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन विधेयक पारित

अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा संशोधन विधेयक 2026 और छत्तीसगढ़ औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन संशोधन विधेयक भी पारित कर दिया गया। डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा संशोधन विधेयक को प्रस्तुत किया। जिस पर चर्चा के बाद पारित कर दिया गया। साथ ही उद्योग मंत्री के द्वारा प्रस्तुत दो विधेयकों को पारित किया गया।

### पात्र मामलों में अनुमति स्वतः

एमएसएमई इकाइयों के लिए जल प्रदाय संबंधी अनुमति स्व-घोषणा के आधार पर, सोसायटी अथवा फर्म का पंजीयन समयबद्ध प्रक्रिया से तथा भवन अनुज्ञा सेल्फ सर्टिफिकेशन अथवा अधिकृत विशेषज्ञ के प्रमाण-पत्र के आधार पर प्रदान की जा सकेगी। निर्धारित समय-सीमा में संबंधित विभाग द्वारा निर्णय नहीं लेने की स्थिति में पात्र मामलों में अनुमति स्वतः स्वीकृत (ऑटो अप्रूवल) मानी जाएगी। हालांकि अधिक जोखिम वाली परियोजनाओं में तकनीकी परीक्षण एवं भौतिक निरीक्षण की व्यवस्था यथावत लागू रहेगी।

### 8 विभाग की 43 सेवाएं शामिल

अधिनियम के अंतर्गत राज्य शासन के 8 विभागों द्वारा प्रदान की जाने वाली 43 सेवाओं को जोखिम आधारित अनुमति प्रणाली के दायरे में शामिल किया गया है। आवश्यकता अनुसार कार्यपालिका परिषद की मंजूरी से अतिरिक्त सेवाएं भी इसमें जोड़ी जा सकेंगी। अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए त्रिस्तरीय निगरानी व्यवस्था बनाई गई है। राज्य स्तर पर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित समिति तथा जिला स्तर पर कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित समिति इसके क्रियान्वयन और अनुश्रवण की जिम्मेदारी निभाएगी। दोनों समितियां मुख्यमंत्री की अध्यक्षता वाली परिषद के मार्गदर्शन में कार्य करेंगी।

### उद्यमों को प्रत्यक्ष लाभ

उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने कहा, राज्य के 15 लाख से अधिक सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को इस सुधार से प्रत्यक्ष लाभ मिलने की संभावना है। सरकार का मानना है कि भरोसे, स्व-घोषणा और समयबद्ध सेवाओं पर आधारित यह व्यवस्था कारोबार शुरू करने और संचालित करने में लगने वाले समय एवं लागत को कम करेगी, जबकि अधिक जोखिम वाले क्षेत्रों में प्रभावी निगरानी और परीक्षण की व्यवस्था पहले की तरह जारी रहेगी। 'छत्तीसगढ़ ईज ऑफ डूइंग बिजनेस अधिनियम, 2026' राज्य में पारदर्शी, सरल, पूर्वानुमेय और निवेश-अनुकूल व्यावसायिक वातावरण के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा।

## राशिफल

**मेष** मानसिक शान्ति रहेगी, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**वृष** परिवार का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है। यात्रा पर जाना हो सकता है।

**मिथुन** आत्मविश्वास से लबरेज रहेगें। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। कार्यभार में वृद्धि होगी। वाहन सुख में वृद्धि भी हो सकती है। व्यर्थ की चिंता बढ़ सकती हैं।

**कर्क** क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों कार्यों में सफलता मिलेगी। भाइयों का सहयोग मिलेगा। संयत रहें।

**सिंह** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न भी रहेगा, परन्तु सन्तान के स्वास्थ्य से मन परेशान भी हो सकता है। किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं।

**कन्या** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। स्वास्थ्य का ध्यान भी रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्चों की अधिकता रहेगी।

**तुला** किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार पर ध्यान रखें। कारोबारी कार्यों में कठिनाइयां आ सकती है।

**धनु** आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी रहेगी। संयत रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यर्थ की परेशानी बढ़ सकती हैं।

**मकर** क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। शैक्षिक कार्यों में मनचाही सफलता मिलेगी।

**कुंभ** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। मानसिक शान्ति के लिए प्रयास करें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी।

**मीन** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। पठन-पाठन में रुचि रहेगी, परन्तु शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों की अधिकता रहेगी।

# हाईकोर्ट ने रद्द किया लोक अदालत का फैसला



**बिलासपुर।** हाईकोर्ट के जस्टिस बीडी गुरु की सिंगल बेंच ने स्थाई लोक अदालत के कामकाज और उसकी वैधानिकता को लेकर महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। हाईकोर्ट ने कहा है कि यदि लोक अदालत का गठन कानूनी प्रावधानों के अनुसार पूर्ण नहीं है तो उसके द्वारा पारित किया गया कोई भी अवार्ड अवैध और शून्य माना जाएगा। हाईकोर्ट के सिंगल बेंच ने लोक अदालत के विवादित अवार्ड को निरस्त कर दिया है।

यह मामला कोरबा के अतिरिक्त कलेक्टर प्रदीप कुमार साहू द्वारा दायर याचिका से जुड़ा है। उन्होंने स्थाई लोक अदालत द्वारा 14 दिसंबर 2022 को पारित एक अवार्ड को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। विवाद एक जमीन के मालिकाना हक और मुआवजे से संबंधित था। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने कोर्ट में तर्क दिया कि जिस समय लोक अदालत ने अवार्ड पारित किया, उस समय वह अपनी पूर्ण वैधानिक संरचना के साथ काम नहीं कर रही थी। लोक अदालत में एक सदस्य की अनुपस्थिति थी जिसके चलते अवार्ड एक अधूरे कोरम द्वारा जारी किया गया जो कि लीगल सर्विसेज अथॉरिटीज एक्ट 1987 का सीधा उल्लंघन है। याचिका की सुनवाई जस्टिस बीडी गुरु के सिंगल बेंच में हुई। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने लीगल सर्विसेज अथॉरिटीज एक्ट की धारा 22 बी(2) का उल्लेख करते हुए कहा कि कानून के तहत हर स्थाई लोक अदालत में एक अध्यक्ष जो जिला न्यायाधीश या अतिरिक्त जिला न्यायाधीश स्तर का हो और दो अन्य सदस्य जिन्हें सार्वजनिक उपयोगिता सेवाओं का पर्याप्त अनुभव हो का होना अनिवार्य है। यह प्रावधान निर्देशात्मक नहीं बल्कि अनिवार्य है। यदि सदस्यों की संख्या पूर्ण नहीं है तो उसे फैसला सुनाने का कानूनी अधिकार नहीं है। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा है कि लोक अदालत में केवल अध्यक्ष या अधूरे सदस्यों की बेंच द्वारा किया गया निर्णय क्षेत्राधिकार से बाहर है। हाईकोर्ट ने याचिका को स्वीकार करते हुए 14 दिसंबर 2022 के अवार्ड को खारिज कर दिया है। कोर्ट ने मामले को स्थाई लोक अदालत के पास वापस भेजने का निर्देश दिया है।


# रेलवे भर्ती परीक्षा में मोबाइल लेकर परीक्षा देने पहुंचा परीक्षार्थी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूजःरायपुर

रेलवे भर्ती बोर्ड की ऑनलाइन प्रतियोगी परीक्षा में हाईटेक तरीके से नकल करने की कोशिश करते हुए पुलिस ने महाराष्ट्र के एक परीक्षार्थी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने मोबाइल फोन, आधार कार्ड तथा परीक्षा प्रवेश पत्र जब्ती किया है। छात्र मोबाइल को अपने अंडर गार्मेंट में छिपाकर परीक्षा हाल पहुंचा था। डीडीनगर थाना क्षेत्र के सरोना स्थित आईडीजेड में बुधवार को परीक्षा आयोजित की गई थी।

ऑनलाइन चीटिंग करने के आरोप में पुलिस ने महाराष्ट्र, नागपुर निवासी आफताब को गिरफ्तार किया है। परीक्षार्थी की गतिविधि संदिग्ध पाए जाने पर पर्यवेक्षक, परीक्षार्थी की निगरानी करने लगे। इसके बाद सीसीटीवी कैमरे चेक किए गए। कैमरे में परीक्षार्थी मोबाइल से कंप्यूटर स्क्रीन में लिखे प्रश्नों की फोटो खींचते दिखा। इसके बाद इसकी शिकायत थाने में की गई। पूछताछ में अफताब ने पुलिस को बताया कि उसने मोबाइल ले जाने के लिए डबल अंडर गार्मेंट पहना था। दोनों अंडर गार्मेंट के बीच आरोपी छात्र मोबाइल फंसाकर परीक्षा हाल ले गया था। परीक्षार्थी अपने मंसूबे में कामयाब हो पाता, इसके पहले धरा गया। परीक्षा केंद्र में जैमर लगा होने की वजह से प्रश्न पत्र को परीक्षार्थी जिसे भेजना चाहता था, उसे नहीं भेज पाया। रेलवे भर्ती बोर्ड (आरआरबी) की ऑनलाइन परीक्षा, जिसे सीबीटी (कंप्यूटर आधारित परीक्षा) कहा जाता है, एक डिजिटल प्रक्रिया है। इसमें उम्मीदवारों को पेन-पेपर के बजाय परीक्षा केंद्रों पर कंम्प्यूटर स्क्रीन पर प्रश्नों के उत्तर देने होते हैं। वस्तुनिष्ठ, बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे जाते हैं।

## शब्द पहेली - 6289



**बाएँ से दाएँ**
1.यश प्राप्त करना-5
5.चतुर, जहीन-5
9.दया, तरस-3
10.कामदेव-3
11.लीन, तल्लीन-2
13.बोली, आवाज-2
14.राजदुर्वा-2
15.एक प्रकार का बिस्किट-2,3
18.मत, सलाह-2
19.जो लायक न हो-4
20.अधीनस्थ-4
21.कहानी, गाथा-2
22.श्रवणेंद्रिय-2
23.कुएं से पानी भरने का चबूतरा-4
26.दान देने वाला-4
29.वरदान, दूल्हा-2
30.पत्नी का नाना-2,3
33.सूर्य, दिनकर-2
34.भीगा हुआ-2
35.सुर आलाप-2
36.फूलों का रस,अर्क-3
38.तरंग, हिलोर-3
41.जरूरतमंद-5
42.सेंधमार-5

**ऊपर से नीचे**
1.नामकरण-5
2.टैक्स,हाथ-2
3.महीना, मास-2
4.नामवर, प्रसिद्ध-4
5.संधि, सामंजस्य-4
6.सरुर, नशा-2
7.झंकार-2
8.रमण योग्य-5
12.तगारी, नांद-3
13.सुअर-3
15.अभिमान मर्दित होना -2,3
16.समाप्त-2
17.नेकनीयत-5
23.हनुमान-3,2
24.मुलायम-3
25.उम्मीद, आशा-2
27.बहादुरी-3
28.शिव, रविलोचन-2,3
31.नामचीन-4
32.सुसंचालन-4
36.चेहरे का तेज, दर्प-2
37.रिश्तेदार-2
39.अधिकार-2
40.ईश्वर, भगवान-2

### शब्द पहेली- 6288 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सा | ल | ■ | ब | ला | ■ | य | म | ■ | श | र |
| या | ■ | क | ल | ■ | जो | श | ■ | जा | य | ज |
| ■ | कै | द | ■ | श | र | ■ | का | न | न | ■ |
| न | दी | ■ | खे | मा | ■ | का | त | ना | ■ | जा |
| म | ■ | जा | ल | ■ | का | य | र | ■ | ता | ल |
| ■ | मा | न | ■ | र | म | ल | ■ | का | ला | ■ |
| का | या | ■ | बी | न | ना | ■ | रा | म | ■ | सी |
| र | ■ | क | ह | र | ■ | शो | र | ■ | बा | धा |
| ■ | की | च | ड़ | ■ | सा | ला | ■ | री | त | ■ |
| क | म | रा | ■ | ख | र | ■ | सी | ता | ■ | द |
| म | त | ■ | जी | त | ■ | मा | मा | ■ | दा | म |

## सूडोकु नवताल - 6299

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 5 | | | | | | |
| 3 | | | | | | | | |
| | | | 6 | | | 7 | 4 | |
| 6 | | | 2 | | 4 | | | |
| 1 | | | | | | | | 8 |
| | | | 7 | | 5 | | | 3 |
| | 4 | 7 | | | 1 | | | |
| | | | | | | | | 6 |
| | | | | | | 5 | 2 | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 6298 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 9 | 2 | 6 | 8 | 5 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 6 | 7 | 4 | 5 | 9 | 2 | 3 |
| 7 | 5 | 2 | 3 | 9 | 1 | 6 | 4 | 8 |
| 1 | 7 | 5 | 4 | 2 | 6 | 8 | 3 | 9 |
| 6 | 4 | 3 | 8 | 5 | 9 | 2 | 7 | 1 |
| 2 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 5 | 2 | 1 | 6 | 8 | 7 | 3 | 9 | 4 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 3 | 4 | 1 | 6 | 2 |
| 3 | 6 | 4 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 5 |

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




## श्रद्धालुओं का सैलाब

**पुरी/नई दिल्ली।** देशभर में गुरुवार को रथयात्रा निकाली गई। ओडिशा के पुरी में आयोजित वार्षिक जगन्नाथ रथ यात्रा में भारी बारिश और जलभराव के बावजूद लाखों श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। पुरी में नौ दिनों तक चलने वाली वार्षिक रथ यात्रा की शुरुआत लागातार बारिश और लाखों श्रद्धालुओं की मौजूदगी में 'पहंडी' की रस्म के साथ हुई। 'पहंडी' की रस्म में महाप्रभु भगवान जगन्नाथ, उनके बड़े भाई भगवान बलभद्र और उनकी बहन देवी सुभद्रा के विग्रहों को 12वीं सदी के पुरी मंदिर से रथों तक ले जाया जाता है। घंटियों, शंख और झांझ की ध्वनि के बीच, चक्रराज सुदर्शन को सबसे पहले मुख्य मंदिर से बाहर लाया गया और देवी सुभद्रा के 'दर्पदलन' रथ पर विराजमान किया गया।

# रथ के साथ चला आस्था का समंदर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

देश के साथ छग के प्रमुख शहरों में गुरुवार को भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकाली गई, जहां आस्था का डोर थामे श्रद्धालु साथ चले। रायपुर में ऐतिहासिक पुरानी बस्ती, सदर बाजार के अलावा गायत्री मंदिर से रथ खींचा गया। गायत्री नगर स्थित भगवान श्री जगन्नाथ मंदिर में ▶▶|शेष पेज 6 पर



### श्री गोंचा रथ यात्रा में उमड़ा जन सैलाब

**जगदलपुर।** भगवान श्री जगन्नाथ, देवी सुभद्रा और बलभद्र को 3 अलग अलग रथ में सवार कर गुरुवार को रिमझिम बारिश के बीच शहर का भ्रमण कराया गया। इस दौरान जगन्नाथ मंदिर और सिरहासार के सामने जनसैलाब उमड़ पड़ा। बस्तर महाराजा कमलचंद भंजदेव सहित अनेक जनप्रतिनिधि इस दौरान मौजूद रहे।



### पुरी की तर्ज पर आयोजन

उल्लेखनीय है कि राजधानी रायपुर के गायत्री नगर स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर में प्रतिवर्ष पुरी की विश्वविख्यात रथयात्रा की तर्ज पर यह आयोजन अत्यंत श्रद्धा और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न होता है। छेरा-पहरा की परंपरा इस बात का प्रतीक है कि भगवान के समक्ष सभी समान हैं और सेवा ही सर्वोच्च धर्म है।






### एप का प्रचार और बेटिंग टिप्स देने का आरोप

# महादेव सट्टे के फेर में टीवी होस्ट सैफाली बग्गा भी, ईडी ने की कई घंटे पूछताछ

*ऑनलाइन महादेव सट्टा एप मनी लॉनड्रिंग केस में ईडी ने गुरुवार को चर्चित टीवी होस्ट शेफाली बग्गा से घंटों पूछताछ की। उन पर अपने टेलीग्राम चैनल के माध्यम से एप के प्रचार और बेटिंग टिप्स देने का आरोप है। टीवी होस्ट शेफाली बग्गा से रायपुर स्थित ईडी के जोनल ऑफिस में पूछताछ की गई।*

हरिभूमि फॉलोअप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ईडी ने दावा किया था कि टीवी होस्ट कथित तौर पर बेटिंग ऐप का प्रचार करती और खिलाड़ियों को बेटिंग से जुड़े टिप्स देती नजर आती हैं। ईडी के मुताबिक, शेफाली बग्गा का नाम खंजन जगदीश कुमार ठक्कर से जुड़ा है। जांच एजेंसी का आरोप है कि खंजन ठक्कर भारत में ऑनलाइन बेटिंग एप्स को चलाने और बढ़ावा देने वाले प्रमुख लोगों में शामिल है। जांच में उसे महादेव ऑनलाइन बुक से जुड़े हवाला नेटवर्क का अहम ऑपरेटर भी बताया गया है, जो वित्तीय लेनदेन संभालता था।

**टीवी होस्ट से ईडी ने इन मामलों में पूछताछ की**

- विदेशों में बेटिंग एप्स के संचालन के मामले में
- अवैध वित्तीय लेनदेन के मामले में
- टेलीग्राम चैनल के दुरुपयोग के मामले में
- महादेव ऑनलाइन बेटिंग एप और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में




महादेव सट्टा एप में छह और चार्जशीट
6000 करोड़ का मामला, 66 आरोपी

### टीवी होस्ट पर यह आरोप

ईड के दावों के मुताबिक शेफाली बग्गा विदेशों, खासकर दुबई और लंदन से संचालित होने वाले बेटिंग एप्स का प्रचार करती थीं। जांच के दौरान एजेंसी को ऐसे प्रमोशनल पेज और अन्य डिजिटल सबूत मिले हैं, जिनमें शेफाली कथित तौर पर बेटिंग एप का प्रचार करती और खिलाड़ियों को बेटिंग से जुड़े टिप्स देती नजर आती हैं। जांच एजेंसी ▶▶|शेष पेज 6 पर

### विकास गर्ग से पूछताछ जारी

इधर, दिल्ली से गिरफ्तार कर रायपुर लाए गए कारोबारी विकास गर्ग से उसके वित्तीय लेन-देन के बारे में ईडी ने गुरुवार को घंटों पूछताछ की। उससे महादेव सट्टा एप की रकम को किन किन वित्तीय संस्थानों में कब कब और कितनी राशि निवेश किया है, इस संबंध में पूछताछ की गई। सूत्रों के मुताबिक विकास गर्ग ईडी के सवालों से बचता नजर आया। इसके साथ ही पूछे गए सवालों का गोल मोल जवाब देता आया। कोलकाता के हवाला ▶▶|शेष पेज 6 पर

### पुरी में भगदड़ जैसे हालात

# रथयात्रा में एक श्रद्धालु का दम घुटा, कई घायल

एजेंसी ▶▶| भुवनेश्वर

ओडिशा के पुरी में गुरुवार को रथ यात्रा उत्सव के दौरान कथित भगदड़ जैसी स्थिति में दम घुटने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। हालांकि, अभी तक श्रद्धालु की मौत या भगदड़ जैसी स्थिति की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। पुरी में घटनास्थल पर मौजूद एक श्रद्धालु ने बताया कि मरीचि कुंड चौक के पास या तो बाहरी घेरे की रस्सी की बैरिकेड गिर गई, या कुछ लोग अपना संतुलन खो बैठे और सड़क पर गिर गए। उन्होंने बताया कि उन्होंने लगभग 40 से 50 लोगों को एक-दूसरे के ऊपर गिरते देखा, जिससे कई श्रद्धालु घायल हो गए और चार से पांच को गंभीर चोटें आई हैं। उन्होंने आगे बताया कि उन्होंने लगभग 20 लोगों को बचाया और उन्हें एम्बुलेंस से अस्पताल पहुंचाया, और अब उन्हें पता चला है कि एक बुजुर्ग व्यक्ति की मौत हो गई है।

### 200 मरीज अस्पताल में भर्ती

इसके अलावा, सूत्रों ने यह भी दावा किया कि गुरुवार को श्रद्धालुओं की अभूतपूर्व भीड़ और लगातार बारिश के बीच घुटन और अलग-अलग चोटों की शिकायत करने वाले लगभग 200 लोगों को अब तक पुरी के अस्पतालों और अस्थायी स्वास्थ्य सुविधाओं में भर्ती कराया गया है।

## खबर संक्षेप

### अमरनाथ के लिए 5000 से अधिक श्रद्धालु रवाना

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर में वार्षिक अमरनाथ यात्रा के लिए कड़ी सुरक्षा के बीच, 5,000 से अधिक श्रद्धालुओं का 15वां जत्था गुरुवार को जम्मू से दो आधार शिविरों के लिए रवाना हुआ। अब तक 3.25 लाख से अधिक तीर्थयात्री 3,880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित गुफा मंदिर में पूजा-अर्चना कर चुके हैं। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल और पुलिस की सुरक्षा में 251 गाड़ियों के काफिले में 5,201 तीर्थयात्रियों का नया जत्था रवाना हुआ।

### डंपर ने दो लोक नाट्य कलाकारों को कुचला

**भदोही।** उत्तर प्रदेश के भदोही जिले में ईंटों से लदे एक डंपर ने खड़ी मोटरसाइकिल को टक्कर मारने के बाद दो लोगों को कुचल दिया। इस घटना में दोनों व्यक्तियों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान बाबू नारायण गौतम (55) और सीता राम उर्फ जुगनू (30) के रूप में हुई है, दोनों दुर्गागंज थाना क्षेत्र के गदौरा बाजार के निवासी थे। हादसा बुधवार रात करीब नौ बजे दुर्गागंज थाना क्षेत्र के श्रीपुर गांव के पास हुआ, जब जौनपुर जिले के जंघई से मध्य प्रदेश की ओर जा रहे डंपर ने पहले एक खड़ी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी।

### 1.37 लाख एमबीबीएस सीट को दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** नए मेडिकल कॉलेजों के खुलने और मौजूदा कॉलेजों में सीट बढ़ने से वर्ष 2026-27 के शिक्षण सत्र के लिए देश में एमबीबीएस की 1,36,939 सीट उपलब्ध होंगी। एनएमसी के 'मेडिकल असेसमेंट एंड रेटिंग बोर्ड' ने उपलब्ध सीट का आधिकारिक विवरण जारी किया। पिछली बार मंजूर की गई 1,27,028 सीट की तुलना में इस बार एमबीबीएस की सीट संख्या में बढ़ोतरी हुई है।

### मामा के घर जा रहा था परिवार, रास्ते में उजड़ गई चार जिंदगियां, एक घायल

# एक ही स्कूटी पर सवार दो सगी बहनों और 2 मासूम बच्चों की भीषण हादसे में मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दुर्ग जिले से एक बेहद दर्दनाक खबर सामने आई है। कुम्हारी थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुए भीषण सड़क हादसे में दो सगी बहनों और उनके दो मासूम बच्चों की मौत हो गई, जबकि एक 8 वर्षीय बालक गंभीर रूप से घायल है। उसका इलाज रायपुर एम्स में चल रहा है। सभी पांच लोग एक ही स्कूटी में सवार थे। हादसा इतना भीषण था कि चारों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई।



पुलिस के अनुसार, भिलाई-3 निवासी अमृत निर्मलकर अपनी बहन और बच्चों के साथ स्कूटी से रायपुर के बसंत विहार स्थित मामा के घर जा रही थीं। इसी दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग पर ऑक्सीजन सिलेंडरों से लदे खड़े ▶▶|शेष पेज 6 पर

### ट्रेक्टर के पीछे घुसी

छावनी सीएसपी के अनुसार, स्कूटी पर एक साथ पांच लोग सवार थे। किसी ने भी हेलमेट नहीं पहना था और स्कूटी तेज रफ्तार में चल रही थी। प्रारंभिक जांच के मुताबिक, राष्ट्रीय राजमार्ग पर ऑक्सीजन सिलेंडर से लदे खड़े ट्रैक्टर के पीछे स्कूटी सीधे जा घुसी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दो सगी बहनों और उनके दो मासूम बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक बच्चा घायल है।






### मस्तिष्क में आंतरिक रक्तस्राव के बाद भर्ती किया गया था एम्स में

# ब्रेन डेड के बाद 59 वर्षीय आश्विन दे गए 67 वर्षीय बुजुर्ग को नया जीवन

*बुजुर्ग को किडनी देकर बचाई गई जान, यह इस वर्ष का 15वां अंगदान*

हरिभूमि सरोकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ब्रेन डेड घोषित किए जा चुके 59 वर्षीय आश्विन के अंगदान ने 67 वर्षीय एक बुजुर्ग को नया जीवन प्रदान किया। आश्विन कुमार राठौर अपने परिवार के पांच सदस्यों के साथ रायपुर के देवेंद्र नगर में निवास करते थे तथा क्राफ्ट व्यवसाय से जुड़े हुए थे। वे अपने सरल स्वभाव, ▶▶|शेष पेज 6 पर





### प्रत्यारोपण टीम में ये रहे शामिल

अंगदान की इस संपूर्ण प्रक्रिया को सफल बनाने में एम्स रायपुर की विभिन्न विशेषज्ञ टीमों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यूरोलॉजी विभाग से डॉ. अमित शर्मा, डॉ. दीपक बिस्वाल, डॉ. सत्यदेव शर्मा एवं डॉ. राघवेंद्र, नेफ्रोलॉजी विभाग से डॉ. नीलम देवी मरावी, एनेस्थीसिया टीम से डॉ. शेफाली सहित प्रत्यारोपण समन्वयक विशोक एन, विनीता पटेल एवं अंबे पटेल ने उल्लेखनीय योगदान दिया।

### परिवार ने लिया निर्णय

श्री राठौर का पूरा जीवन सेवा में बीता। ऐसे में परिवार ने उनके जाने के बाद भी यह सिलसिला जारी रखने का निर्णय लिया। इस कठिन समय में उनके परिवार ने अत्यंत साहस और संवेदनशीलता का परिचय देते हुए बुधवार शाम अंगदान के लिए अपनी सहमति प्रदान की। परिवार के इस निर्णय के फलस्वरूप आश्विन कुमार राठौर की किडनी का सफल प्रत्यारोपण एक 67 वर्षीय बुजुर्ग मरीज में किया गया, जिससे उन्हें नया जीवन मिलने की उम्मीद जगी। चिकित्सीय ▶▶|शेष पेज 6 पर

चिंतन

# रथयात्रा में कुशल प्रबंधन के साथ सतर्कता जरूरी

ओडिशा के पुरी में जगन्नाथ रथयात्रा के दौरान भगदड़ में एक महिला की मौत और 100 से अधिक लोगों का घायल होना एक ताजा खबर है, लेकिन हम लोग ऐसी खबरें लगातार सुनते रहते हैं। इन बड़े आयोजनों में अक्सर ऐसी दुर्घटनाएं होती रहती हैं। लोगों की श्रद्धा को देखते हुए यह तो नहीं कहा जा सकता कि ऐसे आयोजनों में नहीं जाएं, लेकिन ऐसे कार्यक्रमों में जाते समय सावधानी और सतर्कता जरूरी है। धार्मिक आस्था भारत की सबसे बड़ी सामाजिक शक्ति है। हर वर्ष करोड़ों श्रद्धालु विभिन्न तीर्थस्थलों, मेलों और धार्मिक जुलूसों में भाग लेते हैं। जब श्रद्धा के साथ सुव्यवस्थित प्रबंधन नहीं जुड़ता, तब यही आयोजन बड़े हादसों का कारण बन जाते हैं। पुरी की ताजा घटना एक बार फिर यही संदेश देती है कि भीड़ प्रबंधन केवल प्रशासनिक औपचारिकता नहीं, बल्कि जीवन बचाने की पहली शर्त है। पुरी में भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा के दौरान पहाड़ी रस्म के समय अचानक बड़ी संख्या में श्रद्धालु रथों के करीब पहुंचने लगे। वॉलेंटियर भीड़ को नियंत्रित करने का प्रयास कर रहे थे, लेकिन धक्का-मुक्की के कारण भगदड़ जैसे हालात बन गए। इस हादसे में एक श्रद्धालु की मौत हो गई, जबकि 100 से अधिक लोग घायल या बेहोश हो गए। तेज बारिश के बावजूद लगभग 10 लाख श्रद्धालु यात्रा मार्ग पर मौजूद थे। यह घटना बताती है कि केवल सुरक्षा बलों की तैनाती पर्याप्त नहीं होती, बल्कि भीड़ के प्रवाह को वैज्ञानिक तरीके से नियंत्रित करना भी उतना ही आवश्यक है। दुर्भाग्य से यह कोई पहली घटना नहीं है। मार्च 2026 में बिहार शरीफ के माता शीतला मंदिर में अष्टमी मेले के दौरान भगदड़ में आठ महिलाओं की जान चली गई थी। फरवरी 2025 में नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर महाकुंभ के लिए प्रयागराज जाने वाली ट्रेनों का इंतजार कर रही भीड़ अनियंत्रित हो गई, जिसमें 18 लोगों की मौत हो गई। जुलाई 2024 में उत्तर प्रदेश के हाथरस में आयोजित एक सत्संग में मची भीषण भगदड़ ने 100 से अधिक लोगों की जान ले ली। ये घटनाएं अलग-अलग स्थानों की जरूर हैं, लेकिन इनकी वजह लगभग एक जैसी रही अनियंत्रित भीड़, अपर्याप्त प्रबंधन और समय रहते प्रभावी हस्तक्षेप का अभाव। हर बड़े धार्मिक आयोजन से पहले प्रशासन को केवल सुरक्षा व्यवस्था तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि व्यापक आपदा प्रबंधन योजना भी तैयार करनी चाहिए। श्रद्धालुओं की संख्या का वास्तविक आकलन, प्रवेश और निकास के अलग-अलग मार्ग, बैरिकेडिंग, सीसीटीवी निगरानी, सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली और प्रशिक्षित स्वयंसेवकों की पर्याप्त तैनाती जैसे कदम अनिवार्य होने चाहिए। भीड़ को चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ाना और एक स्थान पर अत्यधिक लोगों के एकत्र होने से रोकना सबसे प्रभावी उपायों में शामिल है। हालांकि केवल प्रशासन पर जिम्मेदारी डालकर समस्या का समाधान नहीं होगा। श्रद्धालुओं की भी समान जिम्मेदारी है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें, धक्का-मुक्की से बचें, प्रशासन और स्वयंसेवकों के निर्देशों का पालन करें। थोड़ी-सी असावधानी सैकड़ों परिवारों की खुशियां छीन सकती है। हर हादसे के बाद जांच समितियां बनती हैं, मुआवजे की घोषणाएं होती हैं और भविष्य में सुधार के वादे किए जाते हैं, लेकिन यदि इन सिफारिशों को धरातल पर लागू नहीं किया गया तो ऐसी घटनाएं दोहराई जाती रहेंगी। सरकारों की संवेदनशीलता पर सवाल नहीं उठाया जा सकता, लेकिन सुरक्षा प्रबंधन की निरंतर समीक्षा और जवाबदेही तय करना भी उतना ही जरूरी है।



अर्थव्यवस्था

डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# ईरान युद्ध से बढ़ी आर्थिक चुनौतियां

अमेरिका-ईरान सैन्य टकराव और होर्मुज स्ट्रेट के बंद होने से कच्चे तेल के दाम तेजी से बढ़ने लगे हैं। महंगाई और बाजार जोखिमें बढ़ गई हैं। बढ़ते आयातों के कारण भारत का व्यापार घाटा चिंता का विषय बन गया है। हाल ही में जारी आंकड़ों के अनुसार देश का व्यापार घाटा जून में पिछले 5 महीनों के उच्चतम स्तर 30.43 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। इस समय एक और बड़ी चिंता अमेरिका की ओर से आते हुए दिखाई दे रही है। अमेरिका में दोनों दलों के सीनेटरों के एक समूह ने रूस पर प्रतिबंध विधेयक का संशोधित मसौदा पेश किया है, जिसमें रूस के कच्चे तेल एवं गैस के पांच सबसे बड़े खरीदारों पर 100 प्रतिशत शुल्क लगाने का प्रस्ताव है। इन पांच खरीदारों में भारत भी शामिल है।

इन दिनों अमेरिका- ईरान सैन्य टकराव और होर्मुज स्ट्रेट के बंद होने से कच्चे तेल के दाम तेजी से बढ़ने लगे हैं। महंगाई और बाजार जोखिमें बढ़ गई हैं। बढ़ते आयातों के कारण भारत का व्यापार घाटा चिंता का विषय बन गया है। हाल ही में जारी आंकड़ों के अनुसार देश का व्यापार घाटा जून में पिछले 5 महीनों के उच्चतम स्तर 30.43 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। इस समय एक और बड़ी चिंता अमेरिका की ओर से आते हुए दिखाई दे रही है। 15 जुलाई को अमेरिका में दोनों दलों के सीनेटरों के एक समूह ने रूस पर प्रतिबंध विधेयक का संशोधित मसौदा पेश किया है, जिसमें रूस के कच्चे तेल एवं गैस के पांच सबसे बड़े खरीदारों पर 100 प्रतिशत शुल्क लगाने का प्रस्ताव है। इन पांच खरीदारों में भारत भी शामिल है। ऐसे में एक बार फिर वैश्विक अर्थव्यवस्था के साथ भारतीय अर्थव्यवस्था पर भी प्रतिकूल असर की चुनौती है।

एशियाई विकास बैंक ( एडीबी) के द्वारा जारी हालिया रिपोर्ट में कहा गया है कि पश्चिम एशियाई संकट और लॉजिस्टिक कीमतों में बढ़ोतरी का भारत की विकास दर पर प्रतिकूल असर होगा। ऐसे में एडीबी ने भारत के लिए इस वित्त वर्ष 2026-27 के लिए पूर्व में निर्धारित की गई 6.9 प्रतिशत विकास दर को घटाकर 6.6 प्रतिशत कर दिया है। इसी तरह अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने अपनी रिपोर्ट में वर्ष 2026-27 के लिए भारत की विकास दर का अनुमान घटाकर 6.4 प्रतिशत कर दिया है। आईएमएफ का मानना है कि ऊर्जा की ऊंची कीमतें भारत में आर्थिक चुनौतियां बढ़ा सकती हैं। हालांकि इस समय भारत आपूर्ति चुनौतियों से निपटने के लिए पहले से बेहतर स्थिति में है, फिर भी चालू वित्त वर्ष में देश की आर्थिक विकास दर को 7 प्रतिशत तक ले जाने के लिए रणनीतिपूर्वक नए आर्थिक उपायों के साथ आगे बढ़ना होगा। पिछले वित्त वर्ष 2025-26 में भारत ने 7.7 प्रतिशत की शानदार दर से वृद्धि दर्ज की थी, जो कि 2024-25 की 7.1 प्रतिशत की दर से काफी बेहतर थी। निसंदेह इस समय वैश्विक आर्थिक चुनौतियों और घरेलू आर्थिक मुश्किलों के बीच-बीच अर्थव्यवस्था को गतिशील रखना और विकास दर बढ़ाना चुनौती है। उल्लेखनीय है कि सरकार इन आर्थिक चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए रणनीतिपूर्वक आगे बढ़ते हुए दिखाई भी दे रही है। हाल ही में 15 जुलाई को केंद्रीय कैबिनेट ने आयात घटाने और आत्मनिर्भर भारत को बढ़ावा देने के लिए 2.19 लाख करोड़ रुपये से अधिक के फैसलों को मंजूरी दी है। देश की उर्वरक आयात पर निर्भरता कम करने के लिए फैसले को मंजूरी मिली है। इसके तहत नए गैस-आधारित यूरिया संयंत्रों के लिए घरेलू निवेश को आकर्षित किया जाएगा। चिप और इलेक्ट्रॉनिक्स मिशन के तहत इलेक्ट्रॉनिक्स और चिप के भारी आयात को कम करने के लिए 1.27 लाख करोड़ रुपये के बजट के साथ इस मिशन के दूसरे चरण को मंजूरी दी गई है, ताकि देश को वैश्विक केंद्र बनाया जा सके। मोबाइल फोन निर्माण अभियान के तहत विदेशी फोन पर निर्भरता खत्म करने के लिए 62,500 करोड़ रुपये की योजना स्वीकृत की गई है।

अभी आर्थिक चुनौतियों के चक्रव्यूह से निकलने के लिए सरकार को 'सुधार, प्रदर्शन और परिवर्तन' के मंत्र को और अधिक रणनीतिक ढंग से उपयोग में लाना



होगा। वैश्विक झटके और तेल की बढ़ती कीमतों के बीच भारत को अपनी समष्टि-आर्थिक स्थिरता बनाए रखने के लिए अपनी रणनीतियों में बदलाव करना होगा। तेल की वैश्विक कीमतों में फिर से आए उछाल के कारण भारतीय रिजर्व बैंक के सामने असमंजस की स्थिति पैदा हो गई है। केंद्रीय बैंक को अब महंगाई को नियंत्रण में रखने के साथ-साथ विकास की गति को थमने से बचाना होगा। वैश्विक संकट के समय निजी निवेश में सुस्ती आना स्वाभाविक है। ऐसे में आर्थिक गतिविधियों को सहारा देने के लिए सरकार को अपने पूंजीगत व्यय को लक्ष्य के अनुरूप तेजी से कारगर बनाना होगा।

बुनियादी ढांचा परियोजनाओं-जैसे रेलवे, राष्ट्रीय राजमार्ग, नए बंदरगाहों और लॉजिस्टिक्स नेटवर्क में निवेश को प्राथमिकता देनी होगी। बुनियादी ढांचे में सरकारी निवेश बढ़ने से इस्पात, सीमेंट और निर्माण जैसे मुख्य क्षेत्रों में मांग बनी रहती है, जिससे ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर नए रोजगार पैदा होते हैं और अर्थव्यवस्था का चक्र घूमता रहता है। वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में नए सिरे से व्यवधान आने की आशंका को देखते हुए भारत को घरेलू विनिर्माण पर अपनी निर्भरता बढ़ानी होगी। उत्पादन-आधारित प्रोत्साहन योजनाओं का दायरा बढ़ाकर उन क्षेत्रों को शामिल करना चाहिए जो आयात पर अत्यधिक निर्भर हैं। भारत को अपनी निवेश नीतियों को और अधिक सरल बनाकर वैश्विक कंपनियों को आकर्षित करना होगा। अब बढ़ती आर्थिक चुनौतियों के बीच मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) को भी ढाल बनाना होगा। अप्रैल-मई 2026 में भारत का निर्यात पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले लगभग 15 प्रतिशत बढ़ा है। वैश्विक अनिश्चितता के इस दौर में भारत द्वारा तेजी से बढ़ाए जा रहे 'मुक्त व्यापार समझौते' नए बाजार खोलने में क्रांतिकारी बदलाव लाने वाले साबित हो रहे हैं। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के अनुसार, भारत आगामी 10 महीनों में 9 नए व्यापार समझौतों को धरातल पर उतारने की तैयारी में है। उल्लेखनीय है कि 15 जुलाई का दिन भारत और ब्रिटेन के आर्थिक एवं व्यापारिक इतिहास में एक स्वर्णिम दिन के रूप में दर्ज हो गया है। इस दिन दोनों देशों के बीच लंबे समय से प्रतीक्षित और कई दौर की बेहद जटिल वार्ताओं के बाद तैयार किया गया ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौता ( एफटीए) लागू हुआ है, जिसे व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौता ( सीटा) कहा गया है। यह कोई छोटी बात नहीं है कि जिस ब्रिटेन ने कभी भारत पर लंबे समय तक शासन किया था, उसी ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था का आज भारत एक बड़ा रणनीतिक साझेदार बन गया है।

यह मुक्त व्यापार समझौता ऐसे समय में लागू हुआ है, जब वैश्विक अर्थव्यवस्था पश्चिम एशिया संघर्ष और भू-राजनीतिक तनावों के दौर से गुजर रही है। ऐसे में भारत और ब्रिटेन का एक साथ आना दोनों देशों के आर्थिक परिदृश्य को बदलने की क्षमता रखता है। वर्तमान में भारत और ब्रिटेन के बीच वस्तुओं तथा सेवाओं का कुल सालाना व्यापार 55 से 60 अरब डॉलर मूल्य का है, जिसे वर्ष 2030 तक 100 अरब डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य रखा गया है। उम्मीद करें कि अब न्यूजीलैंड और यूरोपीय संघ के साथ एफटीए शीघ्र कार्यान्वित होगा। सरकार महंगाई नियंत्रण और सात प्रतिशत विकास दर के लक्ष्य को पाने के मद्देनजर नए सरल श्रम कानूनों के परिपालन, मुक्त व्यापार समझौतों के प्रभावी क्रियान्वयन, विशाल घरेलू बाजार की ताकत, नीतिगत सुधारों, बुनियादी ढांचे पर अधिक सरकारी खर्च, खेती- किसानी को प्रभावी सहारा देने के साथ-साथ पेट्रोलियम पदार्थों व जरूरी वस्तुओं की उपयुक्त आपूर्ति की राह पर रणनीतिपूर्वक आगे बढ़ेगी।

( लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

मानसून

योगेश कुमार सोनी



# महानगरों में जल-भराव के लिए बने रणनीति

हाल ही के दिनों में देशभर में वर्षा आ रही है। कई जगह बेहद प्रभावित हुई हैं। महानगरों के संदर्भ में बात करें तो हालात बेहद खराब हैं और इस बार राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की स्थिति सबसे ज्यादा बेकार है। दिल्ली यमुना नदी खतरे से प्रभावित हो रही है। दिल्ली व मुंबई के कई इलाके इतने जलमग्न हैं कि लोगों के घरों में पानी घुस चुका है और वे बहुत कठिनाइयों के साथ समय निकाल रहे हैं। कोई रिश्तेदार के जा रहा है तो कोई होटल में रुका है और जिसकी आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है, वह सड़कों पर डेरा डाले हुए है। दिल्ली को कनेक्ट करने वाले मुख्य मार्ग आईटीओ, लाल किला और रिंग रोड पर भी पानी भरने से दिल्ली पूरी तरह ठप हो गई । राजधानी होने की वजह से एक दिन में ही बहुत बड़ा आर्थिक नुकसान होता है। बहरहाल, यमुना में बाढ़ का विशेष कारण हथिनी कुंड बैराज से छोड़ा गया पानी बताया जाता है। हालांकि इस मामले में सभी राजनीतिक दल एक-दूसरे पर आरोप मढ़ते दिख रहे हैं। इस मामले पर राजनीतिक बयानबाज़ी जारी है। इस तरह के बयान जनता को बेवकूफ बनाने या पल्ला झाड़ने तक को सही है लेकिन यदि इसकी सच्चाई को देखें तो इन दोनों पार्टियों में से किसी एक ने भी इस ओर जरा सा भी काम नहीं किया। चूंकि स्पष्ट है कि हथिनी कुंड बैराज को अपग्रेड करने की बात हो रही है, लेकिन इस ओर एक कदम भी नही बढ़ा। वहीं दूसरी ओर दिल्ली से यूपी व हरियाणा जाने का सारा रास्ता अवैध प्रॉपर्टियों से बाधित है जिस पर कोई न कुछ कहता है और न ही कुछ करता है। कुल मिलाकर हालात यह हैं कि दिल्ली वालों को अपनी जान व माल की रक्षा व सुरक्षा स्वयं करनी पड़ रही है। इस बार भी देख लिया कि बाढ़ से निपटने की हमारे पास कोई व्यवस्था नही है। कोई भी ऐसा तंत्र या सिस्टम नहीं है जो आकस्मिक स्थिति में लोगों को बचा सके। दिल्ली के सबसे बड़े श्मशान घाट निगमबोध में लोग अपनों की चिता भी नहीं जला पा रहे हैं। चूंकि बाढ़ के पानी से पूरा घाट डूब चुका है, वहीं अस्पतालों में पानी भरने के कारण मरीजों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। दिल्ली की स्थिति को तकनीकी से समझा जाए तो विशेषज्ञों के अनुसार लगभग 20 किलोमीटर की नदी पर पुल के निर्माण के कारण पानी का प्रवाह रुकता है। यमुना में वजीराबाद से ओखला तक बीस से अधिक पुल 20 किलोमीटर के दायरे में आए पानी के बहाव को बाधित करते हैं। इससे नदी के तल में गाद जमा हो जाती है और रेतीले चट्टानों का निर्माण हो जाता है। यमुना के जलस्तर में बड़े स्तर पर बढ़ने का एक प्रमुख कारण गाद जमना है जिसके कारण पानी में ठहरावट कम हो जाती है और गति बढ़ जाती है। इस वजह से पानी एकदम प्रवाह में आकर अपना रौद्र रूप धारण कर लेता है। इसके अलावा दिल्ली में अपनी क्षमता से अधिक प्रॉपर्टी बन गई रही है जिसकी वजह से पानी की के ठहरने व बहने की जगह खत्म होती जा रही है। हालात यह है कि लोगों ने दिल्ली नगर निगम व सभी संबंधित विभागों से मिलकर तालाब, जोहड़ व अन्य सभी सरकारी खाली जगहों पर बिल्डिंग बना लीं जिससे स्थिति यह है कि दिल्ली में एक इंच जगह भी नहीं बची। नोएडा से दिल्ली जाने वाले डीएनडी एक्सप्रेस-वे पर खादर पर लोगों ने चार मंजिला इमारतें बना ली। सबको यह भलि-भांति पता है कि यह खादर की जगह है और यहां बाढ़ या थोड़ा सा भी पानी का स्तर बढ़ जाने पर जान-माल का खतरा हो सकता है। फिर भी विभागों की मिलीभगत से खुलेआम हर रोज कई प्रॉपर्टी बन जाती हैं। इसके अलावा महानगरों में जंगल के नाम पर कुछ नहीं बचा और जनसंख्या वृद्धि की वजह से जंगलों का विनाश लगातार जारी है। हम इस बात से जानकर भी अंजान बने हुए हैं कि पेड़ हमारी जिंदगी के पर्यायवाची है। जैसा कि हम यह बात बचपन से पढ़ते व समझते आ रहे हैं कि पेड़ों से हमें ऑक्सीजन मिलती है, जो इंसान की जिंदगी के लिए बेहद जरूरी है, लेकिन हम इस बात को शायद विनाश के बाद ही समझ पाएंगे। दुष्परिणाम अब लगातार देखने को मिल रहे हैं। जंगल, तालाब, झील व अन्य सभी प्राकृतिक स्त्रोत प्रकृति की सबसे बड़ी देन मानी जाती है। एक रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया में हर साल एक करोड़ हेक्टेयर इलाके के वन काटे जा रहे हैं। अकेले भारत में 10 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में फैले जंगल कट रहे हैं। इस वजह से हर देश के हर राज्य का मौसम प्रभावित होने लगा है। शहरीकरण के लालच व विकास की भूख ने हमारे जीवन से हरियाली को खत्म कर दिया। यदि इस मामले को लेकर शासन-प्रशासन समय से नहीं जागा तो आने वाला समय बेहद खतरनाक व चिंताजनक हो जाएगा, चूंकि प्राकृतिक आपदा संभलने का मौका बार-बार नहीं देती है।

( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## लक्ष्य की प्राप्ति के लिए आवश्यक है समर्पण



संकलित
दर्शन

समर्पण प्रत्येक प्राणी के लिए अत्यंत आवश्यक भाव है। यही वह भाव है जिसके माध्यम से हम अपने आत्मीय जनों के प्रिय बन सकते हैं। यह स्मरण रहे कि राग, द्वेष, घृणा तथा स्वार्थ का त्याग किए बिना समर्पण की कल्पना व्यर्थ है। हमारे जीवन के प्रत्येक पहलू में समर्पण का भाव आवश्यक है। समर्पण हमारे लौकिक एवं पारलौकिक दोनों जीवन की उन्नति के लिए आवश्यक है। संबंधों में मधुरता के लिए हमें परस्पर समर्पण भाव रखते हुए रिश्तों का निर्वहन करना होता है। स्वार्थ की दृष्टि से बनाए गए रिश्ते अल्पावधि के उपरांत समाप्त हो जाते हैं। इसी प्रकार लक्ष्य की प्राप्ति के लिए भी समर्पण भाव का होना अत्यंत आवश्यक है। जब हम अपने संपूर्ण समर्पण के साथ लक्ष्य प्राप्ति के लिए समर्पित हो जाते हैं, तब कोई भी लक्ष्य हमसे दूर नहीं रहता। समर्पण के साथ-साथ विश्वास का होना भी आवश्यक है। जिस प्रकार एक बीज धरती में रोपित किया जाता है, तो वह संपूर्ण रूप से खुद को धरती मां की गोद में समर्पित कर देता है। तभी उसमें विकास के नए अंकुर फूट पड़ते हैं। भास्कर की किरणों उसे शक्ति प्रदान करती हैं। पवन की शीतलता उसे दुलारती है। मेघ उसका अभिसिंचन करते हैं। इस प्रकार उसे संपूर्ण प्रकृति का सहयोग एवं साहचर्य मिलने लगता है। उसके बाद वह धीरे-धीरे एक संपूर्ण वृक्ष का आकार ले लेता है। एक ऐसे वृक्ष का, जिसके आश्रय में तमाम प्राणी शीतलता प्राप्त करते हैं। यही नहीं, वह वृक्ष सैकड़ों बीजों के जनक होने का गौरव भी प्राप्त करता है।

## हमारी लालसाएं और वृत्तियां नहीं बदलती



संकलित
प्रेरणा

एक पेड़ पर दो बाज रहते थे। दोनों अक्सर एक साथ शिकार की तलाश में निकलते और जो भी पाते, उसे शाम को मिल-बांट कर खाते। एक दिन दोनों शिकार के लिए निकले, तो एक को एक सांप मिला और दूसरे को एक चूहा। अपना-अपना शिकार चोंच में दबाए दोनों पेड़ पर वापस लौटे। दोनों ने अपना शिकार पकड़ा था और उन्हें बस चोंच में दबा रखा था, इसलिए साँप और चूहा- दोनों ही शिकार तब तक जीवित थे। सांप, चूहे का स्वादिष्ट भोजन पाने के लिए जीभ लपलपाने लगा और चूहा सांप के प्रयत्नों को देखकर अपने ही शिकारी बाज के डैनों में छिपने का उपक्रम करने लगा। दूसरे ने उससे पूछा, दोस्त! यह दार्शनिकों की तरह किस चिंतन में डूब गए? पहले बाज ने अपने पकड़े हुए सांप की ओर संकेत करते हुए कहा, देखते नहीं यह कैसा मूर्ख प्राणी है। जीभ की लिप्सा के आगे इसे अपनी मौत का विस्मरण हो रहा है। तब दूसरे बाज ने अपने चूहे की ओर देखते हुए कहा, यह भी तो उतना ही नासमझ है। भय इसे प्रत्यक्ष मौत से भी अधिक डरावना लगता है। पता है कि अगले ही पल मेरा निवाला बनने वाला है, तब भी साँप को देख कर मेरे डैनों में छुपने की कोशिश कर रहा है। वहीं पेड़ के नीचे एक मुसाफिर बैठा सुस्ता रहा था। उसने दोनों बाजों की बात सुनी और सोचने लगा, हम मनुष्यों की दशा भी इसी सांप और चूहे की तरह है। अंतिम क्षणों तक जीवन की आशा नहीं छूटती और न हमारी लालसाएं और वृत्तियां ही बदलती हैं।

अंतर्मन




आज की पाती

### एथेनॉल का प्रयोग कितना जरूरी?

देश को ईंधन के मामले में आत्मनिर्भर बनाने और पर्यावरण संरक्षण के लिए वाहनों के लिए एथेनॉल का प्रयोग करना जरूरी है, लेकिन विपक्ष, कुछ राजनीतिक दल और अन्य लोग इस ईंधन का विरोध भी कर रहे हैं। ऐसे विरोधियों को इन बातों पर गंभीरता से विचार करना चाहिए, जैसे कि अमरीका और ईरान के बीच फिर से युद्ध छिड़ गया है, इसलिए हो सकता है कि देश में पेट्रोल और डीजल के लिए सरकार कुछ और नियम तय कर दे या फिर से यह चीजें महंगी हो जाएं। कुछ समय पहले कनाडा यूनिवर्सिटी ऑफ क्यूबेक के जैव रसायन प्रोफेसर एवं वैज्ञानिक मार्क ब्यूरेगार्ड ने बताया था कि धरती पर वर्ष 2070 तक पेट्रोल-डीजल खत्म हो जाएगा। इसलिए पेट्रोल और डीजल का संरक्षण जरूरी है।

*-शरद जोशी, बिलासपुर*

ट्रेंड

### भगवान जगन्नाथ यात्रा



भगवान जगन्नाथ की पवित्र रथ यात्रा के अवसर पर, मेरी कामना है कि उनका आशीर्वाद हम सभी पर सदैव बना रहे। उनकी दिव्य कृपा हमारे सभी देशवासियों के जीवन में नई ऊर्जा का संचार करे।

- **नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

### आईसीएआर



आईसीएआर ने अपने 98 वर्षों के सफर में चमत्कार कर दिखाए हैं। इसलिए, मैं उस तपस्या को नमन करता हूं जिसने भूख को परास्त किया। उस तपस्या को नमन जिसने अभाव को आत्मनिर्भरता में बदल दिया। उस तपस्या को नमन जिसने संकट को समाधान में बदल दिया।

-**शिवराज सिंह चौहान,** केंद्रीय कृषि मंत्री

### आधुनिक बस टर्मिनल



हमारी सरकार लगभग 130 करोड़ की लागत से हमीरपुर में राज्य का सबसे बड़ा और आधुनिक बस टर्मिनल बना रही है। मौजूदा बस टर्मिनल की जगह पर लगभग 200 करोड़ की लागत से एक आधुनिक सिटी सेंटर भी विकसित किया जाएगा।

-**सुखविंदर सिंह सुखु,** सीएम, हिमाचल प्रदेश

### 3 खदानों की नीलामी




झारखंड देश की लगभग 40% खनिज संपदा वाला राज्य है, लेकिन विडंबना यह है कि पिछले साढ़े छह वर्षों में हेमंत सरकार केवल 3 खदानों की ही नीलामी कर पाई है। इसके विपरीत, इसी दौरान पूरे देश में 434 खनिज ब्लॉकों की नीलामी हुई है।

-**बाबूलाल मरांडी,** पूर्व सीएम, झारखंड

करंट अफेयर

## ट्रंप की तस्वीर वाले स्मारक सिक्के का उत्पादन शुरू



अमेरिकी टकसाल ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तस्वीर वाले एक डॉलर के नए स्मारक सिक्के का उत्पादन शुरू कर दिया है। अमेरिका की स्वतंत्रता की 250वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में जारी किए जा रहे इस स्मारक सिक्के के अंतिम डिजाइन को इस वर्ष की शुरुआत में अमेरिकी आयोग (यूएस कमीशन ऑफ फाइन आर्ट्स) ने मंजूरी दी थी। अमेरिकी वित्त विभाग ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि आयोग के सदस्यों की नियुक्ति राष्ट्रपति ट्रंप ने की थी। हालांकि, बुधवार को जारी अंतिम सिक्का पहले स्वीकृत डिजाइन से कुछ मामलों में अलग है। सबसे प्रमुख अंतर यह है कि यह शुद्ध सोने का नहीं है, बल्कि इसे सुनहरी परत (गोल्ड फिनिश) दी गई है। अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि यह सिक्का ''स्वतंत्रता की स्थायी विरासत और देशभक्ति के स्थायी प्रतीक'' के सम्मान में जारी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप की तस्वीर वाला यह सिक्का अमेरिकी मूल्यों की मजबूती और सभी के लिए स्वतंत्रता बनाए रखने के राष्ट्र के संकल्प का प्रतीक है। रिपब्लिकन नेता ट्रंप अपने नाम और छवि को ऐतिहासिक रिकॉर्ड का हिस्सा बनाने के लिए जाने जाते हैं।

ऑफ बीट

## कार्डियो वजन उठाने से पहले करना चाहिए या बाद में?



फिटनेस के प्रति जुनूनी लोग दशकों से इस प्रश्न पर बहस करते रहे हैं कि 'कार्डियो' करना वजन उठाने से पहले बेहतर होता है या बाद में? हाल तक, इसका उत्तर काफी हद तक पसंद पर निर्भर करता था - कुछ लोग वजन उठाने से पहले जॉगिंग करते थे, जबकि अन्य लोगों का मानना था कि पहले वजन उठाना वसा को खत्म करने के लिए बेहतर है। लेकिन एक नए शोध ने अंततः इस लंबे समय से विवादित प्रश्न का उत्तर दे दिया है। शोध के अनुसार, आपके व्यायाम का क्रम इस बात को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित करता है कि आप कितनी चर्बी कम करते हैं। जिन प्रतिभागियों ने वजन उठाने के बाद कार्डियो किया, उनमें कार्डियो करने के बाद वजन उठाने वालों की तुलना में काफी अधिक चर्बी कम हुई और वे पूरे दिन शारीरिक रूप से अधिक सक्रिय रहे। शोधकर्ताओं ने प्रतिभागियों को 12 सप्ताह के लिए तीन समूहों में विभाजित किया। दोनों व्यायाम समूहों ने एक जैसे प्रशिक्षण कार्यक्रम अपनाए, केवल व्यायाम क्रम में अंतर था। प्रतिभागियों ने बेंच प्रेस, डेडलिफ्ट, बाइसेप कर्ल और स्क्वाट जैसे व्यायाम किए। कार्डियो सत्र में 30 मिनट तक 'साइकिलिंग' शामिल थी। दोनों समूहों के प्रतिभागियों ने अपनी हृदय संबंधी फिटनेस, मांसपेशियों की ताकत और शारीरिक बनावट में सुधार का अनुभव किया।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

**बिलासपुर**

**शुक्रवार 17 जुलाई 2026**

आषाढ़, शुक्ल पक्ष तृतीया

वर्ष : 26, अंक : 116


पृष्ठ : 12+6 = 18 मूल्य : 5 .00***

**मौसम**

अधि. 32.2

न्यून. 26.0

haribhoomi.com

5

हान यू को हराकर सिंधू क्वार्टर फाइनल में

विचार पेज

ईरान युद्ध से बढ़ी आर्थिक चुनौतियां

# मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश आएंगे छत्तीसगढ़, बीएलओ की लेंगे बैठक, एसआईआर पर भी होगी बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार इस महीने के अंतिम सप्ताह में छत्तीसगढ़ प्रवास पर आएंगे। बताया गया है कि वे यहां 26-27 जुलाई को आ सकते हैं। अपने प्रवास के दौरान वे बीएलओ की बैठक लेंगे। उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार ज्ञानेश कुमार का बस्तर जाना तय है, लेकिन इसके साथ ही वे बिलासपुर दौरे पर भी जा सकते हैं। बताया गया है कि राज्य में बैठक के दौरान मुख्य निर्वाचन आयुक्त यहां एसआईआर की प्रक्रिया की समीक्षा करेंगे।

खास खबर

### छत्तीसगढ़ में एसआईआर पर अब तक हुआ ये काम

छत्तीसगढ़ में एसआईआर विशेष गहन पुनरीक्षण यानी मतदाता सूची को पूरी तरह शुद्ध और अपडेट करने का ऐतिहासिक अभियान 21 फरवरी 2026 को अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन के साथ सफलतापूर्वक पूर्ण हो चुका है. करीब 20-22 साल बाद, भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर चले इस चार महीने के वृहद अभियान में राज्य स्तर पर कई महत्वपूर्ण कार्य पूरे किए गए हैं।

### बस्तर जाना तय, बिलासपुर का भी कार्यक्रम तय हो रहा



#### अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन और डेटा अपडेट

27 अक्टूबर 2025 से शुरू हुए इस मिशन-मोड अभियान के बाद 21 फरवरी 2026 को राज्य की अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित कर दी गई। इस शुद्धिकरण प्रक्रिया के बाद छत्तीसगढ़ में मतदाताओं की कुल संख्या 1.87 करोड़ से अधिक दर्ज की गई है। सूची को पारदर्शी बनाने के लिए गंभीर छंटनी की गई, जिसके तहत लगभग 25 लाख अपात्र, मृत, स्थानांतरित या दोहरे नामों को हटाया गया।

### डोर-टू-डोर सर्वे, 99 फीसदी गणना प्रपत्रों का वितरण

राज्य के 2 करोड़ 12 लाख से अधिक मतदाताओं में से लगभग 99 फीसदी पंजीकृत लोगों तक घर-घर जाकर प्री-फील्ड एन्यूमरेशन (गणना) फॉर्म और घोषणा प्रपत्र पहुंचाए गए थे। इस कार्य को समय पर पूरा करने के लिए 27,196 बूथ स्तर के अधिकारियों (बीएलओ), 33 जिला निर्वाचन अधिकारियों और करीब 38,846 बूथ लेवल एजेंटों (बीएलओ) की बड़ी टीम को मैदान में उतारा गया था।

### डिजिटलाइजेशन और टेक्नोलॉजी का उपयोग

छत्तीसगढ़ के सभी विधानसभा क्षेत्रों में प्राप्त गणना पत्रों को तीव्र गति से ऑनलाइन सर्वर पर फीड किया गया। वर्ष 2003 की पुरानी मतदाता सूची से मिलान न होने वाले (अनमैप्ड) या विसंगति वाले मतदाताओं को नोटिस जारी कर 13 मान्य दस्तावेजों के जरिए सत्यापन की सुविधा दी गई थी। साथ ही, गैर-मौजूद व स्थानांतरित मतदाताओं की सूची को राजनीतिक दलों की पारदर्शिता के लिए सर्चेबल मोड में अपलोड किया गया।


inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### सोनाक्षी सिन्हा ने वांगचुक का किया समर्थन



**नई दिल्ली।** अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा ने सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के समर्थन में आवाज उठाई, जो पिछले 19 दिनों से भूख हड़ताल पर हैं। सरकार ने अब तक वांगचुक के साथ बातचीत क्यों शुरू नहीं की, जो देश के बच्चों के भविष्य के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

### शिक्षिका की ट्रक की चपेट में आने से मौत

**नई दिल्ली।** दिल्ली में सुबह स्कूल जा रही 46 वर्षीय शिक्षिका की रोहिणी इलाके के कंझावला रोड पर बाइक टैक्सी से कथित रूप से गिरने के बाद एक ट्रक की चपेट में आने से मौत हो गई। पीड़िता की पहचान रामा विहार निवासी प्रियंका के तौर पर हुई है जो मंगोलपुरी में के-ब्लॉक के दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) स्कूल में तैनात थी। सुबह एक सड़क हादसे की सूचना पुलिस नियंत्रण कक्ष को दी गई जिसके बाद एक टीम मौके पर पहुंची।

### हवाई अड्डे पर 365 किलो लाल चंदन जब्त




**नई दिल्ली।** सीमा शुल्क अधिकारियों ने इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 365 किलोग्राम से अधिक लाल चंदन जब्त किया है। इसे कथित तौर पर तस्करी कर देश से बाहर ले जाया जा रहा था। इस मामले में एक भारतीय यात्री को गिरफ्तार किया है। जांच के आधार पर अधिकारियों ने 13 जुलाई को हवाई अड्डे के टर्मिनल-तीन से हांगकांग जाने वाले एक भारतीय यात्री को रोका।

### गिरोह का भंडाफोड़, बैंक कर्मी समेत तीन गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने साइबर ठगों को कथित रूप से 'म्यूल' (कमीशन आधारित) खाते उपलब्ध कराने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए एक बैंक अधिकारी समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरोह ने विभिन्न फर्जी कंपनियों व व्यक्तियों के नाम पर कथित रूप से खाते खोले और उन्हें कमीशन पर साइबर जालसाजों को दे दिया।

### तेजाब हमला पीड़ितों के लिए मांगी रियायती रेल टिकट



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से उस याचिका पर राय मांगी, जिसमें तेजाब हमला पीड़ितों को वातानुकूलित श्रेणी में रेल किराए में रियायत दिए जाने का आग्रह किया गया है। वे समय-समय पर इलाज के लिए शहरों के बेहतर सुविधाओं वाले अस्पतालों तक यात्रा कर सकें।

## नीट यूजी री-एग्जाम में 11.21 लाख अभ्यर्थियों ने किया क्वालीफाई

# नीट में पंजाब के आर्यन गुप्ता और हरियाणा के पांशुल ने किया टॉप

एनटीए ने गुरुवार को नीट यूजी री-एग्जाम 2026 रिजल्ट जारी कर दिया। री-टेस्ट में कुल 11.21 लाख अभ्यर्थी सफल घोषित किए गए हैं। वहीं, 138 अभ्यर्थियों ने 720 में से 690 से अधिक अंक हासिल कर शीर्ष प्रदर्शन किया है। पंजाब के आर्यन गुप्ता और हरियाणा के पंशुल बंसल ने संयुक्त रूप से यह स्कोर हासिल किया है। अब 2026-27 सत्र में देश के 823 मेडिकल कॉलेजों में 136939 एमबीबीएस सीटों पर दाखिले शुरू हो जाएंगे।

**नई दिल्ली।** सफल अभ्यर्थियों में 58 फीसदी से अधिक महिलाएं हैं। एनटीए के अनुसार, जहां गुप्ता और बंसल ने 720 में से 715-715 अंक हासिल किए, वहीं 19 अभ्यर्थियों ने 700 अंक और 138 अभ्यर्थियों ने 690 अंक प्राप्त किए। इसके अलावा कुल 1,492 अभ्यर्थियों ने 650 या उससे अधिक अंक अर्जित किए, जबकि 10,160 अभ्यर्थियों ने 600 या उससे अधिक अंक प्राप्त किए हैं। चिकित्सा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए नौ मई को आयोजित यह परीक्षा प्रश्नपत्र लीक होने के आरोपों के बीच 12 मई को राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा रद्द कर दी गई थी। इस मामले की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) कर रहा है। परीक्षा का दोबारा आयोजन 21 जून को किया गया था। पिछले वर्ष परीक्षा के परिणाम 25 जून को घोषित किए गए थे। दोबारा परीक्षा के कारण प्रवेश प्रक्रिया के कार्यक्रम में देरी की आशंकाओं को दूर करते हुए एनटीए ने स्पष्ट किया कि परिणाम समय पर घोषित किए गए हैं, ताकि अभ्यर्थियों के लिए ▶▶ शेष पेज 6 पर

### टॉपर्स को कितने नंबर मिले?

नीट यूजी परीक्षा में टॉप करने वाले आर्यन और पांशुल को परीक्षा में 720 में से सबसे ज्यादा 715 नंबर मिले हैं। संयुक्त रूप से दोनों ने परीक्षा में टॉप किया है। उनके अलावा 720 में से 700 से अधिक अंक पाने वाले कुल 19 उम्मीदवार हैं। वहीं 650 और उससे अधिक अंक पाने वाले कुल 1,492 उम्मीदवार हैं।



### लड़कियों ने मारी बाजी

सभी योग्य उम्मीदवारों में से 58 प्रतिशत से ज्यादा लड़कियां हैं। लड़कों के मुकाबले लड़कियां अधिक क्वालीफाई हुई हैं। परीक्षा में शामिल होने वाली 56.8 प्रतिशत लड़कियां योग्य घोषित हुईं, जबकि लड़कों के मामले में यह आंकड़ा 55.1 प्रतिशत रहा है।

### संसदीय समिति ने की समीक्षा

संसद की स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संबंधी स्थायी समिति ने गुरुवार को राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) के संचालन के संदर्भ में स्वास्थ्य मंत्रालय के अधीनस्थ नियामक संस्थानों की कामकाजी दक्षता की समीक्षा की। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता रामगोपाल यादव की अध्यक्षता वाली समिति के समक्ष एनटीए के प्रतिनिधियों और विषय विशेषज्ञों ने प्रस्तुति दी। समिति ने नीट-यूजी परीक्षा के संचालन से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की और एनटीए के कामकाज में सुधार के लिए सुझाव दिए।

### इधर, एक और नीट छात्रा ने की खुदकुशी

हरियाणा के फरीदाबाद में 18 वर्षीय एक नीट अभ्यर्थी ने कथित तौर पर आवासीय सोसाइटी की 16वीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि ऐसा लगता है कि छात्रा ने एनटीए की ओर से इस हफ़्ते जारी नीट परीक्षा संबंधी उत्तर कुंजी से अपने संभावित अंकों का आकलन किया था। अंक उम्मीद से कम होने की आशंका में उसने यह कदम उठाया। मृतका की पहचान दानविता के तौर पर हुई है, जिसने कथित तौर पर सेक्टर 87 स्थित एसआरएस रॉयल हिल्स सोसाइटी के टॉवर ए2 की छत से पूर्वाह्न 11:30 बजे से दोपहर 12 बजे के बीच छलांग लगा दी। पुलिस ने कहा कि दानविता ने हाल में नीट की परीक्षा दी थी। परिवार के सदस्यों ने पुलिस को बताया कि वह उत्तर कुंजी जारी होने के बाद से मानसिक तनाव में थी और कथित तौर पर इसी वजह से उसने यह चरम कदम उठाया। पुलिस के अनुसार, दानविता का परिवार मूल रूप से आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा का रहने वाला है और कुछ समय से फरीदाबाद में किराए के मकान में रह रहा है। उसके पिता एक निजी कंपनी में वरिष्ठ पद पर हैं। जब यह घटना हुई, तो दानविता घर पर अकेली थी क्योंकि उसकी माँ विजयवाड़ा में थीं।

## हाईकोर्ट ने जताई नाराजगी, कार्रवाई के निर्देश

# 16 साल से उम्रकैद काट रहे कैदी का रिकार्ड गायब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर



हाईकोर्ट ने एक गंभीर मामले में रायपुर जिला एवं सत्र न्यायाधीश से जवाब तलब किया है। यह मामला आजीवन कारावास की सजा काट रहे कैदी की सजा माफी याचिका से जुड़ा है। रिकार्ड गायब होने के कारण पिछले काफी समय से लंबित है। इस लापरवाही पर हाईकोर्ट ने सख्त नाराजगी जाहिर करते हुए एक सपताह के भीतर रिकार्ड ढूंढने या जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की जानकारी मंगाई है।

मामला इस तरह है कि याचिकाकर्ता नवाब खान उर्फ डैनी उर्फ बाबा खान पिछले 16 वर्षों से जेल में बंद है। उसे वर्ष 2011 में धारा 302 हत्या के मामले में आजीवन कारावास और जुर्माने की सजा सुनाई गई थी। कैदी ने अपनी सजा में छूट के लिए आवेदन पेश किया है। आवेदन इसलिए ▶▶ शेष पेज 6 पर

### हाईकोर्ट ने दी हिदायत

चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रविन्द्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच ने प्रशासनिक लापरवाही को गंभीरता से लिया है। कोर्ट ने कहा है कि 16 साल से सजा काट रहे कैदी की सजा माफी के आवेदन पर निर्णय नहीं होना न्याय के खिलाफ है। कोर्ट ने रायपुर के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश से पूछा है कि वर्ष 2011 में फैसला सुनाए गए इस मामले का रिकार्ड गायब कैसे हुआ।

### एक सप्ताह का दिया समय

हाईकोर्ट ने रिकार्ड को एक सप्ताह के भीतर खोजने और अगली सुनवाई 29 जुलाई 2026 तक कोर्ट में रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है। डिवीजन बेंच ने कहा है कि यदि रिकार्ड नहीं मिलता है तो इसके लिए जिम्मेदार व्यक्ति के खिलाफ की गई कार्रवाई की जानकारी देनी होगी।

## 20 से मानसून सत्र, सरकार का बड़ा एजेंडा

# 'वंदे मातरम' के अपमान पर सख्त कानून की तैयारी, संसद में आएंगे कई अहम विधेयक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' का अपमान करने या उसके गायन में बाधा डालने को दंडनीय अपराध बनाने तथा जन्म और मृत्यु के विलंबित पंजीकरण के प्रावधानों को और सख्त करने संबंधी विधेयकों सहित कई विधेयकों को 20 जुलाई से शुरू हो रहे संसद के मानसून सत्र के दौरान लोकसभा में पेश किए जाने के लिए सूचीबद्ध किया गया है।


लोकसभा सचिवालय ने एक बुलेटिन जारी कर यह भी बताया कि सरकार ने विदेशी अंशदान (विनियमन) संशोधन विधेयक, 2026 (एफसीआरए) को विचार और पारित कराने के लिए भी सूचीबद्ध किया है। यह विधेयक बजट सत्र के दौरान लोकसभा में पेश किया गया था लेकिन उस समय इस पर विचार और पारित नहीं कराया गया। माना जा रहा है कि उस समय केरल में विधानसभा चुनाव होने के कारण कुछ वर्गों, खासकर ईसाई परमार्थ संगठनों के विरोध के चलते इस विधेयक को आगे नहीं बढ़ाया गया।

लोकसभा सचिवालय के बुलेटिन के अनुसार, राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण (संशोधन) विधेयक, 2026 को पेश करने, उस पर विचार करने और पारित कराने के लिए सूचीबद्ध किया गया है। यह विधेयक राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम, 1971 में संशोधन का प्रावधान करता है। सूत्रों के अनुसार, इसके माध्यम से सरकार राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' का ▶▶ शेष पेज 6 पर

### संसद का मानसून सत्र

संसद का मानसून सत्र 20 जुलाई से शुरू होने जा रहा है। पार्टी सूत्रों के अनुसार, वरिष्ठ भाजपा नेता और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के आवास पर शुक्रवार को एनडीए के सदन के नेताओं की बैठक बुलाई जा सकती है। इस सत्र में विपक्ष कई मुद्दों पर सरकार को घेर सकता है। इनमें नीट पेपर लीक, पश्चिम एशिया संघर्ष में भारतीय नाविकों की मौत और पेट्रोल में इथेनॉल मिलाने जैसे मुद्दे शामिल हैं।

### परिसीमन बिल का विरोध करेगी कांग्रेस



संसद के मानसून सत्र में कांग्रेस परिसीमन बिल समेत कई दूसरे संभावित विधेयकों का पुरजोर विरोध करेगी। साथ ही राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामला, पेपर लीक, एथनॉल और विदेश नीति के विषयों को लेकर भी सरकार से चर्चा की मांग करेगी। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि पार्टी ने अपनी बैठक में कई प्रस्तावित विधेयकों पर चर्चा की और तय किया कि विपक्षी दलों के साथ मिलकर इनके खिलाफ आवाज उठाई जाएगी। जयराम रमेश ने कहा कि उन्हें जानकारी मिली है कि केंद्रीय गृह मंत्री परिसीमन विधेयक को फिर से संसद में लाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि 17 अप्रैल को सरकार इस विधेयक पर दो-तिहाई बहुमत हासिल करने में असफल रही थी और उसे बड़ा झटका लगा था। अब सरकार इसे दोबारा लाना चाहती है। कांग्रेस इस विधेयक का पहले भी विरोध करती रही है और आगे भी करती रहेगी। साथ ही विपक्षी दलों की एकजुटता बनाए रखने की पूरी कोशिश करेगी। उन्होंने कहा कि न्यायाधीशों को ▶▶| शेष पेज 6 पर

सुप्रीम कोर्ट ने नौवीं कक्षा से नए पाठ्यक्रम पर जताई चिंता

# पांचवी-छठवीं से लागू की जाए तीसरी भाषा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने गुरवार को सीबीएसई पाठ्यक्रम के तहत नौवीं कक्षा से तीसरी भाषा शुरू किए जाने पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इससे छात्रों का तनाव बढ़ेगा। न्यायालय ने सुझाव दिया कि यदि तीसरी भाषा लागू करनी है तो इसे पांचवीं या छठी कक्षा से शुरू किया जाना चाहिए, ताकि छात्र इसे आसानी से सीख और समझ सकें। न्यायमूर्ति बी. वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति आर. महादेवन की पीठ ने मौखिक रूप से केंद्र सरकार से कहा कि नौवीं कक्षा से तीसरी भाषा लागू नहीं की जानी चाहिए। न्यायमूर्ति नागरत्ना ने केंद्र सरकार की ओर से पेश अधिवक्ता ▶▶ शेष पेज 6 पर



### क्यों की गई टिप्पणियां

ये टिप्पणियां उस समय की गईं, जब न्यायालय तमिलनाडु सरकार की उस याचिका पर सुनवाई कर रहा था, जिसमें उसने मद्रास उच्च न्यायालय के राज्य के प्रत्येक जिले में जवाहर नवोदय विद्यालय स्थापित करने की प्रक्रिया को सुगम बनाने के निर्देश को चुनौती दी है।

### नयी नीति को चुनौती

इस बीच, सीजेआई सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली सुप्रीम कोर्ट की एक अन्य पीठ सीबीएसई की नयी नीति को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर विचार कर रही है। हाल ही में उसने इस संबंध में जारी अधिसूचना पर रोक लगाने से इंकार कर दिया था। सुनवाई के दौरान तमिलनाडु की ओर से पेश अधिवक्ता ने कहा कि राज्य की आपत्ति त्रिभाषा नीति को लेकर है।

# मदरसे से 40 लाख कैश, 180 ग्राम सोने के सिक्के बरामद

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

- अवैध घुसपैठ पर ईडी का एक्शन, चार राज्यों में छापे

ईडी ने बांग्लादेशियों और रोहिंग्या की भारत में घुसपैठ से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच के तहत गुरुवार को चार राज्यों में कई ठिकानों पर छापेमारी की। इनमें पश्चिम बंगाल के सी मा व र्ती इलाके भी शामिल हैं। अवैध घुसपैठ के नेटवर्क पर ईडी ने पश्चिम बंगाल के मदरसे से 40 लाख रुपये कैश और 180 ग्राम सोने के सिक्के बरामद बरामद किए हैं। यह बरामदगी पश्चिम बंगाल के हरोरा स्थित अल-जामियातुल इस्लामिया दारुल उलूम, खलीलकापुर में सर्च के दौरान मिली है। देर शाम तक ईडी की कार्रवाई जारी थी। अधिकारियों ने बताया कि संघीय एजेंसी विशेष तौर पर एक ऐसे गिरोह की गतिविधियों की जांच कर रही है, जो विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम (एफसीआरए) के तहत पंजीकृत लोक परमार्थ न्यास के जरिए काम करता है और इसे ब्रिटेन की कुछ संस्थाओं से चंदा मिला था।



### जांच में बड़ा खुलासा

एटीएस की जांच में 'एक जटिल' वित्तीय नेटवर्क का खुलासा हुआ, जिसमें कुछ परमार्थ न्यास और संस्थाएं शामिल हैं, जिनपर कथित तौर पर विदेशी चंदा प्राप्त करने और अवैध गतिविधियों को संचालित करने में मदद के लिए कई बैंक खातों, बिचौलियों के खातों और जटिल लेनदेन के जरिये राशि स्थानांतरित करने का आरोप है।

## पोस्ट ऑफिस ने लागू किया नया नियम

# ऑनलाइन-काउंटर बुकिंग कैंसिलेशन पर रिफंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

डाक विभाग ने ऑनलाइन या डाकघर के काउंटर से की गई बुकिंग रद्द करने पर डाक शुल्क वापस करने की सुविधा शुरू की है। विभाग की ओर से गुरुवार को जारी अधिसूचना में यह जानकारी दी गई।

अधिसूचना के अनुसार, ऐसे ग्राहक जिन्होंने वेब पोर्टल या मोबाइल ऐप के माध्यम से डाक सामग्री की स्वयं बुकिंग की है, वे डाकघर में सामग्री स्वीकार किए जाने से पहले बुकिंग रद्द कर डाक शुल्क की वापसी का दावा कर सकते हैं। अधिसूचना में कहा गया कि डाकघर काउंटर पर बुक की गई सामग्री के मामले में वे उसी दिन डाकघर में बुकिंग रद्द करने का अनुरोध कर सकते हैं। इसके अलावा, गलत जानकारी दर्ज होने की स्थिति में डाकघर भी उसी दिन बुकिंग रद्द कर सकता है। डाक सामग्री की बुकिंग रद्द होने पर डाक शुल्क की वापसी डाक विभाग की ओर से समय-समय पर जारी प्रशासनिक निर्देशों के अनुसार की जाएगी। नए नियमों के तहत सेवाएं निलंबित होने की स्थिति में लोगों को डाक शुल्क, विशेष शुल्क और हवाई अधिभार की वापसी की भी सुविधा दी गई है। अधिसूचित नियमों के अनुसार, पंजीकृत अंतरराष्ट्रीय डाक सामग्री (आउटवर्ड इंटरनेशनल पोस्टल आइटम) का ग्राहक प्रशासन के निर्देशों के अनुसार किसी भी कारण से बुकिंग कार्यालय से सामग्री वापस मंगा सकता है।




### रिफंड के क्या होंगे नियम

पोस्ट ऑफिस काउंटर पर बुक की गई सामग्री के मामले में, भेजने वाला व्यक्ति पोस्ट ऑफ़िस में बुकिंग रद्द करने का अनुरोध कर सकता है या पोस्ट ऑफ़िस गलत डेटा एंट्री के कारण बुकिंग के ही दिन बुकिंग रद्द कर सकता है। डाक सामग्री की बुकिंग रद्द होने पर पोस्टेज का रिफ़ंड, डाक विभाग द्वारा समय-समय पर जारी प्रशासनिक निर्देशों के अनुसार दिया जाएगा।

### अन्य पते पर भी मंगा सकेंगे सामाग्री

पंजीकृत अंतरराष्ट्रीय डाक सामग्री (इनवर्ड इंटरनेशनल पोस्टल आइटम) प्राप्त करने वाला व्यक्ति डाक शुल्क का भुगतान कर सामग्री को वितरण कार्यालय से किसी अन्य पते पर भेजने का अनुरोध कर सकता है। हालांकि, यदि नया पता उसी डाकघर के वितरण क्षेत्र में आता है तो इसके लिए कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जाएगा। नए नियमों के तहत अंतरराष्ट्रीय डाक सामग्री भेजने वाले लोगों को विदेश स्थित गंतव्य से भी सामग्री वापस मंगाने या उसका पता बदलने की अनुमति दी गई है। यह सुविधा संबंधित देश के डाक प्रशासन की नीति और उस समय लागू प्रशासनिक निर्देशों के अधीन होगी।



मेंढकी के बच्चे ने एक दिन आसमान में हवाई जहाज को उड़ते देखा। वह अपनी मां से हवाई जहाज में बैठने की जिद करने लगा। मेंढकी मां ने बहुत समझाया कि हवाई जहाज सिर्फ इंसानों के बैठने के लिए होता है, लेकिन बच्चे ने हवाई जहाज में बैठने की रट लगाए रखी। आखिर मेंढकी मां ने बच्चे की जिद पूरी की, बहुत ही मजेदार ढंग से।


# मेंढकी के बच्चे ने की हवाई जहाज की सैर!

गुजराती कहानी

पुष्पा अंताणी

एक मेंढकी थी। उसका एक बच्चा था। मेंढकी और उसका बच्चा एक तालाब के किनारे रहते थे। बरसात के दिन आ गए थे, इसलिए मेंढकी को बहुत काम करने पड़ते थे। बच्चा अपनी मम्मी के इर्द-गिर्द खेला करता था। बच्चा बड़ा शैतान था। सारा दिन यहां-वहां नाचता-कूदता रहता था। वह जिद्दी भी बहुत था। कोई भी बात उसके मन में बैठ जाती तो वह उस बात को मनवा कर ही छोड़ता था।

एक दिन बच्चा तालाब किनारे खेल रहा था। तभी उसने अजीब-सी आवाज सुनी। आवाज आकाश से आ रही थी। बच्चे ने ऊपर आकाश की ओर देखा, एक हवाई जहाज उड़ रहा था।



बच्चे ने अपनी मम्मी से पूछा, 'मां... मां... वह ऊपर क्या उड़ रहा है?'

मेंढकी मम्मी ने बताया, 'वह तो हवाई जहाज है।'

बच्चा बोला, 'मां, मुझे हवाई जहाज में बैठना है।'

मेंढकी मम्मी बोली, 'तुम पागल हो गए हो क्या? हवाई जहाज में तो इंसान बैठते हैं, हम नहीं बैठ सकते।'

बच्चे ने जिद्द पकड़ ली, 'हम क्यों नहीं बैठ सकते? मुझे तो हवाई जहाज में बैठना ही है।' यह कहते हुए वह जोर-जोर से रोने लगा। मां ने उसे बहुत समझाया, पर वह तो रोते ही जा रहा था। कुछ भी करो, शांत ही नहीं हो रहा था। मेंढकी सोचने लगी कि अब वह क्या करे?



तभी एक बकरी वहां से गुजरी। मेंढकी ने बकरी से कहा, 'बकरी बहन... बकरी बहन... मेरे बच्चे को हवाई जहाज में बैठना है।'

उसकी बात सुनकर बकरी जोर से हंस पड़ी, बोली, 'तुम्हारे बच्चे में अक्ल नहीं है, वह हवाई जहाज में थोड़े ही बैठ सकता है।'

इतना कहकर बकरी वहां से चली गई।

बच्चा रोते ही जा रहा था। मेंढकी ने दूर से एक गाय को आते हुए देखा। वह कूदती हुई गाय के पास गई और बोली, 'गाय मौसी... गाय मौसी... मेरे बच्चे को हवाई जहाज में बैठना है।'

गाय को पहले तो बात समझ में ही नहीं आई। बाद में जब समझ में आया कि मेंढकी क्या कह रही है, तो वह 'भां... भां...' करते हुए जोरों से हंस पड़ी।

गाय बोली, 'तू पागल, तेरा बच्चा भी पागल। तेरा बच्चा हवाई जहाज में कैसे बैठ सकता है?'

इतना कहकर गाय भी वहां से चली गई।

एक घोड़ा घास खा रहा था। मेंढकी ने घोड़े को भी यही बात बताई। यह सुनकर घोड़ा मेंढकी पर गुस्सा हो गया। वह बोला, 'दुबारा ऐसी फिजूल की बात मेरे सामने मत करना। तेरा बच्चा हवाई जहाज में नहीं बैठ सकता।'

तालाब किनारे एक पेड़ पर बंदर रहता था। मेंढकी ने बंदर से भी विनती की, 'बंदर भैया, मेरा बच्चा सुबह से रोए जा रहा है। उसे हवाई जहाज में बैठना है। आप मेरी मदद करो ना।'

मेंढकी मम्मी की बात सुनकर बंदर हंसते-हंसते पागल हो गया। वह इतना हंसा कि जवाब भी नहीं दे पाया।

मेंढकी मम्मी हताश हो गई। सोचने लगी कि अब वह क्या करे? बच्चा किसी भी तरह मान नहीं रहा था। वह अधिक जोर से रोने लगा था। मेंढकी मम्मी को चिंता हुई कि बच्चा इतना रोएगा तो कहीं कुछ बुरा न हो जाए। वह भी रोने लगी।

तभी उसे 'गूंन... गूंन... गूंन' जैसी आवाज सुनाई दी। यह आवाज सुनकर बच्चा भी शांत हो गया। मेंढकी ने देखा तो एक भंवरा उड़ता हुआ आ रहा था। मेंढकी ने उसे रोका, 'भंवरा, भंवरा, मेरी बात सुन।'

भंवरा रुक गया, उसने पूछा, 'क्या बात है?'

'देख, मेरे बच्चे को हवाई जहाज में बैठना है। मैं उसे हवाई जहाज में कैसे बिठा सकती हूं? अगर तू मेरी मदद करे तो यह काम हो सकता है।' मेंढकी ने भंवरे से आग्रह किया।

भंवरा बोला, 'मैं तेरी क्या मदद कर सकता हूं?'

मेंढकी मम्मी ने कहा, 'भंवरे, तू ही उसका हवाई जहाज बन जा। अगर तू मेरे बच्चे को अपने ऊपर बिठा कर उड़ता हुआ थोड़ी दूर तक घुमा ले आएगा तो उसे लगेगा कि वह हवाई जहाज में बैठकर आया है।'

पहले तो भंवरे ने मेंढकी की बात हंसी में उड़ा दी, पर जब मेंढकी ने बहुत विनती की तब वह बोला, 'ठीक है, मैं तेरे बच्चे का हवाई जहाज बनकर घुमा लाऊंगा, पर उसके बदले में तुझे भी मेरा एक काम करना होगा।'

मेंढकी मम्मी बोली, 'तू जो बोलेगा वह सब मैं करूंगी।'

भंवरे ने कहा, 'सुन, अब बारिश के दिन आ गए हैं। इस मौसम में मैं पूरा दिन 'गूंन गूंन गूंन' की आवाज करता हुआ उड़ता रहता हूं, पर जब रात होती है तो मुझे बहुत डर लगता है। चारों ओर इतना सन्नाटा होता है कि मुझे डर लगता है। इसलिए जब बारिश हो, तब तू पूरी रात जाग कर आवाज करते रहना। तेरी आवाज सुनकर मुझे डर नहीं लगेगा। बोल, अगर मेरी यह बात तुझे मंजूर है तो मैं तेरे बच्चे का हवाई जहाज बनने के लिए तैयार हूं।'

मेंढकी मम्मी हंसते हुए बोली, 'बस, इतनी सी बात! तेरी शर्त मुझे मंजूर है।'

भंवरे ने कहा, 'तब तो मैं भी तेरे बच्चे का हवाई जहाज बनने के लिए तैयार हूं।'

मेंढकी मम्मी ने अपने बच्चे को भंवरे की पीठ पर बिठा दिया और भंवरा हवाई जहाज की तरह हवा में उड़ने लगा। कभी दाएं तो कभी बाएं, कभी ऊपर तो कभी नीचे। भंवरा हवाई जहाज की तरह 'गूंन गूंन गून' आवाज भी कर रहा था। मेंढकी के बच्चे को बहुत मजा आ रहा था। भंवरे ने बहुत सारे चक्कर लगाने के बाद बच्चे को नीचे उतारा।



'मां... मां... मुझे हवाई जहाज में बहुत मजा आया।' ऐसा कहते हुए वह अपनी मां से लिपट गया।

'भंवरा अंकल, थैंक्यू!' बच्चे ने भंवरे से कहा।

भंवरे ने मेंढकी से कहा, 'हमारी बात याद है ना? अब तू भी मेरा काम करने के लिए तैयार हो जा।'

उसी दिन बहुत बारिश हुई। रात में मेंढकी बारिश में पूरी रात 'ड्रांव-ड्रांव' बोलती रही। आगे भी वह रात में बारिश होने पर 'ड्रांव-ड्रांव' करती ताकि भंवरा डरे नहीं। दोनों बहुत अच्छे दोस्त हो गए। मेंढकी का बच्चा अकसर भंवरे की पीठ पर बैठकर हवाई जहाज की सैर का मजा लेता। *

अनुवादः सेतु अंताणी





• सभी इमेज एआई

कविता / अखिलेश श्रीवास्तव चमन

## काले बादल

बन सैलानी,
ले कर पानी,
फिर आए हैं काले बादल।
रौब जमाते,
शोर मचाते
घिर आए हैं काले बादल।
हाथापाई,
चोर सिपाही
खेल कर रहे काले बादल।

हाथ मिला कर
गले लगा कर
मेल कर रहे काले बादल।
हवा ने डांटा,
मारा चांटा
लौटे रो कर काले बादल।
घर-आंगन को,
वन-उपवन को
गए भींगो कर काले बादल।



एआई इमेज

## हंसगुल्ले




**टिंकू (रिंकू से)**: तुम्हारी बेतुकी बातों से मेरा दिमाग खराब हो गया है। मैं तुम्हारे घर आ रहा हूं।
**रिंकू**: अरे! तब तुम मेरे घर नहीं, मेरे मामा जी के घर जाओ।
**टिंकू**: क्यों?
**रिंकू**: क्योंकि वो दिमाग के डॉक्टर हैं।
- संगीता, बिलासपुर

**रोहन**: क्या जुबान के भी पैर होते हैं?
**सोहन**: नहीं।
**रोहन**: फिर मम्मी क्यों कहती हैं कि तेरी जुबान दिन भर चलती रहती है?
- उमेश, जबलपुर

**डॉक्टर**: मिक्की, इस दवाई को दिन में चार चम्मच लेना।
**मिक्की**: फिर तो मैं यह दवा नहीं पी पाऊंगी।
**डॉक्टर**: वो क्यों?
**मिक्की**: मेरे घर में तो सिर्फ दो चम्मच ही हैं।
- कविता, दुर्ग

## जीके क्विज-214



1. भारत के 98 वें शतरंज ग्रैंड मास्टर कौन बन गए हैं?
2. पृथ्वी अपने अक्ष पर कितने डिग्री झुकी हुई है?
3. किस देश की टीम ने महिला टी-20 क्रिकेट वर्ल्ड कप जीता?
4. देश के वर्तमान सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री कौन हैं?
5. जल का रासायनिक सूत्र क्या है?
6. गौतम बुद्ध का जन्म कहां हुआ था?
7. मानव शरीर की सबसे बड़ी अस्थि (बोन) का नाम क्या है?
8. भारत का राष्ट्रीय जलीय जीव क्या है?
9. हाल में ही किस युद्धपोत को भारतीय नौसेना में शामिल किया गया?
10. 'सत्यमेव जयते' का आदर्श वाक्य किस उपनिषद से लिया गया है?



बच्चो, जीके क्विज-214 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-213 का उत्तर :** 1 इंडोनेशिया, 2.आशुतोष दीक्षित, 3.हर्षवर्धन जीबी, 4.इंग्लैंड, 5.कलिंग युद्ध, 6.उपराष्ट्रपति, 7.हीमोग्लोबिन, 8.नाइट्रस ऑक्साइड, 9.करमचंद गांधी, 10.विटामिन-ए


**जीके क्विज-213 का सही उत्तर देने वाले :** दीक्षिता-बादली, सचिन-बिलासपुर, कोमल-गरियाबंद, तुषार-सारंगढ़ बिलाईगढ़, सूरज-रायगढ़, सपना-खैरागढ़, अजय-रायपुर, रोहन-बालोद, कबीर-हिसार, कुणाल-बलौदा बाजार, रिया-दुर्ग

एडवाइस

डॉ. मोनिका शर्मा

बच्चो, पढ़ाई में अच्छे होने के साथ तुम्हारा कम्युनिकेशन स्किल भी बेहतर होना चाहिए। सही ढंग से बोलना, किसी की बात को ध्यान से सुनना और प्रभावी हाव-भाव रखना, तुम्हें हर जगह कॉन्फिडेंस के साथ आगे बढ़ने में मदद करेगा। बच्चो, छोटी- छोटी बातें ध्यान में रखकर तुम अपना कम्युनिकेशन स्किल इंप्रेसिव बना सकते हो।

# बनो अच्छे कम्युनिकेटर जीतो सबका दिल





बच्चो, स्कूल खुल चुके हैं। नए सेशन की शुरुआत हो चुकी है। धीरे-धीरे तुम्हारी पढ़ाई भी रफ्तार पकड़ने लगेगी। अपने आपसे प्रॉमिस करो कि इस वर्ष पढ़ाई के साथ ही तुम्हें अपने कम्युनिकेशन को भी सुधारना है। क्लासरूम हो या घर, अच्छे से कम्युनिकेट करना सीखो। इसे अपनी आदत बनाओ। छोटी-छोटी बातों पर ध्यान देकर अपने कम्युनिकेशन को बेहतर बनाया जा सकता है। खुद को प्रभावी ढंग से एक्सप्रेस करने का अंदाज पढ़ाई, स्कूल के प्रोजेक्ट प्रेजेंटेशन और पर्सनल इंप्रूवमेंट तक हर क्षेत्र में काम आता है।

**समझो प्रभावी कम्युनिकेशनः** टीचर, रिलेटिव्स या तुम्हारे फ्रेंड्स के भैया-दीदी या दूसरे कुछ लोगों से बातचीत करना अच्छा लगता है ना! उनका बातचीत का अंदाज इतना इंप्रेसिव होता है कि तुम मन से उनकी बातें सुनते हो। उनकी कही बातों को अच्छे से समझ पाते हो। असल में किसी इंसान द्वारा अपने विचारों और जानकारियों को स्पष्टता और सही ढंग से समझा पाना ही प्रभावी कम्युनिकेशन का सबसे अहम पहलू है। अच्छे से कम्युनिकेट करना केवल बोलना नहीं होता। यह सही ढंग से बातचीत करने का सधा हुआ तरीका होता है।

**प्रभावी कम्युनिकेशन के फायदेः** अगर तुम अच्छे से संवाद करोगे, सही ढंग से अपनी बात रखोगे, तो यह स्कूल के कार्यक्रम में भागीदारी से लेकर सहज जीवन में भी तुम्हें काम आएगा। कम्युनिकेशन स्किल अच्छी होगी तो तुम मम्मी-पापा को अपनी उलझन, कुछ नया सीखने की योजना या अपने एक्सपेक्टेशंस भी अच्छे से बता पाओगे। ऐसे में पैरेंट्स के लिए भी तुम्हारे दिल की बात समझना आसान होगा। साथ ही तुम्हारे दिमाग की किसी उलझन को भी घर के बड़े बिना किसी गलतफहमी के सही ढंग से जान पाएंगे।

**कम्युनिकेशन में हाव-भाव की भूमिकाः** अच्छे कम्युनिकेशन के लिए जरूरी है कि अपने हाव-भाव को समझो। कई बार हमारे शब्द और बॉडी लैंग्वेज अलग-अलग होते हैं। इस स्थिति में कही गई बात सही तरीके और सही मीनिंग के साथ सामने वाले इंसान तक नहीं पहुंचती। कई बार कम्युनिकेशन की प्रक्रिया में 50 प्रतिशत से अधिक तो बॉडी लैंग्वेज की ही भूमिका होती है। बातचीत के दौरान अगर आइ-कॉन्टेक्ट, बॉडी पोश्चर और आवाज का टोन शब्दों से मेल नहीं खाता तो सुनने वाले को प्रभावित नहीं किया जा सकता। तुम्हारे ही हाव-भाव कंफ्यूजिंग होंगे तो सामने बैठे लोगों तक पहुंचते-पहुंचते शब्दों का अर्थ ही अलग हो जाएगा। सोचो, कोई व्यक्ति हैप्पी रहने की बात समझाते हुए सीरियस रहे तो कितना अजीब लगेगा ना। बच्चो, सही ढंग से और प्रभावी हाव-भाव के साथ बात करने वाले सबका दिल जीतते हैं।

**माइंडफुल लिसनिंग है जरूरीः** प्रभावी कम्युनिकेशन का मतलब अपनी बात कहना भर नहीं होता। जैसे अपने बड़ों से बात करते हुए ही नहीं, छोटे भाई-बहनों, फ्रेंड्स या क्लासमेट्स से बातचीत करते हुए भी सही रेस्पॉन्स देना जरूरी है। सामने वाले की बात को बीच में काटे बिना हाव-भाव से यह बताना आवश्यक है कि तुम उनकी बात समझ रहे हो। इसके लिए माइंडफुल लिसनिंग सबसे ज्यादा जरूरी है। साथ ही सामने वाले की बात सुनने के बाद थोड़ा सोचकर बोलने के लिए भी पहले उसे सही ढंग से सुना जाना जरूरी है। क्लास में टीचर्स के सवालों का जवाब देना हो या किसी कार्यक्रम में भागीदारी करना। हर समय पहले कही जा रही बात, प्रश्न या सलाह को ठीक से सुनने की आदत बनाओ। अच्छे से सुनना अपने कम्युनिकेशन को बेहतर बनाने का बेहद जरूरी पहलू है। इस पर हमें जरूर ध्यान देना चाहिए। *

### ऐसे सुधारो अपने हाव-भाव

**तुम खुद** को बोलते हुए मिरर में देखकर और दूसरे लोगों को बोलते हुए ध्यान से देख-सुनकर सही हाव-भाव सीखने की कोशिश कर सकते हो। इसके लिए मम्मी-पापा से अपना वीडियो बनवाकर भी प्रैक्टिस कर सकते हो। इस मामले में बड़ों का फीडबैक बहुत हेल्प करता है। उनकी सलाह लेकर तुम भी अपनी कमियां सुधार सकते हो। बच्चो, किसी खास अवसर पर ही नहीं, आम जीवन में भी सही एक्सप्रेशन के साथ किया गया संवाद बहुत प्रभावी होता है।

तुम्हारे लिए नई किताब / सुरेंद्र विक्रम

## जानो पिनकोड की कहानी

बच्चो, तुमने देखा होगा कि पत्र में जहां पर पता लिखा होता है, उसके अंत में छह अंकों की एक संख्या लिखी होती है, इसे पिनकोड कहते हैं- पोस्टल इंडेक्स नंबर। यह अलग-अलग छह अंकों का नंबर, डाक विभाग की पहचान से जुड़ा होता है। डॉ. विमला भंडारी लिखित किताब 'छह अंकों का जादू' (पिनकोड की कहानी) में पिन कोड के बारे में बहुत ही रोचक ढंग से एक कहानी के रूप में जानकारी दी गई है।




सुनीता के हाथ में एक कागज का टुकड़ा देखकर उसकी दोस्त वनिता पूछती है कि यह चिट्ठी बिना रास्ता पूछे घर कैसे पहुंच गई? यह जानने के लिए दोनों दोस्त डाकघर जाती हैं, जहां उन्हें पिनकोड के बारे में जानकारी मिलती है। घर पहुंचकर सुनीता अपने पिताजी से जब पिनकोड के बारे में पूछती है तो वह और विस्तार से बहुत सरल तरीके से बताते हैं कि पिनकोड का पहला, दूसरा, तीसरा और आखिरी के तीन अंकों की सहायता से कैसे अमुक व्यक्ति तक उसका पत्र पहुंच जाता है। इस तरह पत्र के पते में पिनकोड लिखा होने से चिट्ठियां गुम नहीं होतीं। अब तो ऑनलाइन ऑर्डर में भी पिनकोड लिखना जरूरी होता है। किताब में यह भी जानकारी दी गई है कि पिनकोड की खोज श्रीराम भिक्षु चक्रवर्ती ने की थी। पुस्तक में पिनकोड पर लिखी ये पंक्तियां भी मजेदार हैं- 'छह अंकों का पिन है प्यारों/रास्ता दिखलाए सही-सही।/डाक-संदेश पहुंचा दे यारों/चिट्ठी-पार्सल को गली-गली।' *

**किताब** : छह अंकों का जादू (पिनकोड की कहानी), **लेखिकाः** डॉ. विमला भंडारी, **मूल्यः** 135 रुपए, **प्रकाशकः** द बिट्स, जयपुर (राजस्थान)

## रंग भरो-206

**रंग भरो-206** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





अगमजोत, कोंडागांव



आशुतोष, उमरिया



ईशानी, बिलासपुर



दिव्या, बिलासपुर



प्रत्यूष, कोरबा



याचना, गरियाबंद

इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

कृष्ण-रायपुर, आशना-जांजगीर, कविता-रायपुर, हर्ष-रोहतक, लोकेश-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, संपत-जांजगीर, सरल-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, रोहित-करनाल, विकास-बिलासपुर, रचना-कोरबा

## रंग भरो 207



बच्चो, यहां दिए गए क्यूट-से ब्लैक एंड व्हाइट चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

## ओडिशा के पुरी सहित देशभर में निकाली गई रथयात्रा

### भारी बारिश के बीच भक्तों का छलका उत्साह, रथ की खींची रस्सी


*नई दिल्ली। ओडिशा के पुरी सहित देशभर में गुरुवार को रथयात्रा निकाली गई। ओडिशा, गुजरात, बंगाल, यूपी, बिहार, छग, मध्यप्रदेश सहित दक्षिण के राज्यों में भी श्रद्धालुओं का उत्साह छलका। जगन्नाथ यात्रा में शंखों की आवाज, घंटों की गूंज और 'जय जगन्नाथ' के जयकारों से पूरा माहौल भक्ति में सराबोर है। इस मौके पर पुरी से लेकर अहमदाबाद तक आस्था का अनूठा संगम देखने को मिला। पुरी में बारिश के बावजूद भक्तों का हौसला कम नहीं हुआ। गीली सड़कों और बारिश की बौछारों के बीच सुरक्षाकर्मी और आम श्रद्धालु रथों की विशाल रस्सियों को थामने के लिए कतारों में मुस्तैद दिखे। कहा जाता है कि रथ की रस्सी खींचने से मोक्ष की प्राप्ति होती है, इसलिए हर कोई महाप्रभु के रथ को खींचने के लिए बेताब नजर आया।*

# जय जगन्नाथ से गूंजा भारत...
















## खबर संक्षेप

### ममता को एक और झटका, सांसद कोयल ने भी दिया इस्तीफा



**कोलकाता।** ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस को एक और झटका लगा है। अभिनेत्री से राजनेता बनीं पश्चिम बंगाल से टीएमसी की राज्यसभा सांसद कोयल मलिक ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। पार्टी से पद छोड़ने वाली वह चौथी सांसद हैं। कोयल से पहले भी 3 सांसद पार्टी की सांसदी को को छोड़ चुके हैं। मलिक चार महीने पहले ही 6 अप्रैल को राज्यसभा सांसद बनी थीं। तृणमूल कांग्रेस ने उन्हें पार्टी की सीट पर राज्यसभा के लिए चुना था। इसी के बाद से उन्होंने राष्ट्रीय राजनीति में कदम रखा था। हालांकि चार महीने बाद ही उनके इस्तीफा देने से अटकलों का बाजार गर्म हो गया है और लोग इसके पीछे की वजहें तलाश रहे हैं।

### मंगलुरू में 5.2 करोड़ का मादक पदार्थ जब्त



**मंगलुरु।** कर्नाटक के मंगलुरु में पुलिस की अपराध शाखा ने 5.20 करोड़ रुपये मूल्य का 5.196 किलोग्राम एमडीएमए जब्त करते हुए दो कथित मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों को बागलकोट जिले के हुनागुंड में राष्ट्रीय राजमार्ग के पास 'रॉयल इन लॉज' से बुधवार को गिरफ्तार किया गया और उनकी पहचान मोहम्मद अल्फाज (28) तथा मोहम्मद मुस्तफा (28) के रूप में हुई है। उसने बताया कि अल्फाज और मुस्तफा एमडीएमए दिल्ली से बेंगलुरु ले जा रहे थे। पुलिस के मुताबिक, 25 जून 2026 को गिरफ्तार अनप्पा स्वामी की निशानदेही के आधार पर ताजा गिरफ्तारी की गई। पुलिस ने 25 जून को सुरतकल थाना क्षेत्र में कुलइयागुड्डे पानी टंकी के पास एक मकान पर छापा मारकर 15.17 ग्राम एमडीएमए बरामद किया था।

### पश्चिम एशिया में बढ़ा तनाव, अंतरिम समझौता हुआ लगभग निष्प्रभावी

# अमेरिका ने उत्तरी ईरान पर किए हमले ईरान ने भी बहरीन, कुवैत को बनाया निशाना

एजेंसी ⏭ दुबई

पश्चिम एशिया में अमेरिका और ईरान के बीच कई दिनों से जारी जवाबी हमलों और होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर बढ़ते तनाव ने ईरान युद्ध को समाप्त करने के लिए हुए अंतरिम समझौते को लगभग निष्प्रभावी कर दिया है। इससे पूरे क्षेत्र में फिर से पूर्ण युद्ध छिड़ने की आशंका बढ़ गई है।

ईरानी अधिकारियों के अनुसार, अमेरिकी हमलों में अब तक 35 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं और 300 से अधिक घायल हुए हैं। इस ताजा हिंसा के दौरान पहली बार ईरान की राजधानी तेहरान के आसपास के इलाकों को भी निशाना बनाया गया। ईरानी सरकारी मीडिया के अनुसार, बृहस्पतिवार तड़के अमेरिकी हमलों में तेहरान के आसपास के कई इलाकों को निशाना बनाया गया।

समाचार एजेंसी ने बताया कि अमेरिकी सेना ने सेमनान प्रांत पर भी हमला किया, जहां से ईरान का बैलिस्टिक मिसाइल उत्पादन और अंतरिक्ष कार्यक्रम संचालित होता है। अमेरिका ने बुधवार को भी ईरान पर हमले किए थे, जिससे सैन्य अभियान की तीव्रता और बढ़ती दिखाई दी। अमेरिकी सेना की सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने बताया कि होर्मुज जलडमरूमध्य में रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण ग्रेटर तुंब द्वीप पर किए गए हमले में ईरानी रक्षा प्रतिष्ठानों और मिसाइल ठिकानों को निशाना बनाया गया।

### नाकेबंदी तोड़ने की कोशिश कर रहे जहाज पर भी अमेरिका ने किया अटैक

*अमेरिका ने बृहस्पतिवार तड़के ईरान पर अपने हमले और तेज कर दिए। अमेरिकी सेना ने इस बार ईरान के उत्तरी इलाकों को निशाना बनाया और साथ ही एक ऐसे जहाज पर भी गोलीबारी की, जिस पर नौसैनिक नाकेबंदी तोड़ने की कोशिश करने का आरोप लगाया गया। जवाबी कार्रवाई में ईरान ने तड़के बहरीन, जॉर्डन और कुवैत पर मिसाइलों और ड्रोन से हमले किए।*

### अमेरिकी सैन्य ठिकानों को पहुंचाया नुकसान

ईरान ने बृहस्पतिवार को जवाबी कार्रवाई करते हुए बहरीन, जॉर्डन और कुवैत पर मिसाइलों और ड्रोन से हमले किए। इन देशों में अमेरिकी सैन्य ठिकाने स्थित हैं। इन देशों के अधिकारियों ने हमलों की पुष्टि की है। हालांकि, फिलहाल इन हमलों में किसी तरह के नुकसान या हताहतों की तत्काल आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। वहीं, इराक के प्रधानमंत्री अली अल-जैदी ने इराक के स्वायत्त उत्तरी कुर्द क्षेत्र के शहर इरबिल पर रात में हुए ड्रोन हमले की कड़ी निंदा की। अधिकारियों के अनुसार, इस ड्रोन को रास्ते में ही मार गिराया गया। यह हमला ऐसे समय हुआ, जब प्रधानमंत्री अल-जैदी अमेरिका की यात्रा पर हैं। उन्होंने वहां कहा है कि इराक, ईरान समर्थित संगठनों सहित सभी गैर-सरकारी सशस्त्र समूहों को निरस्त्र करने की दिशा में काम करेगा।



### 'अमेरिका के खिलाफ अस्तित्व की लड़ाई'

ईरान की संसद के अध्यक्ष और शीर्ष वार्ताकार मोहम्मद बाकर कालीबाफ ने अमेरिकी कार्रवाई पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उनका देश 'अमेरिका के खिलाफ अस्तित्व की लड़ाई' लड़ रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ईरान की राष्ट्रीय सुरक्षा होर्मुज जलडमरूमध्य पर कंट्रोल बनाए रखने से जुड़ी है। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को दोबारा चेतावनी देते हुए कहा कि अगर तेहरान बातचीत की मेज पर नहीं लौटता है तो अमेरिका पावर प्लांट्स और दूसरे महत्वपूर्ण टार्गेट्स पर भी हमले करने से पीछे नहीं हटेगा।

### *ईरान ने लाल सागर बंद करने की दी धमकी*

*ईरान ने क्षेत्र से होने वाले एनर्जी एक्सपोर्ट को पूरी तरह ठप करने की धमकी दी है। ईरान का साफ कहना है कि वह अमेरिका के खिलाफ अपने 'अस्तित्व की लड़ाई' लड़ रहा है और स्ट्रेट ऑफ होर्मुज पर उसका कंट्रोल है और यह जंग अब सिर्फ स्ट्रेट ऑफ होर्मुज तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि लाल सागर तक फैल सकती है। इसका सीधा मतलब यह है कि अगर अमेरिकी हमले जारी रहे, तो यमन में ईरान के सहयोगी हूती दुनिया के एक और अहम ग्लोबल शिपिंग रूट को निशाना बना सकते हैं।*


# अहम खुलासा, 500 रोहिंग्या समंदर में डूबे

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

बंगाल की खाड़ी में म्यांमार के सताए हुए अल्पसंख्यक रोहिंग्या समुदाय के लोगों को ले जा रही दो नावें समुद्र में डूब गई हैं। इस दर्दनाक हादसे में 500 से ज्यादा लोगों के मारे जाने की आशंका है। शुरुआती जानकारी के अनुसार, ये दोनों नावें जून के आखिर में म्यांमार के पश्चिमी राज्य रखाइन से रवाना हुई थीं।

इन नावों में सवार ज्यादातर यात्री रोहिंग्या समुदाय के थे। इनमें से कुछ लोग ऐसे भी थे जिन्होंने बांग्लादेश की सीमा पर बने शरणार्थी शिविरों से यात्रा शुरू की थी। इस बड़े हादसे पर संयुक्त राष्ट्र की एजेंसियों ने चिंता जताई है। एजेंसियों ने अपने बयान में कहा, 'हालांकि इन घटनाओं और हताहतों की संख्या की अभी तक आधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन यूएनसीएचआर और आईओएम इस संभावित विनाशकारी नुकसान से बेहद परेशान हैं।'

### बंगाल की खाड़ी में हुए थे दो हादसे



### जुलाई में डूबी थी नाव

अंतरराष्ट्रीय प्रवासन संगठन (आईओएम) और संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायुक्त (यूएनसीएचआर) की ओर से एक संयुक्त बयान जारी किया गया है। इसके मुताबिक, पहली नाव पर लगभग 250 लोग सवार थे। रवाना होने के कुछ ही समय बाद इस नाव से संपर्क टूट गया। वहीं, 280 लोगों को ले जा रही दूसरी नाव के बारे में माना जा रहा है कि वो 8 जुलाई को म्यांमार के अयेयारवाडी तट के पास समुद्र में डूब गई। दोनों नावों को मिलाकर कुल 530 लोग लापता हैं, जिनके बचने की उम्मीद बहुत कम है।

### संयुक्त राष्ट्र ने जताई चिंता

रोहिंग्या शरणार्थी अक्सर बेहतर जिंदगी की तलाश में और हिंसा से बचने के लिए खतरनाक समुद्री रास्तों का सहारा लेते हैं। जून और जुलाई के महीने में मानसून की वजह से समुद्र बेहद अशांत रहता है। ऐसे में इन ओवरलोडेड नावों का हादसे का शिकार होना इन लोगों के लिए जानलेवा साबित हुआ है। राहत और बचाव एजेंसियां स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं।

# जेलेंस्की ने प्रधानमंत्री के बाद अब रक्षामंत्री को भी हटाया

एजेंसी ⏭ कीव

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने रक्षा मंत्री मिखाइलो फेदोरोव को नियुक्ति के सिर्फ छह महीने बाद पद से हटा दिया। इस फैसले के बाद गुरुवार को युद्ध शुरू होने के बाद पहली बार देश के कई शहरों में विरोध प्रदर्शन हुए। इसके अलावा ओडेसा, ल्वीव और रूस के हमलों का लगातार सामना कर रहे खारकीव शहर में भी लोगों ने प्रदर्शन किया। खारकीव में 300 से ज्यादा लोग हाथों में तख्तियां लेकर सड़कों पर उतरे और 'शर्म करो, शर्म करो' के नारे लगाए। 35 साल के फेडोरोव यूक्रेन के ड्रोन युद्ध कार्यक्रम का सबसे बड़ा चेहरा माने जाते थे। उन्हें यूक्रेन में ड्रोन और रोबोट की मदद से युद्ध लड़ने की रणनीति का प्रमुख समर्थक माना जाता था। उनके हटने से अब यह सवाल उठने लगे हैं कि रूस जैसी बड़ी सेना का मुकाबला करने के लिए यूक्रेन की नई तकनीक और ड्रोन पर आधारित रणनीति आगे भी पहले की तरह जारी रहेगी या नहीं।

- फैसले के खिलाफ हजारों लोग सड़कों पर उतरे



**शुरुआत से ही सेना के जनरलों से मतभेद रहे**

फेडोरोव को हटाया जाना जेलेंस्की सरकार में बड़े बदलाव का हिस्सा है। इसी फेरबदल में प्रधानमंत्री को भी हटाया गया है। कई रिपोर्ट्स के अनुसार, रक्षा मंत्री फेदोरोव को हटाने के पीछे भ्रष्टाचार या नाकामी नहीं, बल्कि सेना के शीर्ष जनरलों और कमांडर-इन-चीफ ओलेक्सांद्र सिरस्की के साथ उनका गहरा मतभेद था।

## दो आतंकी हमलों में 3 पुलिसकर्मी की मौत

**पेशावर।** पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में अलग-अलग घटनाओं में आतंकवादियों द्वारा पुलिस के काफिले और एक पुलिस थाने पर किए गए हमलों में तीन पुलिसकर्मी मारे गए और 34 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। बुधवार को लोअर दिर जिले में आतंकवादियों ने पुलिस के एक काफिले पर हथगोलों और स्वचालित हथियारों से हमला किया, जिसमें तीन पुलिसकर्मी मारे गए और 19 घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि यह हमला हैदर के पास लादम टॉप के पास हुआ, जब गाड़ियों का काफिला उस इलाके से गुजर रहा था। हमलावरों ने पहले हथगोले फेंके और फिर काफिले पर जबरदस्त गोलीबारी की। हमले के दौरान हमलावरों ने पुलिस की दो गाड़ियों में भी आग लगा दी।

**वांगचुक 19 दिन से हैं भूख हड़ताल पर**

# केंद्र-दिल्ली सरकार को वांगचुक की रोजाना मेडिकल जांच के आदेश

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

जंतर-मंतर पर भूख हड़ताल पर बैठे एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक के स्वास्थ्य से जुड़ी याचिका पर गुरुवार को सुनवाई दिल्ली हाई कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान दिल्ली हाई कोर्ट ने सोनम वांगचुक की भूख हड़ताल पर चिंता जताते हुए कहा कि हर नागरिक की जिंदगी कीमती है और सरकार को इसकी सुरक्षा के लिए हर संभव कोशिश करनी चाहिए।

सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की तरफ से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कोर्ट को बताया कि सोनम वांगचुक का प्रतिदिन मेडिकल चेक-अप होता है और उनकी सेहत से जुड़ी जानकारी रेगुलर तौर पर शेयर की जाती है। एसजी के आश्वासन पर कोर्ट ने निर्देश दिया कि सोनम वांगचुक की मेडिकल स्थिति की रोजाना क्लिनिकल निगरानी की जाए और डाक्टरों की सलाह के आधार पर जरूरत पड़ने पर कोई भी मेडिकल मदद दी जाए। उक्त निर्देश के साथ कोर्ट ने जनहित याचिका का निपटारा कर दिया।




### अनशन पर दिल्ली हाईकोर्ट बोला- हर इंसान की जान कीमती

### रोजाना स्वास्थ्य जांच कर रहे सरकारी डॉक्टर

गुरुवार को सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत को बताया कि सरकारी डॉक्टर पहले से ही वांगचुक की रोजाना स्वास्थ्य जांच कर रहे हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि मेडिकल विशेषज्ञों की सलाह के अनुसार उनकी जान बचाने के लिए हर जरूरी कदम उठाया जाएगा। इन आश्वासनों को रिकॉर्ड पर लेते हुए हाई कोर्ट ने याचिका का निपटारा कर दिया। हालांकि अदालत ने स्पष्ट संदेश दिया कि विरोध का अधिकार संवैधानिक है, लेकिन राज्य की पहली जिम्मेदारी नागरिक के जीवन की रक्षा करना है।

# वैज्ञानिकों का न करें इस्तीफा स्वीकार, इसरो ने नियम सख्त करते हुए जारी किए निर्देश

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

इसरो यानी भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी में बड़ी तादाद में कर्मचारियों के नौकरी छोड़ने के बीच, डिपार्टमेंट ऑफ स्पेस (डीओएस) ने इसरो के प्रमुख अंतरिक्ष अनुसंधान केंद्रों के लिए एक नया निर्देश जारी किया है।

इसमें वॉलंटरी रिटायरमेंट और इस्तीफे से जुड़े नियमों को सख्त किया गया है। 14 जुलाई को यूआर राव सैटेलाइट सेंटर (यूआरएससी) और विक्रम साराभाई स्पेस सेंटर (वीएसएससी) जैसे केंद्रों को जारी किए गए इस मेमोरेंडम में निर्देश दिया गया है कि वे 'ग्रुप ए' के वैज्ञानिक और तकनीकी कर्मचारियों के इस्तीफे या वॉलंटरी रिटायरमेंट के अनुरोधों को सामान्य रूप से स्वीकार न करें।




### अहम मिशन से जुड़े हैं ये वैज्ञानिक

ये कर्मचारी भारत के प्रतिष्ठित मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम 'गगनयान' और अन्य अहम मिशनों से जुड़े हैं। जारी किए गए निर्देश के मुताबिक, 'हाल ही में यह देखा गया है कि इसरो के 'ग्रुप ए' के वैज्ञानिक/तकनीकी कर्मचारियों की तरफ से वॉलंटरी रिटायरमेंट और इस्तीफे के अनुरोधों की बाढ़ आ गई है। इनमें वे कर्मचारी भी शामिल हैं, जो प्रतिष्ठित गगनयान और अन्य महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स या मिशनों से जुड़े हैं। इससे राष्ट्रीय महत्व के प्रोजेक्ट्स के इम्प्लीमेंटेशन पर गंभीर असर पड़ रहा है।'

### श्रीहरिकोटा के सतीश धवन स्पेस सेंटर से किया जाएगा लॉन्च

# भारत के पहले निजी रॉकेट विक्रम-1 की 18 को होगी लॉन्चिंग

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत के प्राइवेट स्पेस सेक्टर के लिए अगले कुछ दिन काफी अहम हैं। हैदराबाद की स्पेस कंपनी स्काईरूट एरोस्पेस अपने पहले ऑर्बिटल रॉकेट विक्रम-1 को लॉन्च करने की आखिरी तैयारी में है।

इसकी लॉन्चिंग 18 जुलाई को होगी। रॉकेट को श्रीहरिकोटा के सतीश धवन स्पेस सेंटर (एसडीएससी-एसएचएआर) से लॉन्च किया जाएगा। अगर मिशन सफल रहा, तो पहली बार किसी भारतीय प्राइवेट कंपनी का बनाया रॉकेट सैटेलाइट को पृथ्वी की कक्षा में पहुंचाएगा। इस मिशन का नाम 'आगमन' रखा गया है। यह लॉन्च सिर्फ स्काईरूट के लिए ही नहीं, बल्कि भारत के पूरे प्राइवेट स्पेस सेक्टर के लिए भी बड़ा मौका है। स्काईरूट इससे पहले 2022 में विक्रम-एस नाम का सब-ऑर्बिटल रॉकेट लॉन्च कर चुकी है। लेकिन उस मिशन में सैटेलाइट को ऑर्बिट में नहीं भेजा गया था। इस बार लक्ष्य अलग है। विक्रम-1 कई ग्राहकों के छोटे सैटेलाइट को पृथ्वी से करीब 450 किलोमीटर ऊंची लो-अर्थ ऑर्बिट में पहुंचाएगा। यह तीन डेवलपमेंट मिशनों में पहला मिशन होगा। इसके बाद रॉकेट को नियमित कमर्शियल लॉन्च के लिए तैयार किया जाएगा।

### इस मिशन का नाम रखा गया है 'आगमन'

### *ऑर्बिटल रॉकेट क्यों है खास?*

*सब-ऑर्बिटल और ऑर्बिटल रॉकेट में बड़ा फर्क होता है। सब-ऑर्बिटल रॉकेट अंतरिक्ष तक जाकर वापस आ जाता है। लेकिन ऑर्बिटल रॉकेट सैटेलाइट को इतनी तेज रफ्तार देता है कि वह पृथ्वी की ऑर्बिट में घूमता रहता है। अगर विक्रम-1 सफल रहा, तो पहली बार किसी भारतीय प्राइवेट कंपनी का रॉकेट यह काम करेगा।*



### स्काईरूट की शुरुआत कैसे हुई?

स्काईरूट एरोस्पेस की शुरुआत 2018 में इसरो के पूर्व इंजीनियर पवन कुमार चंदाना और नागा भरत डाका ने की थी। 2020 में स्पेस सेक्टर खुलने के बाद कंपनी ने ऑर्बिटल रॉकेट बनाने पर तेजी से काम किया। अब विक्रम-1 उसी सफर का सबसे बड़ा पड़ाव है। अगर यह मिशन सफल रहता है, तो भारत के प्राइवेट स्पेस सेक्टर को बड़ी मजबूती मिलेगी और भविष्य में देश से ज्यादा कमर्शियल सैटेलाइट लॉन्च किए जा सकेंगे। इस लॉन्च पर पूरे देश की नजर है, क्योंकि यह भारत के प्राइवेट स्पेस सेक्टर की अब तक की सबसे बड़ी परीक्षा मानी जा रही है।

### *कैसा है विक्रम-1 रॉकेट?*

*विक्रम-1 चार चरणों वाला रॉकेट है। इसके पहले तीन चरणों में ठोस ईंधन (**Solid Fuel**) का इस्तेमाल किया गया है। चौथे चरण में लिक्विड फ्यूल इंजन लगा है, जिसे जरूरत पड़ने पर दोबारा चालू किया जा सकता है। इससे सैटेलाइट को उसकी तय ऑर्बिट में ज्यादा सही जगह पर पहुंचाने में मदद मिलती है। यह रॉकेट खास तौर पर छोटे सैटेलाइट लॉन्च करने के लिए बनाया गया है।*

# पांच सौ टन चीनी सप्लाई का झांसा देकर 1.87 करोड़ की ठगी

हरिभूमि न्यूज:रायपुर

महाराष्ट्र, पुणे के चार कारोबारियों ने राजधानी के एक कारोबारी को 187 करोड़ रुपए कीमत की पांच सौ टन चीनी सप्लाई करने का झांसा देकर ठगी का शिकार बनाया है। कारोबारियों ने रायपुर के कारोबारी के साथ 1.87 करोड़ रुपए की ठगी की है। खमतराई थाने की पुलिस अपराध दर्ज कर जांच कर रही है।

**पुणे के चार कारोबारियों के खिलाफ ठगी की शिकायत**

कारोबारी राजेश अग्रवाल ने नाथबाबा एग्रो ट्रेड हब प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधि राजीव मोरे और कंपनी के अन्य संचालक रफीक बाबा शेख, मिनोज बाबा शेख और गजाला शेख के खिलाफ ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। पुणे के कारोबारियों ने राजेश से पहले समय पर माल की आपूर्ति कराने का विश्वास जीता, फिर 500 टन चीनी की सप्लाई का झांसा देकर 1.87 करोड़ रुपए आरटीजीएस के जरिए ले लिए, लेकिन माल कभी नहीं भेजा।

खमतराई थाना में दर्ज एफआइआर के अनुसार श्रीनगर रोड स्थित सिंघल प्रोविजन स्टोर्स के संचालक राजेश अग्रवाल कई वर्षों से थोक शक्कर का कारोबार करते हैं। फरवरी 2025 में उनकी पहचान नाथबाबा एग्रो ट्रेड हब प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधि बताने वाले राजीव मोरे से हुई। शुरुआत में 35 टन और फिर 70 टन चीनी के आर्डर का भुगतान करने पर कंपनी ने माल की आपूर्ति कर दी। इससे कारोबारी का कंपनी पर विश्वास बढ़ गया।

# तस्कर के यार्ड में खैर के साथ प्रतिबंधित कहुआ लकड़ी के गोले जब्त

हरिभूमि न्यूज:रायपुर

लकड़ी तस्कर के तेंदुआ स्थित यार्ड में गुरुवार के पूर्व जब्त लकड़ी के गोले का मेजरमेंट किया गया। पहले दिन के मेजरमेंट में 5.62 घन मीटर तीन लकड़ी जब्त की गई। देर शाम तक आधे लकड़ी के गोले का मेजरमेंट हो पाया है। मेजरमेंट की कार्रवाई शुक्रवार को भी की जाएगी। खैर के साथ प्रतिबंधित कहुआ के गोले जब्त किए गए। लकड़ी तस्कर मनीष अग्रवाल की अब तक गिरफ्तारी नहीं हो पाई है विभागीय अधिकारियों के अनुसार मनीष अग्रवाल की आर्थिक गतिविधियों और उसकी संपत्तियों की भी जांच कराई जाएगी। इसके लिए विभाग ने आयकर और जीएसटी विभाग को पत्र भेजा है। जांच में सामने आया कि लकड़ियां मथुरा, हरियाणा और राजस्थान भेजी जानी थी। तस्कर के खिलाफ प्रदेश के अलग-अलग जिलों में खैर सहित अन्य बहुमूल्य वन उत्पादों की तस्करी के आधा दर्जन से ज्यादा मामले दर्ज हैं। जांच में सामने आया है कि मनीष अग्रवाल ने तेंदुआ स्थित गोदाम को 11 मार्च 2026 को किराए पर लिया था। गोदाम का मासिक किराया 28 हजार रुपए तय हुआ था। यार्ड मालिक धर्मवीर सिंह के अनुसार उसे लकड़ी तस्कर के काम की जानकारी नहीं थी, उसे यह नहीं बताया गया था कि गोदाम का इस्तेमाल किस काम के लिए किया जाएगा।

## OFFICE OF THE PRINCIPAL, GOVERNMENT ENGINEERING COLLEGE, BILASPUR (C.G.) 495009

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय, बिलासपुर (छ. ग.) 495009 Phone: 07752-260289, Email:- principalgecbilaspur@gmail.com Website :- www.gecbsp.ac.in

क्रमांक/स्था-2/2026/1631 बिलासपुर, दिनांक 14/7/26

**- Walk in Interview for Part Time Lecturer :-**

शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय, बिलासपुर में सत्र 2026-27 विषम सेमेस्टर के लिए
1. माईनिंग इंजीनियरिंग
2. इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग, वीएलएसआई डिजाईन एण्ड टेक्नोलॉजी

संकाय के लिए अंशकालीन व्याख्याता (प्रति पिरियड रू. 800/- की दर से अधिकतम रू. 56100/- प्रतिमाह) की आवश्यकता है। इच्छुक उम्मीदवार दिनांक 04.08.2026 को अपने मूल दस्तावेजों एवं एक सेट सत्यापित फोटो कापी सहित संबंधित विभागाध्यक्ष कार्यालय में प्रात: 11:00 बजे साक्षात्कार के लिए उपस्थित हो सकते है। दस्तावेजो में पैन कार्ड व आधार कार्ड की फोटोप्रति भी संलग्न करें। इन पदों के लिए शैक्षणिक अर्हताएं ए.आई.सी.टी.ई. मापदण्डों के अनुसार होगी।

विज्ञापन महाविद्यालय की वेबसाइट www.gecbsp.ac.in पर देखी जा सकती है।

जी-262702121/1

**प्राचार्य, शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय, बिलासपुर छ.ग.**

## न्यायालय तहसीलदार तखतपुर, जिला बिलासपुर छ.ग.

रा.प्र.क्र/बी-121/2025-26
ग्राम बघेलकापा तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग.

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, कार्यालय आयुक्त भू-अभिलेख छत्तीसगढ़ इंद्रावती भवन, प्रथम तल, ब्लाक नम्बर 02, नवा रायपुर अटल नगर, जिला रायपुर के पत्र क्रमांक/2787/01/आ.भू.अ./ स्वा.यो./2024 नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 20.05.2024 के अनुसार राज्य में स्वामित्व योजना आबादी भूमि सर्वे उपरांत ग्राम बघेलकापा प.ह.न. 10 तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. का भारतीय सर्वेक्षण विभाग द्वारा मसौदा मानचित्र मैप 2 का प्रारंभिक प्रकाशन हेतु प्राप्त हुआ है। उपरोक्त परिपालन में स्वामित्व योजनांतर्गत अधिकार अभिलेख (Property Card) वितरण हेतु हल्का पटवारी से सूची प्राप्त हुआ है। (हितग्राहियों की सूची संलग्न है।)

उक्त सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना चाहते है तो वे या तो स्वयं या अपने किसी मान्य अभिकर्ता अधिवक्ता के द्वारा दिनाक 27/07/2026 को या उसके पूर्व न्यायालयीन समयावधि में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जाएगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 10/07/2026 को जारी किया जाता है।

जी-262702137/1

**तहसीलदार तखतपुर**

## कार्यालय कार्यपालन अभियन्ता लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग बेमेतरा जिला बेमेतरा (छ.ग.) जय स्तंभ चौक बेमेतरा

दूरभाष क्र. 07824-222019, फैक्स क्र. 07824-222018
Email :- ee.bemetara@gov.in

**निविदा निरस्तीकरण सूचना**

इस कार्यालय द्वारा प्रकाशित "रूचि की अभिव्यक्ति" के प्रकाशन दिनांक 01.07.2026 को अपरिहार्य कारणो से निरस्त किया जाता है।

**कार्यपालन अभियन्ता लोक निर्माण विभाग बेमेतरा संभाग बेमेतरा**

जी. 262702172/3

## छत्तीसगढ़ राज्य हाथकरघा विकास एवं विपणन सहकारी संघ मर्या.

बी-26, सेक्टर-07, न्यू राजेन्द्र नगर, रायपुर फोन - 0771 4059181
E-mail: cghandloom@gmail.com

**अभिरूचि की अभिव्यक्ति**

छत्तीसगढ़ राज्य हाथकरघा विकास एवं विपणन सहकारी संघ मर्या. रायपुर द्वारा पुरूष एवं महिला परिधानों के लिए उच्च गुणवत्ता वाले परिधानों के सैम्पल विकास, सिलाई एवं उत्पादन कार्य हेतु अनुभवी मास्टर दर्जी, पैटर्न मास्टर, रेडिमेड सैम्पलिंग विशेषज्ञ तथा टेलरिंग ईकाईयों से अभिरुचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित जाती हैं।

पुरूष एवं महिला परिधानो हेतु विशेषज्ञ दर्जी / टैलरिंग ईकाईयों द्वारा अपनी सेवाएं प्रदान करने में रुचि रखने वाले पात्र उम्मीदवार कार्यालयीन समय में दिनांक 07.08.2026. तक इस कार्यालय में अपना पूर्ण बायोडाटा के साथ आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।
(प्रबंध संचालक महोदय द्वारा अनुमोदित)

**सचिव**
**छत्तीसगढ़ राज्य हाथकरघा विकास एवं विपणन सहकारी संघ मर्या. रायपुर**

संवाद - 48479

# एपीके फाइल भेज कर सीए के अकाउंट से चार लाख उड़ाने वाले झारखंड से अरेस्ट

**रायपुर।** सीए को एपीके फाइल भेज कर उनके अकाउंट से 3.94 लाख रुपए उड़ाने वाले दो जालसाजों को एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट के साथ डीडीनगर पुलिस ने झारखंड, बोकारो से गिरफ्तार किया है।

कंचनगंगा फेस-2, डीडी नगर निवासी चार्टर्ड अकाउंटेंट विष्णु दत्त बघेल ने शिकायत पर पुलिस ने विशाल कुमार सिंह (26) और महेश प्रसाद सिंह (34) को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने मोबाइल हैक कर बैंक खातों से रुपए उड़ाए थे। दोनों आरोपियों ने अपने साथियों के साथ मिलकर सीए के मोबाइल पर एपीके फाइल मैसेज भेजा था। मैसेज ओपन करते ही मोबाइल हैक हो गया और तीन दिनों में यूको बैंक और एक्सिस बैंक खातों से पैसे निकाल लिए गए। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने दो मोबाइल फोन, एक चेक बुक और दो हजार रुपए नकद जब्त किए हैं। जालसाजों को पकड़ने क्राइम और डीडी नगर थाना की संयुक्त टीम बनाई गई। टीम ने बैंक ट्रांजेक्शन, मोबाइल डेटा, इलेक्ट्रानिक साक्ष्य और तकनीकी इनपुट का विश्लेषण किया। जांच में आरोपियों की लोकेशन झारखंड के बोकारो जिले में मिली। इसके बाद पुलिस टीम वहां पहुंची और लगातार निगरानी के बाद दोनों जालसाजों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में दोनों ने कबूल किया कि उन्होंने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर फर्जी मैसेज भेजे, जिससे पीड़ित का मोबाइल हैक हुआ और फिर बैंक खातों से अनाधिकृत आनलाइन ट्रांजेक्शन कर रकम निकाल ली गई।

# भुगतान नहीं होने से नाराज कांट्रैक्टर आज विधानसभा का घेराव करेंगे

रायपुर। जल जीवन मिशन का दो साल से बकाया भुगतान नहीं होने से नाराज छत्तीसगढ़ कांट्रैक्टर एसोसिएशन शुक्रवार को विधानसभा का घेराव करेगा। कांट्रैक्टर एसोसिएशन ने आरोप लगाया है कि सरकारी निर्माण विभागों में मनमानी के कारण निर्माण कार्य पूर्ण होने बाद भी बिलों का भुगतान नहीं किया जा रहा है। इससे प्रदेशभर के कांट्रेक्टर आक्रोशित हैं। उनका आरोप है कि शासन-प्रशासन की उदासीन रवैए के कारण निर्माण कार्य कराने वाले कांट्रेक्टरों की आर्थिक स्थिति खराब है। लोक यांत्रिकीय विभाग के अंतर्गत जल जीवन मिशन में हर घर जल योजना का कार्य करने वाले ठेकेदारों का 2200 करोड़ रुपए का भुगतान नहीं किया गया है। इससे परेशान ठेकेदारों ने पिछले सप्ताह राजधानी में एकजुट होकर नीर भवन का घेराव किया। इसके बावजूद निराकरण नहीं होने पर अब छत्तीसगढ़ कांट्रेक्टर्स एसोसिएशन ने विधानसभा घेराव का ऐलान किया है।

## कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास) कोरबा, जिला-कोरबा (छ.ग.)

क्रमांक / निर्माण/2026-27/1229 कोरबा, दिनांक 15/07/2026

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग की ओर से लोक निर्माण विभाग छत्तीसगढ़ में पंजीकृत ठेकेदारों से लोक निर्माण विभाग द्वारा जारी अनुसूची दर पुस्तिका छ.ग. शासन रायपुर दिनांक 01.01.2015 से प्रभावशील दर पर ई-टेंडरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर पर नीचे लिखे कार्यों हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसकी अंतिम तिथि 12.08.2026 है।

| क्र. | कार्य का नाम | वि. ख. | मद | निविदा राशि (लाख में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | अमानत राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्री.मै. आदिवासी बालक छात्रावास कोरबा का अहाता एवं गार्ड रूम निर्माण | कोरबा | D.M.F. | 15.56 | 04 माह | 11,670/- |
| 2 | आदिवासी कन्या आश्रम कुदमुरा का अहाता एवं गार्ड रूम निर्माण | कोरबा | D.M.F. | 15.56 | 04 माह | 11,670/- |
| 3 | प्री.मै. आदिवासी बालक छात्रावास करतला का अहाता एवं गार्ड रूम निर्माण | करतला | D.M.F. | 15.56 | 04 माह | 11,670/- |
| 4 | पो.मै. आदिवासी बालक छात्रावास कटघोरा का अहाता एवं गार्ड रूम निर्माण | कटघोरा | D.M.F. | 18.90 | 04 माह | 14,175/- |
| 5 | प्री.मै. आदिवासी बालक छात्रावास / आदिवासी बालक आश्रम चैतमा का अहाता एवं गार्ड रूम निर्माण | पाली | D.M.F. | 15.56 | 04 माह | 11,670/- |
| 6 | आदिवासी बालक आश्रम चोढ़ा का अहाता एवं गार्ड रूम निर्माण | पाली | D.M.F. | 15.56 | 04 माह | 11,670/- |
| 7 | आदिवासी कन्या आश्रम रजकम्मा का अहाता एवं गार्ड रूम निर्माण | पाली | D.M.F. | 14.93 | 04 माह | 11,198/- |
| 8 | प्री.मै. आदिवासी बालक छात्रावास पसान का अहाता एवं गार्ड रूम निर्माण | पोड़ीउपरोडा | D.M.F. | 15.56 | 04 माह | 11,670/- |
| 9 | आदिवासी बालक आश्रम अरसिंया का अहाता एवं गार्ड रूम निर्माण | पोड़ीउपरोडा | D.M.F. | 14.93 | 04 माह | 11,198/- |
| | | | योग | 142.12 | | |

नोट:- 1. ठेकेदारों की श्रेणी प्रति कार्यों में "डी" क्लास या उससे उपर।
टीप:- निविदा की शर्ते व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in/ में देखी जा सकती है।

**सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कोरबा**

जी. 262702158/2

## कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास) कोरबा, जिला-कोरबा (छ.ग.)

क्रमांक / निर्माण/2026-27/1226 कोरबा, दिनांक 15/07/2026

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग की ओर से लोक निर्माण विभाग छत्तीसगढ़ में पंजीकृत ठेकेदारों से लोक निर्माण विभाग द्वारा जारी अनुसूची दर पुस्तिका छ.ग. शासन रायपुर दिनांक 01.01.2015 से प्रभावशील दर पर ई-टेंडरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर पर नीचे लिखे कार्यों हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसकी अंतिम तिथि 12.08.2026 है।

| क्र. | कार्य का नाम | वि. ख. | मद | निविदा राशि (लाख में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित) | अमानत राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्री.मै. आदिवासी बालक छात्रावास कोरबा का भवन निर्माण | कोरबा | D.M.F. | 263.75 | 20 माह | 1,97,813/- |
| 2 | आदिवासी कन्या आश्रम कुदमुरा का भवन निर्माण | कोरबा | D.M.F. | 188.17 | 18 माह | 1,41,128/- |
| 3 | प्री.मै. आदिवासी बालक छात्रावास करतला का भवन निर्माण | करतला | D.M.F. | 263.75 | 20 माह | 1,97,813/- |
| 4 | पो.मै. आदिवासी बालक छात्रावास कटघोरा का भवन निर्माण | कटघोरा | D.M.F. | 168.12 | 16 माह | 1,26,090/- |
| 5 | प्री.मै. आदिवासी बालक छात्रावास / आदिवासी बालक आश्रम चैतमा का भवन निर्माण | पाली | D.M.F. | 263.75 | 20 माह | 1,97,813/- |
| 6 | आदिवासी बालक आश्रम चोढ़ा का भवन निर्माण | पाली | D.M.F. | 188.17 | 18 माह | 1,41,128/- |
| 7 | आदिवासी कन्या आश्रम रजकम्मा का भवन निर्माण | पाली | D.M.F. | 147.76 | 16 माह | 1,10,820/- |
| 8 | प्री.मै. आदिवासी बालक छात्रावास पसान का भवन निर्माण | पोड़ीउपरोडा | D.M.F. | 263.75 | 20 माह | 1,97,813/- |
| 9 | आदिवासी बालक आश्रम अरसिंया का भवन निर्माण | पोड़ीउपरोडा | D.M.F. | 147.76 | 16 माह | 1,10,820/- |
| | | | योग | 1894.98 | | |

नोट:- 1. ठेकेदारों की श्रेणी स.क्र. 01, 03, 05, 08 में "ब" क्लास या उससे उपर एवं शेष कार्यो में "सी" क्लास या उससे उपर।
टीप:- निविदा की शर्ते व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in/ में देखी जा सकती है।

जी. 262702157/5

**सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कोरबा**

## छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग
## सामान्य वनमण्डल रायगढ़ छ.ग.

**नीलाम विज्ञापन**

सर्व सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि रायगढ़ वनमण्डल रायगढ़ के अधीनस्थ काष्ठागार उर्दना रायगढ़ में उपलब्ध ईमारती लकड़ी (काष्ठ, जलाऊ,) एवं बांस का दर्शित तिथि व समय में ई-ऑक्सन द्वारा निवर्तन किया जाना है। इच्छुक व्यापारी ई-ऑक्सन में अवश्य भाग लेवें। ई-ऑक्सन की शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमण्डल कार्यालय अथवा काष्ठागार उर्दना से प्राप्त कर सकते है।

डिपो का नाम — काष्ठागार (उर्दना) रायगढ़
(1) नीलाम दिनांक — 21.07.2026
(2) नीलाम समय — प्रात: 9:00 बजे से प्रारंभ

| क्र. | प्रजाति | नया वनोपज | | | पुराना वनोपज | | | योग वनोपज | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | लट्ठा घ.मी. | बल्ली नग | डेंगरी नग | लट्ठा घ.मी. | बल्ली नग | डेंगरी नग | लट्ठा घ.मी. | बल्ली नग | डेंगरी नग |
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07 | 08 | 09 | 10 | 11 |
| 1 | सागौन | 0.000 | 0 | 0 | 4.608 | 279 | 124 | 4.608 | 279 | 124 |
| 2 | साल | 170.938 | 0 | 0 | 884.662 | 1457 | 61 | 1055.600 | 1457 | 61 |
| 3 | बीजा, शीशम, तिन्सा | 0.000 | 0 | 0 | 47.612 | 0 | 0 | 47.612 | 0 | 0 |
| 4 | खम्हार | 0.000 | 0 | 0 | 0.000 | 0 | 0 | 0.000 | 0 | 0 |
| 5 | साजा/अर्जुन | 3.254 | 0 | 0 | 14.427 | 0 | 0 | 17.681 | 0 | 0 |
| 6 | हल्दू, मुण्डी, कसई | 0.000 | 0 | 0 | 17.020 | 0 | 0 | 17.020 | 0 | 0 |
| 7 | धावड़ा | 2.951 | 0 | 0 | 0.269 | 46 | 25 | 3.220 | 46 | 25 |
| 8 | सलिहा | 0.000 | 0 | 0 | 0.000 | 0 | 0 | 0.000 | 0 | 0 |
| 9 | अन्य | 0.000 | 0 | 0 | 20.149 | 2175 | 329 | 20.149 | 2175 | 329 |
| 10 | आर.टी.एल | 0.000 | 0 | 0 | 0.000 | 0 | 0 | 0.000 | 0 | 0 |
| | योग | 177.143 | 0 | 0 | 988.747 | 3957 | 539 | 1165.890 | 3957 | 539 |
| 11 | सतकठा जलाऊ | 368 | चट्टा | 0 | 1012 | चट्टा | 0 | 1380 | चट्टा | |
| 12 | सागौन जलाऊ | 0 | चट्टा | 0 | 0 | चट्टा | 0 | 0 | चट्टा | |
| 13 | औद्योगिक बांस | 49.583 | नो.टन | 0 | 1.421 | नो.टन | 0 | 51.004 | नो.टन | |
| 14 | व्यापारिक बांस | 0 | नग | 0 | 16566 | नग | 0 | 16566 | नग | |

टीप:- 1. क्रेता को ई-ऑक्सन के पूर्व एम एस.टी.सी. ई-कार्मस पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है। 2. क्रेताओं को ई-ऑक्सन के पूर्व क्रय लाटो के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वॉलेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई.एम.डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है। 3. लॉट की थप्पी एवं फोटो एम.एस.टी.सी.ई कार्मस पोर्टल में अपने आई.डी. से लॉगईन करके देख सकते है। 4. ई-ऑक्शन में लॉट क्रय के पश्चात प्रथम क्रेता को 40 सेकण्ड का समय प्राप्त होगा, उसी लॉट में अन्य क्रेताओं द्वारा 40 सेकण्ड के पूर्व क्रय करने पर 30 सेकण्ड का समय प्राप्त होगा। 5. प्रत्येक लॉट 30 सेकंड की अवधि के लिए बोली लगाने के लिए लाईव रहेगा। यदि अंतिम 20 सेकंड में कोई बोली प्राप्त नहीं होती है तो लॉट बंद कर दिया जायेगा।

जी-262702119/4

**वनमण्डलाधिकारी, रायगढ़ वनमण्डल रायगढ़**

## कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास) शाखा रायगढ़ (छ.ग.)

क्रमांक 2364/आवि./ प्रयास/2026-27 रायगढ़ दिनांक 15/7/2026

**ई-प्रोक्योरमेंट द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना ।**

**portal:http://eproc.cgstate.gov.in**

वर्ष 2026-27 में मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना अंतर्गत संचालित प्रयास आवासीय विद्यालय रायगढ़ में कक्षा 9वीं, 10वीं, 11वीं एवं 12वीं में अध्यापन सह कोचिंग कार्य हेतु फैकल्टी की व्यवस्था के लिए पंजीकृत कोचिंग संस्थाओं से 28.07.2026 तक ऑनलाईन द्वितीय निविदा आमंत्रित की जाती है।:-

| क्र. | निविदा क्रमांक | कार्य का नाम |
|---|---|---|
| 1 | 195511 | आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा संचालित प्रयास आवासीय विद्यालय के कक्षा 9वीं, 10वीं, 11वीं एवं 12वीं के अध्यापन सह कोचिंग कार्य हेतु फैकल्टी की व्यवस्था के लिए पंजीकृत कोचिंग संस्थाओं से ऑनलाईन "रूचि की अभिव्यक्ति" (वर्ष 2026-27) आमंत्रण । |

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते है।

**सहायक आयुक्त आदिवासी विकास रायगढ़**

जी. 262702170/2

## छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
## कार्यालय मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार, रायपुर (छ.ग.)

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

**eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in**

**(प्रथम आमंत्रण)**

सिस्टम निविदा क्रमांक 195442/निविदा सूचना क्रमांक 04/वलेलि/2026-27, गरियाबंद, दिनांक 15.07.2026 निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 05.08.2026 समय 17:30 तक ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है :

कार्य का नाम : गरियाबंद जिले के विकासखण्ड मैनपुर की नदीपारा में एनीकट निर्माण कार्य।

अनुमानित लागत : रूपये 290.86 लाख

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 22.07.2026 समय 17:31 बजे से देखे तथाडाउनलोड किये जा सकते हैं।

नोट: निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

**कार्यपालन अभियंता**
**जल संसाधन संभाग, गरियाबंद**
**कृते, मुख्य अभियंता, महानदी गोदावरी कछार**
**जल संसाधन विभाग, रायपुर, (छ.ग.)**

जी. 262702165/4

## छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग कार्यालय कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग बलरामपुर जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

**eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in**

**(प्रथम आमंत्रण)**

निविदा सूचना क्रमांक : 02/व.ले.लि./2026-27 दिनांक 15.07.2026

निम्नलिखित कार्यों के लिये दिनांक 05.08.2026 (17.30 बजे) तक ऑनलाईन निविदाएँ आमंत्रित की जाती है :-

| स. क्र | सिस्टम निविदा क्र. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|
| 1 | 195527 | खुटपाली व्यपवर्तन योजना के मुख्य नहर में आर.डी. 90 मी. से 510 मी. के बीच एक्वाडक्ट पियर, सी.डी. 07 नग, व्ही. आर. वी. 08 नग, फाल 02 नग पक्का संरचना निर्माण एवं मुख्य नहर के शेष मिट्टी का कार्य एवं शीर्ष कार्य से जुडे सुरक्षा का कार्य। | रू. 1312.96 लाख। |

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 22.07.2026 समय 17.30 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है।

नोट : निविदा मे भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

**कार्यपालन अभियंता**
**जल संसाधन संभाग बलरामपुर,**
**बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)**
**कृते- मुख्य अभियंता हसदेव गंगा कछार**
**जल संसाधन विभाग अंबिकापुर,**
**सरगुजा (छ.ग.)**

जी-262702146/3

## छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, पुराना हाईकोर्ट बिल्डिंग, बिलासपुर (छ.ग.)

E-mail- cgslsa@gmail.com cgslsa.cg@nic.in
Website- https://chhattisgarh.nalsa.gov.in

F.N./2036/11-16-01/2007 Bilaspur Date 16/07/2026

**स्थाई लोक अदालत (जनोंपयोगी सेवा) में "अन्य व्यक्ति" (Other Person) की नियुक्ति हेतु विज्ञापन**

विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 की धारा 22 बी के अन्तर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुख्यालय बिलासपुर में स्थापित स्थायी लोक अदालत (जनोपयोगी सेवा) में "अन्य व्यक्ति" (Other Person) के नियुक्ति के लिये रिक्त पद पर अर्हता प्राप्त व्यक्तियों से निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र दिनांक 17.08.2026 के शाम 5.00 बजे तक आमंत्रित किये जाते है:-

**विस्तृत विज्ञापन एवं आवेदन पत्र का प्रारूप छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के वेबसाइट https://chhattisgarh.nalsa.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। अथवा छ.ग. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर या संबंधित जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों से प्राप्त किया जा सकता है।**

टीप:- आवेदन पत्र निर्धारित तिथि तक रजिस्टर्ड डाक द्वारा अथवा छ0ग0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के कार्यालय में कार्यालयीन अवधि में निम्न पते पर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है:-

पता:- छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, पुराना छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय भवन बिलासपुर (छ.ग.)

**सदस्य सचिव,**
**छ.ग.रा.वि.सेवा प्राधिकरण**
**बिलासपुर**

जी-262702177/2

## कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा
## ब्लॉक-3, द्वितीय एवं तृतीय तल, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)

(फोन - 0771-2636413 फैक्स 0771-2263412)
(Email - highereducation.cg@gmail.com Website-www.highereducation.cg.gov.in)

छत्तीसगढ़ राज्य पात्रता परीक्षा (CG-SET) - 2026

**:: संशोधित संक्षिप्त विज्ञापन ::**

क्रमांक - ESTB-101/414/2025/38-1/higheredu
नया रायपुर, अटल नगर दिनांक 19.06.2026

छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (नेट ब्यूरो) द्वारा छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन मंडल रायपुर को छत्तीसगढ़ राज्य पात्रता परीक्षा (CG-SET) 2026 हेतु "राज्य एजेंसी" के रूप में नियत किया गया है। सेट परीक्षा हेतु पात्र उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन पत्र छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन रायपुर के वेबसाइट https://cgssb.cgstate.gov.in पर आमंत्रित किये जायेंगे।

परीक्षा की संभावित तिथि दिनांक 04 अक्टूबर, 2026 है। CG-SET 2026 के सम्बंध में विस्तृत जानकारी छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन मंडल रायपुर के वेबसाइट https://cgssb.cgstate.gov.in पर उपलब्ध होगी।

**आयुक्त**
**उच्च शिक्षा संचालनालय**
**छत्तीसगढ़**

जी. 262702178/1

## कार्यालय कलेक्टर, जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.) (आदिवासी विकास शाखा)

Phone No. 07856-252441, Fax No. 07856-252441,
Email: actd.dantewada@gov.in

क्रमांक/1393/आ.वि./निर्माण/2026-27 दन्तेवाड़ा, दिनांक 14/07/2026

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना**
**(द्वितीय ई-निविदा सूचना)**

कार्यालयीन पत्र क्रमांक 1390/आ.वि./निर्माण/2026-27 दंतेवाड़ा दिनांक 14.07.2026 द्वारा निम्न दर्शित कार्यों का ई-प्रोक्योरमेन्ट में ई-टेंडरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर पर निविदा आमंत्रित की गई है। जिसका विवरण निम्नानुसार है। :-

1-ई निविदा प्रारंभ तिथि-17.07.2026 11.00 बजे से
2-ऑनलाइन ई-निविदा जमा करने की अंतिम तिथि-27.07.2026 05.00 बजे तक
3-निविदा प्रपत्र की चालान एवं अमानत राशि (एफ.डी.आर.) एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत करने हेतु अंतिम तिथि (स्पीड पोस्ट से)-31.07.2026 05.00 बजे तक
4-ई निविदा खोलने की तिथि-03.08.2026 11.00 बजे

| स. क्र. | ऑनलाईन निविदा क्रमांक | कार्य का नाम / स्थान का नाम | निविदा की राशि (लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 195516 | 50 सीटर आदिवासी बालक आश्रम बोदली का भवन निर्माण कार्य | 162.76 |
| 2 | 195518 | 50 सीटर आदिवासी कन्या आश्रम समेली का भवन निर्माण कार्य | 162.76 |
| 3 | 195519 | 50 सीटर आदिवासी बालक आश्रम नहाड़ी का भवन निर्माण कार्य | 162.76 |
| 4 | 195520 | 50 सीटर आदिवासी बालक आश्रम बुरगुम का भवन निर्माण कार्य | 162.76 |
| 5 | 195521 | 50 सीटर आदिवासी बालक आश्रम पोटाली का भवन निर्माण कार्य | 162.76 |
| 6 | 195522 | 50 सीटर आदिवासी बालक आश्रम कौरगॉव का भवन निर्माण कार्य | 162.76 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेन्ट वेबसाईट - https://eproc.cgstate.gov.in पर में देखे जा सकते है।

**सहायक आयुक्त,**
**आदिवासी विकास, दंतेवाड़ा**

जी-262702169/5

# विश्व के टॉप 10 में से 7 बैंक चीन के, अमेरिका और यूरोप से निकला आगे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ग्लोबल बैंकिंग से जुड़ी मशहूर मैगजीन 'द बैंकर' दुनिया के 100 सबसे बड़े बैंकों की एक लिस्ट बनाई है, इनमें टॉप-10 बैंकों में से 7 बैंक अकेले चीन के हैं। इंडस्ट्रियल एंड कमर्शियल बैंक ऑफ चाइना (आईसीबीसी), चाइना कंस्ट्रक्शन बैंक, एग्रीकल्चरल बैंक ऑफ चाइना और बैंक ऑफ चाइना टॉप चार पोजीशन पर हैं। ये इस पोजीशन पर साल 2019 से कायम रहे हैं।

पोस्टल सेविंग्स बैंक ऑफ़ चाइना-जो 2007 में पोस्ट ऑफिस के सेविंग्स काउंटर से बनाया गया था- पहली बार टॉप दस में शामिल हुआ है। टॉप 100 में 22 चीनी बैंक है। लिस्ट में जेपी मॉर्गन चेस, बैंक ऑफ अमेरिका और सिटीग्रुप भी हैं, जो चीन के नहीं है। टॉप 100 की लिस्ट में भारतीय बैंकों का कोई अता-पता नहीं है।

- ग्लोबल बैंकिंग की मशहूर मैगजीन द बैंकर ने जारी की सूची
- सूची की शीर्ष 100 में एक भी भारतीय बैंक शामिल नहीं

### चीन के सबसे बड़े बैंक के पास 7.6 ट्रिलियन डॉलर की संपत्ति

*चीन का सबसे बड़ा बैंक आईसीबीसी है, जो 7.6 ट्रिलियन डॉलर की संपत्ति को संभालता है। भारत की पूरी जीडीपी इसकी आधी है। चीन के टॉप बैंकों के मुकाबले भारत का सबसे बड़ा बैंक- स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) काफी छोटा है। चीन इन बैंकों के जरिए अमेरिकी डॉलर का रुतबा खत्म करा चाहता है। चीन चाहता है कि डॉलर की जगह दुनियाभर में कारोबार के लिए युआन का इस्तेमाल हो।*



### बैंक कर्ज न पटाने पर बंदरगाह कब्जे में लेते हैं

जब कोई देश कर्ज नहीं चुका पाते हैं, तो चीन इनके बंदरगाहों या जमीन को कब्जे में ले लेता है। इसे 'स्ट्रिंग ऑफ पर्ल्स' या भारत को घेरने की रणनीति कहते हैं। 'स्ट्रिंग ऑफ पर्ल्स' को आप एक जियोपॉलिटिकल थ्योरी के तौर पर समझ सकते हैं, जो यह बताती है कि चीन, भारत को किस तरह से जमीन और समुद्र के रास्ते घेरने की तैयारी कर रहा है।

### सभी बड़े बैंक सरकारी

*चीन के सभी बड़े बैंक सरकारी हैं, जो पैसों का इस्तेमाल कारोबार से ज्यादा अपनी विदेश नीति के लिए करते हैं। इन बैंकों के पास इतना पैसा होता है, तो कि यह श्रीलंका, पाकिस्तान और बांग्लादेश जैसे अपने पड़ोस में स्थित देशों को भारी-भरकम कर्ज देने का दम रखते हैं।*

### चीनी बैंकों के पास पैसों की कमी नहीं

*चूंकि इन बैंकों के पास पैसों की कोई कमी नहीं है इसलिए ये आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और ब्लॉकचेन जैसी नई तकनीकों पर भर-भरकर निवेश कर रहे हैं ताकि भविष्य की टेक्नोलॉजी पर इनका कब्जा हो। ऐसे में अगर आने वाले समय में डिजिटल बैंकिंग, इंटरनेशनल पेमेंट गेटवे पर चीनी बैंकों का दबदबा रहेगा, तो ऑनलाइन सुरक्षा के नियम, तकनीक वगैरह ये ही तय करेंगे, जो भारत के लिए किसी बड़ी चुनौती से कम नहीं होगी।*

## खबर संक्षेप

### एक्जिम बैंक ने वित्त मंत्री को सौंपा लाभांश चेक



**नई दिल्ली।** भारतीय निर्यात-आयात बैंक (एक्जिम बैंक) ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 428 करोड़ रुपये के लाभांश का चेक वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को सौंपा। एक्जिम बैंक ने बयान में कहा कि बैंक ने 2025-26 में 4,273 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया, जिसमें से शुद्ध लाभ का 10 प्रतिशत यानी 428 करोड़ रुपये भारत सरकार को लाभांश के रूप में हस्तांतरित किया गया।

### साउथ इंडियन बैंक का लाभ 17 प्रतिशत बढ़ा




**नई दिल्ली।** साउथ इंडियन बैंक का चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में शुद्ध लाभ 17 प्रतिशत बढ़कर 378 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है, जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में उसे 322 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। निजी क्षेत्र के बैंक ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि जून, 2026 तिमाही के दौरान उसकी कुल आय बढ़कर 3,007 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले की समान अवधि में 2,984 करोड़ रुपये थी। समीक्षाधीन तिमाही में बैंक की ब्याज आय भी बढ़कर 2,628 करोड़ रुपये हो गई। जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 2,362 करोड़ रुपये थी।

### आईटीसी होटल्स के लाभ में 36 फीसदी का इजाफा



**नई दिल्ली।** आईटीसी होटल्स लिमिटेड का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में 36 प्रतिशत बढ़कर 181.91 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण भारतीय आतिथ्य उद्योग की मांग पर शुरुआती दौर में असर पड़ा। आईटीसी होटल्स को वित्त वर्ष 2025-26 की की समान तिमाही 133.71 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ हुआ था।

### विप्रो का शुद्ध लाभ 3,352 करोड़ पर स्थिर




**नई दिल्ली।** सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनी विप्रो का चालू वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 3,352 करोड़ रुपये पर लगभग स्थिर रहा। कंपनी का शुद्ध लाभ 2025-26 की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही में 3,330.4 करोड़ रुपये था। विप्रो ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि कंपनी की परिचालन आय पहली तिमाही में 10.6 प्रतिशत बढ़कर 24,478.6 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 22,134.6 करोड़ रुपये थी। कंपनी का शुद्ध लाभ तिमाही आधार पर 4.2 प्रतिशत घटा, जबकि परिचालन आय में एक प्रतिशत की मामूली वृद्धि हुई।

## नए मानदंड 1 अप्रैल 2027 से पांच साल के लिए प्रस्तावित

# सरकार ने नए सीएएफई मानदंडों का मसौदा किया जारी, हितधारकों से सुझाव मांगे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली


सरकार ने कॉरपोरेट औसत ईंधन दक्षता (सीएएफई) विनियमों के तीसरे चरण के तहत यात्री वाहनों के लिए अधिक कड़े ईंधन दक्षता मानदंड प्रस्तावित किए हैं। इनमें कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन के अधिक सख्त लक्ष्य, स्वच्छ प्रौद्योगिकियों के लिए प्रोत्साहन और बाजार-आधारित अनुपालन व्यवस्था शामिल है।

केंद्रीय बिजली मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को नए सीएएफई मानदंड का मसौदा हितधारकों के परामर्श के लिए जारी किया। नए मानदंडों को एक अप्रैल, 2027 से पांच साल के लिए लागू करने का प्रस्ताव है। वाहनों से होने वाले उत्सर्जन में चरणबद्ध तरीके से कमी लाने के उद्देश्य से तैयार किए गए ये नए मानदंड मौजूदा सीएएफई (द्वितीय) मानदंड का स्थान लेंगे।

### आकलन दो चरणों में किया जाएगा

*मौजूदा सीएएफई मानदंड की अवधि 31 मार्च, 2027 तक है। मानदंड के अनुपालन का आकलन दो चरणों में किया जाएगा। पहला चरण तीन वर्ष का होगा जिसके बाद दो साल का दूसरा चरण होगा। प्रस्तावित नियम 2027-28 से 2031-32 की अवधि के दौरान भारत में बिक्री के लिए विनिर्मित या आयातित एम-1 श्रेणी के उन यात्री वाहनों पर लागू होंगे, जिनमें चालक के अतिरिक्त आठ से अधिक सीट नहीं होंगी।*

## यात्री वाहनों के लिए अधिक कड़े ईंधन दक्षता मानदंड प्रस्तावित




### ईंधन खपत के लक्ष्य कड़े किए जाएंगे

- *कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन के अधिक सख्त लक्ष्य*
- *स्वच्छ प्रौद्योगिकी के लिए प्रोत्साहन व्यवस्था शामिल*

*प्रस्तावित मसौदे में ईंधन खपत के लक्ष्य चरणबद्ध तरीके से और कड़े किए जाएंगे। इन्हें वर्ष 2027-28 में 3.99 लीटर प्रति 100 किलोमीटर (94.76 ग्राम कार्बन डाइऑक्साइड प्रति किलोमीटर) से घटाकर वर्ष 2031-32 तक 3.32 लीटर प्रति 100 किलोमीटर (78.90 ग्राम कार्बन डाइऑक्साइड प्रति किलोमीटर) करने का प्रस्ताव है।*

### लाभ 1 ग्राम प्रति किमी तक सीमित

*मसौदे में स्वीकृत ईंधन-बचत प्रौद्योगिकियों के लिए प्रति किलोमीटर कार्बन डाइऑक्साइड (सीओ2) उत्सर्जन में अधिकतम नौ ग्राम तक अनुपालन प्रोत्साहन देने का भी प्रस्ताव है। हालांकि, प्रत्येक प्रौद्योगिकी के लिए यह लाभ अधिकतम एक ग्राम प्रति किलोमीटर तक सीमित रहेगा।*

### क्रेडिट-डेबिट व्यवस्था का भी प्रस्ताव

*बेड़े की औसत ईंधन खपत की गणना के दौरान बैटरी इलेक्ट्रिक वाहन, रेंज-एक्सटेंडेड इलेक्ट्रिक वाहन, प्लग-इन हाइब्रिड, स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड और फ्लेक्स-फ्यूल वाहन के लिए मात्रा-आधारित 'सुपर क्रेडिट' की मौजूदा व्यवस्था बरकरार रखने का प्रस्ताव है। मसौदे में क्रेडिट-डेबिट व्यवस्था का भी प्रस्ताव है।*

### वाहन विनिर्माताओं को अनुपालन क्रेडिट मिलेगा

इसके तहत निर्धारित लक्ष्य से बेहतर प्रदर्शन करने वाले वाहन विनिर्माताओं को अनुपालन क्रेडिट मिलेगा, जिसे वे उसी अनुपालन अवधि के भीतर आगे के लिए ले जा सकेंगे। इसके तहत जो वाहन विनिर्माता अपने निर्धारित लक्ष्य पूरे नहीं कर पाएंगे, वे आगे ले जाए गए क्रेडिट, अन्य वाहन विनिर्माताओं के साथ स्वैच्छिक 'पूलिंग' व्यवस्था या भारतीय ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई) से अनुपालन क्रेडिट खरीदकर अपनी बाध्यता पूरी कर सकेंगे।

### उपयोग न करने पर क्रेडिट स्वतः समाप्त होगा

*प्रस्ताव में प्रत्येक अनुपालन क्रेडिट के लिए शुरुआती 'बायआउट' (किसी के एवज में कुछ खरीदना) मूल्य 2,500 रुपये निर्धारित किया गया है, जिसे हर वर्ष 500 रुपये बढ़ाया जाएगा। अनुपालन अवधि समाप्त होने तक उपयोग नहीं किए गए क्रेडिट स्वतः समाप्त हो जाएंगे। मानदंड का पालन नहीं करने वाले वाहन विनिर्माताओं पर ऊर्जा संरक्षण अधिनियम के तहत जुर्माना लगाया जाएगा।*

### जनता से छह अगस्त तक सुझाव मांगे गए

*हालांकि, सालाना 1,000 से कम यात्री वाहन बेचने वाले वाहन विनिर्माताओं को इससे छूट मिलेगी। बिजली मंत्रालय ने मसौदा मानदंडों पर हितधारकों और आम जनता से छह अगस्त तक सुझाव मांगे हैं। मंत्रालय ने कहा कि प्रस्तावित मानदंड 2027-28 से 2031-32 के दौरान भारत में बिक्री के लिए विनिर्मित या आयातित एम-1 श्रेणी के यात्री वाहनों पर लागू होंगे।*

# हीरो मोटोकॉर्प जर्मनी के बाजार में उतरी

## कंपनी ने केएसआर ग्रुप से मिलाया हाथ



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दोपहिया वाहन विनिर्माता कंपनी हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड ने केएसआर ग्रुप के साथ वितरण साझेदारी के जरिये जर्मनी के बाजार में प्रवेश करने की बृहस्पतिवार को घोषणा की। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि इस पहल के तहत वह यूरो-5 प्लस मानकों के अनुरूप अपने उत्पादों की श्रृंखला पेश करेगी, जिसकी शुरुआत 'एक्सपल्स 200 4वी' सीरीज से होगी।

हीरो मोटोकॉर्प के कार्यकारी उपाध्यक्ष (वैश्विक कारोबार, वैश्विक उत्पाद योजना और वैश्विक बाजार अंतर्दृष्टि) संजय भान ने कहा, /"जर्मनी हीरो मोटोकॉर्प की वैश्विक वृद्धि यात्रा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। इटली, स्पेन, फ्रांस और ब्रिटेन में अपनी मौजूदगी के बाद यूरोप की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में प्रवेश कंपनी के वैश्विक कारोबार की बढ़ती ताकत और इस क्षेत्र के प्रति दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को दर्शाता है। कंपनी ने कहा कि जर्मनी उसका यूरोप में पांचवां और वैश्विक स्तर पर 53वां बाजार बन गया है।

### 30 बिक्री केंद्रों का नेटवर्क स्थापित करने का लक्ष्य

*सीईओ ने कहा कि जर्मनी में 30 बिक्री केंद्रों का नेटवर्क स्थापित करने के लक्ष्य के साथ कंपनी को भरोसा है कि हीरो मोटोकॉर्प इस बाजार में सफल शुरुआत करने की स्थिति में है। कंपनी ने बताया कि केएसआर ग्रुप शुरुआत में जर्मनी के प्रमुख शहरों में 28 से अधिक आधिकारिक बिक्री और सेवा केंद्रों के नेटवर्क के माध्यम से हीरो मोटोकॉर्प के उत्पादों को पेश करेगा। इसके बाद पूरे देश में नेटवर्क का तेजी से विस्तार किया जाएगा।*

# शेयर बाजार स्थिर रुख के साथ बंद

## एचडीएफसी व रिलायंस के शेयरों में रही मुनाफा वसूली

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भू-राजनीतिक तनाव के बीच बृहस्पतिवार को एचडीएफसी बैंक एवं रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसे प्रमुख शेयरों में मुनाफावसूली का जोर रहने से स्थानीय शेयर बाजार अपनी तेजी को बरकरार नहीं रख पाया और स्थिर स्तर पर बंद हुआ। विश्लेषकों ने कहा कि कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और एशियाई बाजारों में कमजोरी का भी घरेलू शेयर बाजार पर असर पड़ा। आईटी शेयरों में खरीदारी ने बाजार को एक हद तक समर्थन दिया। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 1.44 अंक की मामूली बढ़त के साथ 77,186.87 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 394.26 अंक चढ़कर 77,579.69 अंक तक चला गया था, लेकिन सत्र के अंत में इसने अपनी पूरी बढ़त गंवा दी। वहीं निफ्टी 5.75 अंक की गिरावट के साथ 24,072.75 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की कंपनियों में इंटरग्लोब एविएशन, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, बजाज फाइनेंस, मारुति, महिंद्रा एंड महिंद्रा और टेक महिंद्रा प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी तरफ, इटर्नल, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, बजाज फिनसर्व, एचडीएफसी बैंक और एक्सिस बैंक के शेयरों में गिरावट रही। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.39 प्रतिशत की गिरावट के साथ 84.62 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।




### कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव कायम

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, /"भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं, कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और एशियाई बाजारों में कमजोरी के कारण निवेशक सतर्क रहे, जिससे बाजार सीमित दायरे में रहा।"

### एशियाई बाजार में मिला-जुला रुख

एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी 6.37 प्रतिशत तक लुढ़क गया। जापान का निक्की और चीन का शंघाई कंपोजिट भी गिरावट के साथ बंद हुए, जबकि हांगकांग का हैंगसेंग सूचकांक बढ़त में रहा। यूरोपीय बाजार दोपहर के सत्र में गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी बाजार बुधवार को बढ़त के साथ बंद हुए थे।

# वित्तीय समावेशन सूचकांक में आया सुधार : आरबीआई

एजेंसी ▶▶| मुंबई

देश में वित्तीय समावेशन की स्थिति दर्शाने वाला सूचकांक (एफआई-इंडेक्स) वित्त वर्ष 2025-26 में 4.48 प्रतिशत बढ़कर 70 पर पहुंच गया, जो उसके एक साल पहले 67 के स्तर पर था। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बृहस्पतिवार को कहा कि मार्च, 2026 में समाप्त होने वाले वर्ष के लिए सूचकांक का संकलन किया जा चुका है और इसमें सभी उप-सूचकांकों में वृद्धि दर्ज की गई है। केंद्रीय बैंक ने कहा कि इस वर्ष वित्तीय समावेशन सूचकांक में सुधार मुख्य रूप से उपयोग में बढ़ोतरी के कारण हुआ है।



### सूचकांक के तीन प्रमुख घटक

इस सूचकांक के तीन प्रमुख घटकों में पहुंच (35 प्रतिशत), उपयोग (45 प्रतिशत) और गुणवत्ता (20 प्रतिशत) शामिल हैं। प्रत्येक घटक कई संकेतकों के आधार पर निर्धारित किया जाता है।

# सोने का भाव लगातार दूसरे दिन स्थिर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- *चांदी में 1,500 रुपए की गिरावट*
- *सोना 1,46,300 रुपए प्रति दस ग्राम*


राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोने की कीमतें लगातार दूसरे दिन 1,46,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर स्थिर रहीं, जबकि वैश्विक बाजार में सुस्ती के कारण चांदी में 1,500 रुपये की गिरावट आई। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,46,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर स्थिर रहा। हालांकि, चांदी लगातार चौथे दिन दबाव में रही और 1,500 रुपये टूटकर 2,24,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स सहित) के स्तर पर आ गई, जो दो सप्ताह से ज़्यादा का निचला स्तर है। बुधवार को यह 2,26,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

चांदी का भाव आखिरी बार 29 जून को इस स्तर के आसपास था, जब यह 2,24,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर कारोबार कर रही थी। पिछले चार दिन में इसमें 12,500 रुपये या 5.3 प्रतिशत की गिरावट आई है। 10 जुलाई को इसका भाव 2,37,000 रुपये प्रति किलोग्राम था।

कारोबारियों ने कहा कि स्थानीय मांग संतुलित होने के कारण सोने की कीमत एक सीमित दायरे में रही, जबकि लगातार मुनाफावसूली और उद्योग की तरफ से कम लिवाली के कारण चांदी दबाव में रही। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, ''बृहस्पतिवार को लगातार दूसरे दिन सोने की कीमत एक सीमित दायरे में रही।

# एचसीएलटेक ने की गार्जियन इंडिया के अधिग्रहण की घोषणा

**नई दिल्ली।** सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) सेवा कंपनी एचसीएलटेक ने गार्जियन इंडिया ऑपरेशंस के अधिग्रहण की बृहस्पतिवार को घोषणा की। यह सौदा 1.05 करोड़ डॉलर (करीब 101 करोड़ रुपये) का है। इस अधिग्रहण के बाद अमेरिकी कंपनी गार्जियन लाइफ इंश्योरेंस के साथ सात साल की साझेदारी के तहत करीब 2,000 कर्मचारी एचसीएलटेक का हिस्सा बन जाएंगे। समझौते के तहत एचसीएलटेक गार्जियन इंडिया ऑपरेशंस में 100 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदेगी। यह इकाई अमेरिकी कंपनी के लिए प्रौद्योगिकी और परिचालन संबंधी वैश्विक क्षमता केंद्र (जीसीसी) के रूप में काम करती है।




**कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छ.ग.) मुख्य कार्यालय - साकेत भवन, आई.टी.आई. चौक, कोरबा (छ.ग.) (टी.पी. नगर जोन)**

फा.क्र./524, 525 एवं 527/निर्माण (टी.पी. नगर जोन)/2026/ कोरबा, दिनांक 13.07.26

**निविदा आमंत्रण की सूचना**

लोक निर्माण विभाग से एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्यों हेतु मैन्युअल निविदा वेबसाईट से डाउनलोड कर बंद लिफाफे के माध्यम से आमंत्रित की जाती है:-

1. निर्धारित प्रारूप में निविदा प्रपत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथि 27.07.26 सायंकाल 3:00 बजे तक
2. निविदा खुलने की अंतिम तिथि 27.07.2026 सायंकाल 4:30 बजे

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर राशि रू. में |
|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्र. 03 अंतर्गत साकेत नगर में शिव मंदिर के सामने आर.सी.सी. नाली एवं सीमेंन्ट कांक्रीट रोड का निर्माण (पार्षद मद 2025-26) (प्रथम निविदा) | 5,93,220/- | 6,000/- |
| 2 | वार्ड क्र. 16 अंतर्गत पम्प हाउस में काली मंदिर के पीछे गीता देवी घर से गजरंग घर तक आर.सी.सी. नाली एवं सीमेन्ट कांक्रीट पेविंग का निर्माण कार्य। (पार्षद मद 2025-26) (प्रथम निविदा) | 5,93,220/- | 6,000/- |
| 3 | कोरबा ढोढ़ीपारा सिविल ऑफिस अहाता के पास रामू सूर्यवंशी घर से साहू खटाल तक सी.सी. रोड व नाली निर्माण कार्य। (अधोसंरचना विकास एवं पर्यावरण उपकर निधि) (प्रथम निविदा) | 8,00,000/- | 6,000/- |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाइट Website : www.korbamunicipal.in एवं www.uad.cg.gov.in में देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

।। स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें।।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम कोरबा (छ.ग.)



**कार्यालय, प्रबंध संचालक, छ.ग. राज्य कृषि विपणन (मण्डी) बोर्ड**
"सरदार वल्लभ भाई पटेल भवन" सेक्टर-24, कयाबांधा, अटल नगर, नवा रायपुर-492018
फोन-0771-2990592, email-mdcgmandiboard@gmail.com,
website-www.agriportal.cg.nic.in

क्र./बी-6/निविदा/401 / पशु प्रजनन प्रक्षेत्र चंद्रखुरी/26-27/2273 रायपुर, दिनांक 15/07/2026

**ई-प्रोक्यूरमेंट द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना**

**Main Portal:http://eproc.cgstate.gov.in**

छ.ग. लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत, सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से "प्रपत्र अ" प्रतिशत दर पर अधोलिखित निर्माण कार्यों हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती है:-

**ऑनलाईन निविदा डालने की अंतिम तिथि:- 03.08.2026 फिजिकल सबमिशन की अंतिम तिथि:- 10.08.2026**

| क्र. | कार्य का नाम/ स्थल | अनुमानित लागत (लाख में) | एस.ओ.आर. विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | जिला रायपुर वि.खं आरंग शासकीय पशु प्रजनन प्रक्षेत्र चंदखुरी ग्राम मुनगेसर में वायरमेश फेंसिंग कार्य। (द्वितीय आमंत्रण) | 13.24 | लो. नि. वि. भवन कार्य हेतु दिनांक 01.01.2015 से प्रभावशील एस.ओ.आर. पर। |
| 2 | जिला रायपुर वि.खं आरंग शासकीय पशु प्रजनन प्रक्षेत्र चंदखुरी ग्राम मुनगेसर में पशुओं के लिए शेड निर्माण कार्य। (द्वितीय आमंत्रण) | 22.45 | |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य एवं विशेष शर्तें, धरोहर राशि, निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in वेबसाईट पर देखे जा सकते है।

संवाद - 48473 प्रबंध संचालक



**कार्यालय, प्रबंध संचालक, छ.ग. राज्य कृषि विपणन (मण्डी) बोर्ड**
"सरदार वल्लभ भाई पटेल भवन" सेक्टर-24, कयाबांधा, अटल नगर, नवा रायपुर-492018
फोन-0771-2990592, email-mdcgmandiboard@gmail.com,
website-www.agriportal.cg.nic.in

क्र./बी-6/मंडी तखतपुर/38-03/26-27/2253 रायपुर, दिनांक 15/07/2026

**ई-प्रोक्यूरमेंट (द्वितीय) निविदा आमंत्रण सूचना**

**Main Portal:http://eproc.cgstate.gov.in**

कृषि उपज मंडी समिति तखतपुर जिला बिलासपुर क्षेत्रांतर्गत छ.ग. राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड द्वारा ऑनलाईन निविदाएँ छ.ग. लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत, सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारो से प्रपत्र "अ" प्रतिशत दर पर अधोलिखित निर्माण कार्यों हेतु निविदाएँ आमंत्रित की जाती है:-

**ऑनलाईन निविदा डालने की अंतिम तिथि:- 03.08.2026 फिजिकल सबमिशन की अंतिम तिथि:- 10.08.2026**

| क्र. | कार्य का नाम/ स्थल | अनुमानित लागत (लाख में) | एस.ओ.आर. विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | कृषि उपज मंडी समिति तखतपुर क्षेत्रांतर्गत 29 ग्राम पंचायत / धान उपार्जान केन्द्र- घुटकु, विजयपुर, सिंघनपुरी, सकरी, खरकेना, नेवरा, मोछ, देवरी, गिरधौना, पोड़ी (भरनी), भकुर्रानवापारा, ढनढन, लाखासार, गनियारी, खम्हरिया, पुरेना, भरारी, बेलपान, टाड़ा, बीजा, जरौंधा, छतौना, सैदा, तखतपुर (वार्ड क्र. 03), पचबहरा, पाली, पोड़ी (करनकांपा), जुनापारा, कोड़ापुरी में किसान कुटीर निर्माण कार्य। (द्वितीय आमंत्रण) | 394.11 | लो.नि.वि. भवन कार्य हेतु दिनांक 01.01.2015 विद्युत कार्य दिनांक 01.07.2015 से प्रभावशील एस.ओ.आर. पर। |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य एवं विशेष शर्तें, धरोहर राशि, निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in वेबसाईट पर निर्धारित तिथि तक देखे जा सकते है।

सही/- सचिव
कृषि उपज मंडी समिति तखतपुर
जिला - बिलासपुर

सही/- भारसाधक अधिकारी
कृषि उपज मंडी समिति तखतपुर
जिला - बिलासपुर

संवाद - 48472

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### रथ के साथ चला...

आयोजित भव्य रथयात्रा महोत्सव में राज्यपाल रमन डेका और मुख्यमंत्री विष्णुदेव शामिल हुए। दोनों ने विधिवत पूजा-अर्चना कर भगवान श्री जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा का आशीर्वाद प्राप्त किया तथा पारंपरिक 'छेरा-पहरा' की रस्म निभाते हुए प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि, शांति, उत्तम स्वास्थ्य और खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर मंदिर परिसर श्रद्धालुओं की आस्था, भक्ति और उत्साह से सराबोर रहा। वैदिक मंत्रोच्चार, भजन-कीर्तन और जयघोष के बीच भगवान श्री जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा की प्रतिमाओं को विशेष विधि-विधान के साथ मंदिर से रथ तक लाया गया। इसके पूर्व राज्यपाल और सीएम ने पारंपरिक रीति से सोने की झाड़ू द्वारा छेरा-पहरा की रस्म निभाकर रथमार्ग का प्रतीकात्मक शुद्धिकरण किया। इसके पश्चात महाप्रभु की प्रतिमाओं को श्रद्धापूर्वक रथ पर विराजित किया गया और रथयात्रा का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर राज्यपाल श्री डेका एवं मुख्यमंत्री श्रीसाय ने प्रदेशवासियों को रथयात्रा की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान श्री जगन्नाथ की रथयात्रा सनातन संस्कृति, सामाजिक समरसता, लोकपरंपरा और जन-जन की आस्था का महापर्व है। यह उत्सव समाज को सेवा, समर्पण, समानता और लोककल्याण का संदेश देता है।

ये हुए शामिल-

महोत्सव में सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक पुरंदर मिश्रा, विभिन्न निगम-मंडलों एवं आयोगों के अध्यक्षगण, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि, सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

### टीवी होस्ट पर...

के मुताबिक शेफाली बग्गा का एक टेलीग्राम चैनल भी है, जहां कथित तौर पर अवैध ऑनलाइन बेटिंग से जुड़े प्रमोशन और बेटिंग टिप्स साझा किए जाते थे। फिलहाल मामले की पूछताछ जारी है और डिजिटल सबूतों व वित्तीय लेनदेन की जांच जारी है। जांच एजेंसी आगे की कार्रवाई के लिए पूरे मामले की बारीकी से पड़ताल कर रही है।

### विकास गर्ग से...

कारोबारी हरिशंकर टिबरेवाल से संबंधों के बारे में ईडी ने कारोबारी से पूछताछ की है। आरोप है कि महादेव सट्टा एप की काली कमाई को विकास गर्ग व्हाइट मनी में कन्वर्ट कर सौरभ चंद्राकर के पास दुबई भेजने की व्यवस्था करता था। हरिशंकर के माध्यम से विकास के पास महादेव सट्टा की रकम हवाला के माध्यम से पहुंचती थी।

### एक ही स्कूटी पर...

ट्रैक्टर के पीछे उनकी स्कूटी जा टकराई। हादसा इतना भीषण था कि अमृत निर्मलकर (28 वर्ष), उनकी सगी बहन लक्ष्मी निर्मलकर (26 वर्ष), 7 वर्षीय यावना और 4 वर्षीय डाली की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं 8 वर्षीय भावेश गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने दुर्घटना में शामिल ट्रैक्टर को जब्त कर चालक को हिरासत में लिया है। सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए सुपेला मर्चुरी भेज दिया गया है और मामले की जांच जारी है।

मृतका अमृत निर्मलकर के पति लोकेश ने बताया कि वह सोमनी में रहते हैं। हादसे के समय वह ड्यूटी पर थे। उनकी पत्नी ने फोन कर बताया था कि वह बच्चों को लेकर रायपुर के बसंत विहार स्थित अपने मामा के घर जा रही हैं। कुछ ही देर बाद दुर्घटना की सूचना मिली। सूचना मिलते ही वह सीधे सुपेला अस्पताल पहुंचे, जहां पत्नी और बेटी की मौत की खबर मिली। उन्होंने बताया कि परिवार ने करीब एक माह पहले ही नई स्कूटी खरीदी थी। लोकेश ने बताया कि दूसरी मृतका लक्ष्मी निर्मलकर उनकी पत्नी की सगी बहन थीं। लक्ष्मी के पति बबला भिलाई-3 में लॉन्ड्री का काम करते हैं।

### ब्रेन डेड के बाद...

सेवा भावना और विशेष रूप से बुजुर्गों के प्रति संवेदनशीलता के लिए जाने जाते थे। उनके पुत्र के अनुसार, यदि वे किसी बुजुर्ग को किसी भी प्रकार की परेशानी में देखते थे, तो उनकी सहायता के लिए सदैव तत्पर रहते थे। जीवन भर दूसरों की मदद करने वाले आश्विन ने अपने निधन के बाद भी अपनी किडनी दान कर एक बुजुर्ग के जीवन में नई आशा का संचार किया। रविवार रात्रि अचानक स्वास्थ्य बिगड़ने पर उन्हें अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में भर्ती कराया गया। चिकित्सकीय जांच में उनका रक्तचाप अत्यधिक बढ़ा हुआ पाया गया तथा मस्तिष्क में आंतरिक रक्तस्राव (ब्रेन इंटरनल ब्लीडिंग) की पुष्टि हुई। विशेषज्ञ चिकित्सकों के सभी प्रयासों के बावजूद उन्हें ब्रेन डेड घोषित किया गया। अंगदान माह के दौरान हुआ यह छत्तीसगढ़ में इस वर्ष का 15वां अंगदान है।

### परिवार ने लिया...

टीम ने कहा, यह अंगदान न केवल एक मरीज के लिए जीवनदायी सिद्ध हुआ, बल्कि समाज में अंगदान के प्रति जागरूकता, संवेदनशीलता और मानवीय मूल्यों का भी सशक्त संदेश देता है। आश्विन राठौर का यह प्रेरणादायी योगदान सदैव याद रखा जाएगा और अनेक लोगों को अंगदान के लिए प्रेरित करेगा।

### नीट में पंजाब के...

चिकित्सा पाठ्यक्रमों में प्रवेश और काउंसिलिंग का कार्यक्रम निर्धारित समय के अनुसार जारी रह सके। एनटीए ने कहा, प्रक्रिया में बदलाव करके परिणाम समय पर घोषित किए गए। इसके तहत विभिन्न चरणों को एक के बाद एक पूरा करने के बजाय समानांतर रूप से संचालित किया गया। साथ ही, ओएमआर शीट से संबंधित आपत्तियों की प्रक्रिया को उत्तर कुंजी जारी करने की प्रक्रिया से अलग रखा गया। प्रत्येक चरण को पूरी तरह पूरा किया गया और अभ्यर्थियों के देखने के लिए उपलब्ध कराया गया।" एमबीबीएस पाठ्यक्रम के लिए कुल 1,08,000 सीट उपलब्ध हैं। इनमें से लगभग 56,000 सीट सरकारी कॉलेजों में हैं और करीब 52,000 सीट निजी कॉलेजों में हैं।

**ऐसा रहा स्कोर**- 19 उम्मीदवारों ने 720 में से 700 से ज्यादा, 1,492 उम्मीदवारों ने 650 या उससे ज्यादा, 10,160 उम्मीदवारों ने 600 या उससे ज्यादा, 90,780 उम्मीदवारों ने 500 या उससे ज्यादा,

कैटेगरी के हिसाब से क्वालिफाई,

जनरल : 2.91 लाख,

ओबीसी-एनसीएल : 5.12 लाख,

एससी : 1.59 लाख,

एसटी : 63,716,

जनरल ईडब्ल्यूएस : 95,026,

पीडब्ल्यूबीडी : 3,666,

**प्रदेश से 46 हजार छात्र**- 21 जून को दोबारा आयोजित की गई नीट में लगभग 46 हजार छात्र शामिल हुए थे। छत्तीसगढ़ में परीक्षा सुचारु रूप से कराने के लिए 127 केंद्र बनाए गए थे। इनमें से 25 परीक्षा केंद्र रायपुर में बनाए गए थे। यहां पंजीकृत 9,051 उम्मीदवारों में से 8,282 छात्र परीक्षा में उपस्थित हुए। रायपुर में लगभग 91% उपस्थिति रही। वहीं दूसरे बड़े शहर बिलासपुर में 19 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा आयोजित की गई, जहां पंजीकृत 7,759 छात्रों में से 7,044 छात्र शामिल हुए। इसके अलावा भिलाई, दुर्ग और जगदलपुर जैसे प्रमुख शहरों में छात्रों की उपस्थिति औसतन 90 प्रतिशत रही थी।

### 16 साल से उम्रकैद...

आगे नहीं बढ़ पा रहा है क्योंकि मामले का ओरिजिनल रिकार्ड गायब हो गया है। मामले की सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया गया कि जब जेल अधीक्षक ने रिकार्ड मांगा तो सत्र न्यायाधीश कार्यालय रायपुर के सक्षम अधिकारी ने लिखित जवाब दिया कि मूल रिकार्ड की जानकारी नहीं मिल पा रही है।

### पांचवीं-छठवीं से...

से कहा, भारत सरकार कृपया नौवीं कक्षा से तीसरी भाषा लागू न करें। इससे छात्रों का तनाव अनावश्यक रूप से बढ़ जाएगा। यदि आप कोई नयी भाषा शुरू करना चाहते हैं, तो कृपया इसे पांचवीं या छठी कक्षा से लागू करें, न कि नौवीं कक्षा से। नौवीं कक्षा में पहले ही पढ़ाई का तनाव होता है। यह तनाव आठवीं कक्षा से ही शुरू हो जाता है। उन्होंने अधिवक्ता से अदालत की इस भावना से सरकार को अवगत कराने को भी कहा।

### 'वंदे मातरम' के...

अपमान करने या उसके गायन में बाधा डालने को दंडनीय अपराध बनाना चाहती है। इसके अलावा, जन्म और मृत्यु पंजीकरण (संशोधन) विधेयक, 2026 को भी पेश करने, विचार करने और पारित कराने के लिए सूचीबद्ध किया गया है। इस विधेयक का उद्देश्य जन्म और मृत्यु पंजीकरण अधिनियम, 1969 (2023 में संशोधित) की धारा 13(3) में संशोधन कर जन्म एवं मृत्यु के विलंबित पंजीकरण से संबंधित प्रावधानों को और अधिक सख्त बनाना है। संसद का मानसून सत्र आगामी 20 जुलाई से आरंभ होगा और इसके 13 अगस्त तक चलने की संभावना है।

**संवैधानिक संशोधन पर परीक्षा**- सत्र के दौरान संसद की एक संयुक्त समिति उस संविधान संशोधन विधेयक पर रिपोर्ट अपना सकती है, जिसमें गंभीर आरोपों में लगातार 30 दिनों तक हिरासत में रहने पर प्रधानमंत्री, केंद्रीय मंत्रियों और मुख्यमंत्रियों को पद से हटाने का प्रावधान है। समिति की सिफारिशों के आधार पर सरकार आधिकारिक संशोधन पेश कर सकती है। इस संशोधन को पारित कराने के लिए दो-तिहाई बहुमत की आवश्यकता होगी, जो एनडीए के लिए एक बड़ी परीक्षा होगी। **महिला आरक्षण और परिसीमन विधेयक**- इससे पहले पिछले सत्र में लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने वाला ऐसा ही एक संविधान संशोधन विधेयक गिर गया था, क्योंकि सरकार आवश्यक संख्या बल नहीं जुटा सकी थी। इस बार सरकार संशोधित महिला आरक्षण विधेयक के साथ परिसीमन विधेयक भी ला सकती है। सरकार सभी राज्यों के लिए लोकसभा सीटों की संख्या में 50 प्रतिशत की वृद्धि करने के विकल्पों पर काम कर रही है। इसका उद्देश्य दक्षिण भारतीय राज्यों की चिंताओं को दूर करना है, जिन्हें डर है कि जनसंख्या आधारित परिसीमन से लोकसभा में उनकी राजनीतिक ताकत कम हो जाएगी। **खड़गे ने पीएम मोदी को लिखा पत्र***- 'राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने संसद के मानसून सत्र से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है। इस पत्र के जरिए उन्होंने पीएम मोदी से परिसीमन आदि पर संशोधित प्रस्तावों पर चर्चा के लिए ऑल पार्टी मीटिंग बुलाने की मांग की है। पीएम मोदी को लिखे पत्र को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने एक्स पर शेयर किया है। इस पत्र के जरिए उन्होंने पीएम मोदी से आग्रह किया है कि वे परिसीमन आदि पर सरकार के संशोधित प्रस्तावों पर चर्चा करने के लिए सर्वदलीय बैठक बुलाएं। उन्होंने आगे कहा कि मार्च और अप्रैल 2026 के पूरे समय, मैं संसदीय कार्य मंत्री को पत्र लिखकर आग्रह करता रहा कि केंद्र सरकार परिसीमन आदि से संबंधित अपने प्रस्तावों पर चर्चा के लिए सर्वदलीय बैठक बुलाए।

### परिसीमन बिल का...

हटाने से जुड़े संविधान संशोधन विधेयक पर भी बैठक में चर्चा हुई। इस विधेयक की जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) बनाई गई है, लेकिन विपक्षी दलों ने इसका बहिष्कार किया है। कांग्रेस इस विधेयक का भी मजबूती से विरोध करेगी। जयराम रमेश ने बताया कि 'वन नेशन, वन इलेक्शन' के प्रस्ताव पर भी चर्चा हुई। इस विषय पर बनी जेपीसी को 10 अगस्त तक अपनी रिपोर्ट सौंपनी है। कांग्रेस इस प्रस्ताव का भी विरोध करेगी।

Skin Care
डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं
• लेजर हेयर रिमूवल • कैमिकल पीलिंग
• हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी
• कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
» प्रसूति » नवजात » शिशु रोग
» बांझपन » सोनोग्राफी » आयुष्मान कार्ड
» बच्चों एवं बड़ों के आपरेशन » अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA
भर्ती सुविधा उपलब्ध
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, फोन : 0771- 4060929, मो. 7389485756

# महिला मजूदरों से भरा पिकअप पलटा, दो की मौत, तीन गंभीर



हरिभूमि न्यूज ⏭ शंकरगढ़

शंकरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत बुधवार देर शाम ग्राम जारगिम अंतर्गत जुड़वानी के पास एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो महिला मजदूरों की मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना में 7 अन्य सवारों को भी चोटें आई है। हादसे के बाद क्षेत्र में शोक की लहर है तथा मृतकों के परिजन का रो-रोकर बुरा हाल है।

■ पुलिस-प्रशासन की कार्यप्रणाली पर उठ रहे सवाल

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम परेवा निवासी 20-25 मजदूर धान की रोपाई करने के लिए ग्राम खैराडीह गए थे। दिनभर खेतों में धान की रोपाई करने के बाद मजदूर शाम को पिकअप क्रमांक जेएच 03 एजे 0223 से अपने गांव लौट रहे थे। वाहन चालक देवचरण चला रहा था। तेज रफ्तार पिकअप ग्राम जारगिम अंतर्गत जुड़वानी के पास अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसा इतना भीषण था कि पिकअप में सवार मजदूर सड़क पर दूर जा गिरे तथा घटनास्थल पर चीख पुकार मच गई। आसपास के ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया सूचना पर शंकरगढ़ पुलिस और 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची तथा घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। दुर्घटना में ग्राम परेवा निवासी बिमला नगेशिया पति शिवप्रसाद (40वर्ष) तथा कामेश्वरी पैकरा पति टेहरा (46वर्ष) की मौके पर ही मौत हो गई। दोनों महिलाएं अन्य ग्रामीणों के साथ मजदूरी कर अपने गांव लौट रही थी। हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर रेफर किया गया वहीं सात अन्य घायलों का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जारी है। चिकित्सकों के अनुसार सभी घायलों की लगातार निगरानी की जा रही है।

**पकी जा रही निगरानी**

चिकित्सकों द्वारा घायलों के स्वास्थ्य की नियमित निगरानी की जा रही है। इलाज से घायलों के स्वास्थ्य में सुधार आ रहा है।

-डॉ.आफताब अंसारी
बीएमओ, शंकरगढ़

## पुलिस प्रशासन पर उठ रहे सवाल

घटना के बाद ग्रामीणों में पुलिस प्रशासन के प्रति नाराजगी जताई। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में पिकअप वाहनों का उपयोग लंबे समय से मजदूरों और यात्रियों के परिवहन के लिए किया जा रहा है। नियम विरूद्ध संचालित हो रहे ऐसो वाहनों पर प्रभावी कार्रवाई नहीं की जाती। परिणामस्वरूप वाहन मालिक और चालक बेखौफ होकर ओवरलोडिंग तथा तेज गति से वाहन चलाकर दुर्घटनाओं को अंजाम दे रहे है। पुलिस और परिवहन विभाग द्वारा नियमित जांच अभियान चलाकर हादसा टाला जा सकता था। ग्रामीणों ने मालवाहक वाहनों में यात्रियों के परिवहन पर तत्काल रोक लगाने, ओवरलोडिंग और लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने वाले चालकों एवं वाहन मालिकों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

असली केंदवा मलहम
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। HMS देखकर खरीदें
हर्बल लेप शिव मस्सानाशक
शिव मस्सानाशक को 12-15 घटों तक लगाकर रखेंगे तो यह मस्से को शीघ्र हटा देगा। जब तक मस्सा न हट जाए, रोज 1-2 बार लगाना है। यदि लगाने के बाद किसी कारणवश लेप पुछ जाए तो पुनः लगा दें।
94060-21769

epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि Classified
Email- hbclassified375@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100

## आवश्यकता है

आवश्यकता है- होटल में रोटी बनाने, वेटर, हेल्फर, मिस्त्री, बर्तन सफाई काम करने हेतु आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार रहने खाने की उत्तम व्यवस्था सम्पर्क करे पाण्डेय स्वीट्स अशोक नगर बिलासपुर 9907748408 (41443)

आवश्यकता है- दुकान में कार्य हेतु कर्मचारियों एवं बिजी साफ्टवेयर जानकार कम्प्यूटर ऑपरेटर चाहिए। वेतन अनुभव, योग्यता अनुसार। सम्पर्क करें- माँ अम्बे रेडीमेड, लैंडमार्क कॉम्प्लेक्स के सामने, करबला रोड बिलासपुर 8959395941, 93005 40909 (41414)

आवश्यकता है- फर्नीचर दुकान में सेल, कलेक्शन हेतु 12वीं पास युवक चाहिए, न्यूनतम वेतन 10000+ कार्य समय 9:30 से 9तक बायोडाटा सहित सम्पर्क करें- विश्वकर्मा इंडस्ट्रीज मुंगेली नाका के पास, बिलासपुर 9827168412 (41439)

आवश्यकता है-एकाउंटेंट की आवश्यकता है टैली एवं एमएस ऑफिस में काम करने का 5वर्ष का अनुभव होना चाहिए। उम्मीदवारों को इंटरव्यू के लिए अपने रिज्यूम के साथ आना आवश्यक है। सैलरी योग्यता अनुसार पता- आरजे बायोएनर्जी प्राइवेट लिमिटेड पुराना बस स्टैण्ड, बिलासपुर सम्पर्क करें- 9009658885 (41413)

आवश्यकता है- घर में रहकर घरेलू खाना बनाने के लिए अनुभवी पुरुष कुक (व्यक्ति) की आवश्यकता है सम्पर्क करें- 9827195555 (41412)

आवश्यकता है- बिलासपुर लॉज में मैनेजर 1पद आयु 30वर्ष से ऊपर वेतन 10000 से ऊपर योग्यता, समय अनुसार, अनुभवी बिजली मिस्त्री की तत्काल आवश्यकता है सम्पर्क करें- 9406390898, 98279 40898 (41440)

आवश्यकता है- ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल बहतराई में आया, प्यून, ड्राइवर, कंडक्टर, सुपरवाइजर की शीघ्र आवश्यकता है। सम्पर्क करें- 9179281177, 9131279748 (41441)

Required - Experienced staff for CA office in Rajendra Nagar, Bilaspur. Must know Tally and GST. Not for freshers Salary- 12000 to 15000. WhatsApp your resume to 7566660120 (41442)

आवश्यकता है-शीघ्र आवश्यकता है जो बाहर रह कर कार्य कर सके इंदौर में ऑफिस कार्य हेतु लड़के आयु 18 से 30वर्ष वेतन 12000+ कमीशन+ बोनस के साथ 20000 रहना फ्री+ गाड़ी किराया+ कोई शुल्क नहीं लगेगा सम्पर्क करें- 9630922589, 98930 29618 (530)

आवश्यकता है
आया बाई (हॉस्पिटल एवं घरेलु कार्य हेतु)
नर्सिंग स्टॉफ
काउन्टर स्टॉफ
सम्पर्क करें-
सुबह 11 बजे से 01 बजे तक
अग्रवाल चिल्ड्रन हॉस्पिटल
मगरपारा रोड, बिलासपुर
07752-226296, 402543

आवश्यकता है-Ocean Company में ऑफिस हेतु 10वीं से ग्रेजुएट लड़के, लड़कियां चाहिए उम्र 18-28, आय 10500 से 18000 एवं रहना खाना, सम्पर्क करें-न्यू बस स्टैण्ड, तिफरा, बिलासपुर 8818877406, 9644433021, 07752-337082 (41423)

आवश्यकता है-साथमें रहकर घरकार्य, कपड़े प्रेस करने हेतु 18-22वर्ष अशिक्षित 2लड़के की आवश्यकता है रहना खाना फ्री आधारकार्ड सहित सम्पर्क करें- राव लॉन्ड्री, 3/85, चंदन आवास राजकिशोर नगर बिलासपुर 9238286967 (41427)

आवश्यकता है-छोटा हाथी चलाने के लिए ड्राइवर/ सप्लायर की आवश्यकता है सम्पर्क करें- विक्रांत भवन राजीवगांधी चौक जरहाभाठा बिलासपुर 9229132980 (41428)

आवश्यकता है-घरेलू सभी कार्य करने हेतु लड़की की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार पता- रामा वर्ल्ड न्यू बस स्टैण्ड तिफरा बिलासपुर सम्पर्क करें- 9967299365 (41408)

आवश्यकता है-ऑफिस कार्य हेतु 8वीं, 10वीं, 12वीं पास लड़कियों, महिलायों एवं लड़कों की आवश्यकता है सम्पर्क करें- आकांक्षा रियल स्टेट, सामाधान नर्सिंग होम के सामने राजीव गांधी चौक बिलासपुर 89825 55947 (41418)

आवश्यकता है-यश सुपर बाजार में काम करने के लिए लड़कों की आवश्यकता है अनुभवी को वेतन 10000 से प्रारम्भ सम्पर्क करें- रिंग रोड नं.-2 गौरव पथ बिलासपुर 8817702579 (41419)

आवश्यकता है-एकाउंटेंट की आवश्यकता है (टैली, एमएस ऑफिस में 1 से 2वर्ष अनुभवी) सैलरी 15000 से 20000, इंटरव्यू हेतु अपने रिज्यूम सहित सम्पर्क करें- डीकेए कंस्ट्रक्शन बिलासपुर रोड, शिवरीनारायण 79998 91270, 7417830012 (41429)

आवश्यकता है-नर्सरी से 12वीं पढ़ाने हेतु टीचर्स एवं साफ सफाई हेतु महिला आया चाहिए। सम्पर्क करें- संस्कार स्कूल, स्वास्थ्य केन्द्र के सामने, बाजार के पास, उसलापुर 7440549466, 9098546135 (41411)

आवश्यकता है-थोक दवा दुकान में माल निकालने, जमाने, पैकिंग, डिलिवरी हेतु लड़कों की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता। वेतन योग्यतानुसार। सम्पर्क करें-नितिन मेडिकल एजेन्सी 34, मेडिकल काम्पलेक्स, तेलीपारा बिलासपुर 74300 00011 (41437)

आवश्यकता है-उमा सुपर बाजार में कार्य हेतु अनुभवी लड़के की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- गणेश स्वीट्स के पहले, बजरंग चौक, राजकिशोर नगर, बिलासपुर 9301517722 (41425)

आवश्यकता है-ऑफिस साफ सफाई कार्य हेतु लड़के की आवश्यकता है (उम्र 25वर्ष अधिकतम) सम्पर्क करें- A-214 श्रीनारायण प्लाजा, श्रीकांत वर्मा मार्ग चौक, लिंक रोड, बिलासपुर 9300660864, 91744 08884 (41435)

आवश्यकता है-हायर सेकेंडरी क्लासेस (अंग्रेजी माध्यम) में बायोलॉजी, फिजिक्स,केमिस्ट्री मल्टीपल विषय मैथ्स, कॉमर्स पढ़ाने टीचर्स वेतन 8000 सम्पर्क- पंचवटी केपीएसए स्कूल राजकिशोर नगर, शनि मंदिर के पास बिलासपुर 97525 83075 (41432)

आवश्यकता है-दुकान में काम करने हेतु लड़कों एवं हेल्पर की आवश्यकता है। आधार सहित सम्पर्क करें- श्रीबजाज ट्रेडर्स मंगला चौक के पास CLC प्लाजा के सामने रिंग रोड नं-2 बिलासपुर 7000727385 (41400)

आवश्यकता है-चाय पत्ती में पैकिंग कार्य के लिये लेडिस व लोडिंग, अन लोडिंग के लये पुरूष कि आवश्यकता है सम्पर्क करें- ट्रेडर्स नियर SBI ATM आकृति विहार अमलीडीह रायपुर 7469980000, 07714075490 (883)

आवश्यकता है-बेकरी एवं स्वीट्स दुकान में काऊंटर सेल्समैन, स्टोर कीपर, कार ड्राइवर चाहिए। अनुभवी व्यक्ति ही सम्पर्क करें- बेकर्स फार्म, शरण साइकिल के बाजू में, डोमिनोज के सामने, बिलासपुर 78038 8885, 9617611110 (41396)

आवश्यकता है-आर्य समाज द्वारा संचालित दयानन्द पूर्व माध्यमिक विद्यालय में गणित एवं विज्ञान पढ़ाने हेतु शिक्षिकाओं की। समय सुबह 8 से 11बजे सम्पर्क करें- दयानन्द विद्यालय नदी किनारे गोड़पारा बिलासपुर 8982112133 (41426)

आवश्यकता है- सुरक्षा गार्ड 17000 सुपरवाइजर 18000 फील्ड अधिकारी 16000 कंप्यूटर ऑपरेटर 15000 वेतन योग्यतानुसार अतिशीघ्र मेस सुविधा ,आवास भोजन फ्री संपर्कः- अलर्ट एसजीएस प्राइवेट लिमिटेड, कार्यालयः- 06 जे. शुक्ला कॉम्प्लेक्स पचपेड़ी नाका रायपुर 7746000016, 7747000016, 77470 00019, 7746000019 (891)

## बेचना

बेचना है-भारत माला प्रोजेक्ट के पास नेशनल हाईवे 130A रोड से लगा 150 का फ्रंट, बाऊंड्री वाल से घिरा लिमतरा, खैरा रोड पर स्थित (एक एकड़ जमीन) शीघ्र बेचना सम्पर्क 83490 54531 (41420)

बेचना है-रतनपुर रोड में सेन्दरी के पास वृन्दावन ग्रीन सिटी में T&C प्लॉट 30×40 तत्काल बेचना है सम्पर्क करें- 9420591204 (41433)

बेचना है-कन्ट्री क्लब, अटल यूनिवर्सिटी के पास कोनी बिलासपुर में 40×100 87×195,100×130 80×100, 132×184 एवं 21364 वर्गफिट शानदार प्लाट हॉस्टल, कोचिंग, मकान, इन्वेस्टमेंट हेतु उपयुक्त बेचना है। सम्पर्क- 9300878897, 95757 88444 (41438)

बेचना है-गीता पैलेस गोकुल धाम रोड अमेरी साईं आनंदम के पीछे 8200 वर्गफुट में बना हुआ प्रॉपर्टी बेचना है प्लॉट साइज 50×60= 3000 वर्गफुट डबल रोड। सम्पर्क करें- 8871100525 (41421)

बेचना है-दीनदयाल कॉलोनी मंगला से लगा हुआ 2BHK नवनिर्मित मकान सी.सी. रोड, बिजली, पानी, नाली, सर्व सुविधा युक्त मकान बेचना है सम्पर्क करें- 7879922408, 79745 34322 (41415)

बेचना है- व्यापार विहार में 375 वर्गफीट का एक कमर्शियल प्लॉट और सिरगिट्टी बिलासपुर के गोविन्द नगर में 3225 वर्गफीट का एक पूर्वमुखी प्लॉट शीघ्र बेचना है वास्तविक खरीददार ही संपर्क करें 9630083740, 9770676030 (41380)

बेचना है-कोरबा-ऊरगा मुख्य मार्ग पर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी बरबसपुर में एक LIG फ्लैट मध्य तल का बेचना है सम्पर्क करें- 9425283727, 94241 65378 (41409)

## किराया

किराया-बिलासपुर इमली पारा में दो बेडरूम, एक हॉल, किचन, लेट बाथ सर्वसुविधा युक्त मकान किराए से देना है, शासकीय/ अर्धशासकीय को प्राथमिकता सम्पर्क करें- 9907128298 (41431)

## शैक्षणिक

प्रवेश प्रारम्भ-फेल विद्यार्थी समय बचाए पत्राचार, ओपन, प्राईवेट, द्वारा 10वी, 12वी पास करे B.Ed, B.A, B.Com B.Sc,Bca,Mca Bba, Llb, M.A, M.Com M.Sc, Mba, Msw, B.Lib, M.Lib, Dca, Pgdca, Polytechnic, B.tech M.tech अपनी अधूरी पढ़ाई एक साल में पूरी करे सभी कोर्सेस मान्यता प्राप्त युनिवर्सिटी द्वारा सम्पर्क करें-Bharti Education Academy Sec.-6, Bhilai 98261 96515, 9826896515 (4157)

## फायनेंस

फायनेंस-रोजगार योजना अन्तर्गत पूरे छत्तीसगढ़ में लोन सिर्फ आधार कार्ड पर 50000 से 25लाख तक 1% ब्याज वार्षिक प्रॉपर्टी पर्सनल बिजनेस, दुकानदारी ग्रुप लोन, सिविल खराब लोन पाए, सम्पर्क- करें-88826 27857 (4402)

फायनेंस- विनायिका फाइनेन्स कम्पनी समस्त प्रकार के लोन कृषि, बिजनेस, समूह लोन, पर्सनल, लेबर कार्ड, डेयरी फार्म, होम लोन, आधार कार्ड पर 40000 से 50लाख तक 2% ब्याज, 30% छूट सम्पर्क करें- 7489545029 (4401)

## हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु सम्पर्क करें

- जिला कार्यालय कोरबा:- बी.ब्लॉक, कॉमर्शियल काम्पलेक्स, ट्रांसपोर्ट नगर, जिला कोरबा (छ.ग.) मो. 9644018888, 7581808267
- जिला कार्यालय मुंगेली:- थाना के सामने गली, गोल बाजार, जिला- मुंगेली (छ.ग.) मो. 9303508230
- शिवम एड एजेंसी & पब्लिसिटी:-मो. 9993567380, 8770837744
- एड प्रयास:- मो. 9826701269, 9926003943
- श्यामनानी एडवरटाईजर्स:- मो. 9827168452, 9300625174
- रिद्धीसिद्धी एडवरटाइजर्स & पब्लिसिटी:-मो. 9826129386, 8319503386
- जे.जे. एडवरटाइजर्स:- मो. 9300659628
- रौनक पब्लिसिटी:- मो. 9300328290, 9981658490
- भार्गव एडवरटाइजर्स:- मो. 9827167997
- श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाइजर्स:- मो. 9826705603
- एम.जी.आर. एडवरटाइजर्स:- मो. 9827180896, 9131155033
- श्री श्याम पब्लिसिटी:- मो. 9425540759
- अमित पब्लिकेशन:- मो. 9826304304, 9827124304
- विप्रा विज्ञापन सेवा:- मो. 9302462506
- माधवास & कम्पनी:- मो. 9977185123, 9893115084
- बालाजी एडवरटाइजर्स:- मो. 9827466133, 9907047586
- हिबिस्कस मार्केटिंग एण्ड एडवर्टाइजमेंट:- मो. 8109229025

## सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## गोल के मामले में ऐसा रहा अर्जेंटीना व स्पेन का सफर

अर्जेंटीना ने टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा 19 गोल किए हैं जबकि टूर्नामेंट में सबसे कम गोल खाने के मामले में स्पेन सबसे आगे है। उसने सिर्फ एक गोल खाया है। ज्ञात हो कि स्पेन ने मंगलवार को पहले सेमीफाइनल में फ्रांस को हराया। इस टूर्नामेंट में वापसी करने में माहिर अर्जेंटीना ने बुधवार को दूसरे सेमीफाइनल में इंग्लैंड को 2-1 से हराकर जीत हासिल की।

### अर्जेंटीना चौथे और स्पेन दूसरे खिताब की दौड़ में

इस वर्ल्ड कप में अर्जेंटीना अपना चौथा खिताब जीतने की कोशिश कर रहा है और ब्राजील के बाद लगातार दो बार विश्व कप चैंपियन बनने की ओर अग्रसर है, जिसने 1958 और 1962 में यह उपलब्धि हासिल की थी। स्पेन 2010 में जीतने के बाद अपना दूसरा खिताब जीतने की कोशिश कर रहा है। दोहा में होने वाली थी भिड़ंत नहीं हो पाई थी दक्षिण अमेरिकी चैंपियन अर्जेंटीना और यूरोपीय चैंपियन स्पेन को मार्च के अंत में कतर के दोहा में फाइनलिस्सिमा में एक दूसरे का मुकाबला करना था लेकिन मध्य पूर्व में जारी जंग के कारण यह मैच नहीं हो पाया और अब संयोग देखिए कि विश्व कप फाइनल में यह दोनों टीम आमने-सामने होंगी। साथ ही उन टीमों के बीच भी मुकाबला होगा जो विश्व कप से पहले फीफा की विश्व रैंकिंग में शीर्ष दो स्थानों पर काबिज थीं अर्जेंटीना नंबर एक और स्पेन नंबर दो पर।

### वर्तमान और भविष्य के बीच होगा मुकाबला

यह फुटबॉल के वर्तमान और भविष्य के बीच एक मुकाबला होगा। साल 2007 में ली गई एक मशहूर तस्वीर है जब मेस्सी यूनिसेफ के एक कार्यक्रम का हिस्सा थे और उन्होंने एक बच्चे के साथ पोज दिया था। वह बच्चा कोई और नहीं बल्कि यामल है जो अब अपने आदर्श खिलाड़ी को टक्कर देने के लिए तैयार है। स्पेन ने 6 मैच जीते, एक रहा ड्रा स्पेन ने फाइनल तक के सफर में छह जीत हासिल की और एक ड्रॉ खेला।

# फाइनल में अर्जेंटीना-स्पेन ही नहीं मेस्सी और यामल का भी मुकाबला

न्यूयॉर्क। विश्व कप फाइनल के लिए मंच सज चुका है जिसमें दुनिया के सर्वश्रेष्ठ आक्रमण वाली टीम अर्जेंटीना का सामना स्पेन की उस टीम से होगा जिसकी रक्षापंक्ति की मजबूती का कोई सानी नहीं है। खिताबी मुकाबले में खेल की दो अलग-अलग शैलियों का टकराव देखने को मिलेगा। टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे अधिक गोल करने वाले खिलाड़ी लियोनेल मेस्सी और मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना रविवार को ईस्ट रदरफोर्ड, न्यू जर्सी में स्पेन की मजबूत रक्षात्मक टीम से भिड़ेंगे। स्पेन के पास मेस्सी को टक्कर देने के लिए लामिन यामल के रूप में युवा स्ट्राइकर है।



लामिन यामल
युवा स्ट्राइकर, स्पेन

### अर्जेंटीना 7वीं बार फाइनल में

अर्जेंटीना ने अपने 7वें विश्व कप फाइनल में जगह बनाई है। इस टूर्नामेंट से पहले वह 1930, 1978, 1986, 1990, 2014 और 2022 में फाइनल तक पहुंचे थे। इतिहास की बात करें तो खिताबी मैच में अर्जेंटीना का जीत-हार का रिकॉर्ड 3-3 का रहा है। अर्जेंटीना 3 बार 1978, 1986 और 2022 में विश्व कप जीत चुका है। इसके अलावा वह 1930, 1990 और 2014 में उपविजेता रहे हैं।



### फीफा वर्ल्ड कप में मेसी ने रचा इतिहास

**12 गोल में मदद करने वाले बने दुनिया के पहले खिलाड़ी**

अर्जेंटीना ने इंग्लैंड को सेमीफाइनल मुकाबले में 2-0 से हराकर फीफा वर्ल्ड कप 2026 के फाइनल में जगह बना ली है। अर्जेंटीना की इस जीत के हीरो कप्तान लियोनेल मेसी रहे, जिन्होंने टीम की ओर से लगे दोनों ही गोल में अहम भूमिका निभाई।

### अर्जेंटीना में जमकर मना जीत का जश्न

ब्यूनस आयर्स (अर्जेंटीना)। मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना की विश्व कप की सेमीफाइनल में इंग्लैंड पर 2-1 की जीत का जश्न मनाने के लिए यहां हजारों फुटबॉल प्रशंसक सड़कों पर उमड़ पड़े। ब्यूनस आयर्स में तब मूसलाधार बारिश हो रही थी लेकिन इससे प्रशंसकों पर कोई असर नहीं पड़ा। इनमें से कई प्रशंसक को अपनी शर्ट उतार कर ही सड़कों पर नाच गा रहे थे। इनमें से कई प्रशंसकों ने अपने शरीर नीले और सफेद राष्ट्रीय रंगों से रंगे थे। युवा लड़के-लड़कियां बिजली के खंभों और ट्रैफिक लाइटों पर चढ़कर अर्जेंटीना के झंडे लहरा रहे थे।

### अटलांटा में दर्शकों के लिए घर जैसा माहौल

अटलांटा। अर्जेंटीना के प्रशंसक अपनी राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के प्रति उग्र और जोशीले समर्थन के लिए जाने जाते हैं तथा उनके इस जोश और जुनून ने अटलांटा में इंग्लैंड के खिलाफ खेले गए विश्व कप सेमीफाइनल में उनकी प्रिय टीम के लिए घर जैसा माहौल बना दिया। यह ब्यूनस आयर्स नहीं था, लेकिन स्टेडियम अर्जेंटीना के समर्थकों से भरा पड़ा था। इनमें केवल अर्जेंटीना के निवासी ही नहीं थे, बल्कि उनकी टीम को चाहने वाले अन्य देशों के कई लोग भी शामिल थे। उन्होंने मैच के दौरान टीम का उत्साह बढ़ाने के लिए गाने गाए, नारे लगाए और जोर-जोर से चिल्लाए। शर्ट उतारकर हवा में लहराई गईं।






### मेस्सी 'मैजिक' देख इंग्लैंड के खिलाड़ी केन भी हुए कायल

लियोनेल मेस्सी ने सही समय पर अपने कौशल का शानदार नमूना पेश करके अर्जेंटीना को विश्व कप फुटबॉल के सेमीफाइनल में इंग्लैंड पर 2-1 से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई, जिसके बाद प्रतिद्वंद्वी टीम के स्टार खिलाड़ी हैरी केन ने भी उनकी जमकर प्रशंसा की। इंग्लैंड के कप्तान केन ने कहा, ''लियो अब भी बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे हैं। मुझे लगा कि मैच के बड़े हिस्से में हमने उनका बखूबी सामना किया। लेकिन दुनिया के सबसे खतरनाक खिलाड़ियों की तरह जब गेंद अंतिम छोर पर उनके पास होती है तो वह शानदार खेल दिखाते हैं। आज उन्होंने फिर यही किया। वह सर्वकालिक सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक हैं। मेस्सी ने मौजूदा टूर्नामेंट में अभी तक आठ गोल किए हैं और वह फ्रांस के किलियन एमबाप्पे की बराबरी पर हैं। मेस्सी ने भले ही इंग्लैंड के खिलाफ कोई गोल नहीं किया लेकिन उन्होंने अर्जेंटीना की तरफ से दोनों गोल करने में मदद की। इससे उनकी टीम ने फिर से वापसी करके लगातार दूसरी बार फाइनल में जगह बनाई।

## खबर संक्षेप




### क्वालीफायर में भारत का मुकाबला इराक और सीरिया से

कुआलालंपुर। भारतीय अंडर17 महिला फुटबॉल टीम को पांच से 11 अक्टूबर तक यहां होने वाले एएफसी अंडर17 एशियाई कप क्वालीफायर में मलेशिया, सीरिया और इराक के साथ ग्रुप ई में रखा गया है। एशियाई फुटबॉल महासंघ हाउस में बृहस्पतिवार को ड्रॉ निकाला गया। भारत अपने अभियान की शुरुआत इराक के खिलाफ करेगा। उसके बाद वह सीरिया और मलेशिया का सामना करेगा। ग्रुप की विजेता टीम अगले वर्ष 31 मार्च से 17 अप्रैल तक चीन के सूज़ौ में होने वाले अंडर17 महिला एशियाई कप के लिए क्वालीफाई करेगी। भारत ने पिछली बार इस प्रतियोगिता के नॉकआउट चरण में जगह बनाई थी।

### आचार संहिता का उल्लंघन पर बराड़ को एक 'डिमैरिट' अंक

International Cricket Council

दुबई। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने भारतीय तेज गेंदबाज गुरनूर बराड़ को इंग्लैंड के खिलाफ बर्मिंघम में खेले गए पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच दौरान 'अनुचित और खतरनाक' तरीके से गेंद फेंकने के लिए चेतावनी दी है और उनके खाते में एक 'डिमैरिट' अंक जोड़ा गया है। बराड़ को आईसीसी की खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के सदस्यों के लिए आचार संहिता के अनुच्छेद 2.9 का उल्लंघन करने का दोषी पाया गया, जो लेवल एक का अपराध है। आईसीसी ने बयान में कहा, ''इसके अलावा बराड़ के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक 'डिमैरिट' अंक जोड़ा गया है। यह उनका पिछले 24 महीने की अवधि में पहला अपराध था। यह घटना इंग्लैंड की पारी के आठवें ओवर में घटी, जब बराड़ ने फील्डिंग करते समय गेंद को 'अनुचित और खतरनाक तरीके से' बल्लेबाज की ओर फेंक दिया था।

## इटली के मूर्तिकार ने तैयार की है विश्व कप ट्रॉफी

मिलान। फीफा विश्व कप ट्रॉफी का डिजाइन इटली के एक मूर्तिकार ने तैयार किया है। उन्होंने इस सर्पिलाकार आकृति में खेल से जुड़ी तीन भावनाओं को दर्शाने की कोशिश की है जिसमें खिलाड़ियों का संघर्ष, प्रशंसकों का उल्लास और जीत का क्षण शामिल हैं। जब ब्राजील ने 1970 में अपना तीसरा विश्व कप जीतकर मूल ट्रॉफी पर स्थायी अधिकार हासिल कर लिया था तो विश्व फुटबॉल की



सर्वोच्च संस्था फीफा ने एक नए डिजाइन के लिए खुली प्रतियोगिता शुरू की। इसके बाद सिल्वियो गज़ानिगा ने मिलान के ब्रेरा इलाके में स्थित अपने स्टूडियो में ट्रॉफी का डिजाइन तैयार किया। यह डिजाइन अब दुनिया भर के फुटबाल प्रेमियों की आंखों में रच बस चुका है। इसमें दो मानव आकृतियां पृथ्वी को पकड़े हुए हैं। विश्व कप फाइनल के बाद विजेता टीम का कप्तान जिस ट्रॉफी को हासिल करता है वह 36 सेंटीमीटर (14 इंच) ऊंची है और 18 कैरेट सोने से बनी है। यह हरे रंग के दो छल्लों वाले आधार पर टिकी है। यह छल्ले खेल के मैदानों के प्रतीक हैं।

## मालोन और टॉम क्रूज सहित फीफा के समापन समारोह में दिखाई देंगे कई मुख्य कलाकार

न्यूयॉर्क। अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल महासंघ (फीफा) ने कहा है कि विश्वकप 2026 के समापन समारोह में अभिनेता टॉम क्रूज से लेकर स्ट्रीमर आईशोस्पीड तक, कई तरह के कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। अमेरिकी रैपर-गायक पोस्ट मालोन समापन समारोह में मुख्य प्रस्तुति देंगे। यह समारोह रविवार के फाइनल से 90 मिनट पहले आयोजित किया जाएगा। फीफा ने एक बयान में कहा कि इस कार्यक्रम



का उद्देश्य तीन देशों के 16 मेजबान शहरों में 48 टीमों की अविस्मरणीय यात्रा का जश्न मनाना है।

**कौन-कौन से कलाकार होंगे मुख्य आकर्षण :** इस समारोह में आईशोस्पीड व टॉम क्रूज सहित इटली की गायिका लौरा पौसिनी, टोनी पुरस्कार विजेता और पुसीकैट डॉल्स की सदस्य निकोल शेर्जिंगर; और ब्रिटिश गायक और टेक दैट के पूर्व सदस्य रॉबी विलियम्स द्वारा प्रस्तुतियां भी शामिल होंगी। जेनिफर हडसन अमेरिकी राष्ट्रगान गाएंगी।

जापान ओपन

## हान यू को हराकर सिंधू क्वार्टर फाइनल में



एजेंसी ▶▶| तोक्यो

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने बृहस्पतिवार को चीन की विश्व में पांचवें नंबर की खिलाड़ी हान यू को सीधे गेम में हराकर जापान ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया जो उनका मौजूदा सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी है। विश्व रैंकिंग में 10वें नंबर पर काबिज भारतीय खिलाड़ी ने दूसरे दौर के मुकाबले में अपने से उच्च रैंकिंग वाली चीनी शटलर को केवल 35 मिनट में 21-16, 21-14 से पराजित किया।

### धीमी शुरुआत के बाद हासिल की लय

गैर-वरीयता प्राप्त सिंधू ने धीमी शुरुआत के बाद पहले गेम के बीच में लय हासिल की। उन्होंने शटल को सटीक रूप से हिट किया और रैलियों पर हावी होकर बढ़त बना ली। इसके बाद पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू ने दूसरे गेम में पूरी तरह से दबदबा बनाया और 8-0 की बढ़त हासिल करने के बाद आसानी से मुकाबला जीत लिया। इस जीत से सिंधू ने हान के खिलाफ अपना रिकॉर्ड 8-1 कर लिया है।

### अगला मुकाबला जापान की नोजोमी से

इस 31 वर्षीय खिलाड़ी का अगला मुकाबला जापान की नोजोमी ओकुहारा से होगा, जिन्हें शीर्ष वरीयता प्राप्त दक्षिण कोरियाई खिलाड़ी आन से-यंग के दूसरे दौर के मैच से हटने के बाद वॉकओवर मिल गया था।

### तनीशा-कपिला की जोड़ी हुई बाहर

तनीशा क्रास्टो और ध्रुव कपिला की मिश्रित युगल जोड़ी के प्री-क्वार्टर फाइनल में बाहर होने के बाद सिंधू अब टूर्नामेंट में भारत की एकमात्र खिलाड़ी बची हैं। तनीशा और ध्रुव की भारतीय जोड़ी चीन की फेंग यान झे और हुआंग डोंग पिंग की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी से 47 मिनट में 20-22, 17-21 से हार गई।

## मुक्केबाजी चैंपियनशिप में विश्वनाथ और गंगा ने स्वर्ण पर जमाया कब्जा

एजेंसी ▶▶| जकार्ता

भारतीय जूनियर मुक्केबाज विश्वनाथ सुरेश (50 किग्रा) और गंगा (55 किग्रा) ने बृहस्पतिवार को यहां एशियाई अंडर-19 और अंडर-23 मुक्केबाजी चैंपियनशिप के फाइनल में दमदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किए।

अंडर-23 पुरुष फाइनल में भारत ने दो स्वर्ण पदक हासिल कर प्रभावित किया। मौजूदा सीनियर एशियाई चैंपियन विश्वनाथ ने पुरुषों के 50 किग्रा वर्ग के फाइनल में जापान के डायची इवाई पर 3-2 से जीत दर्ज कर पहला स्थान हासिल किया। वहीं गंगा ने भी कजाखस्तान के बेजुलाटन बोरानबेक पर समान अंतर से जीत दर्ज की।



### अन्य मुक्केबाजों का ऐसा रहा प्रदर्शन

वंशज (65 किग्रा) ने फाइनल में चुनौती पेश की लेकिन उज्बेकिस्तान के इखोमजोन अर्गाशेव से 1-4 से हारकर रजत पदक से संतोष किया। अंडर-19 पुरुषों के फाइनल में भारतीय मुक्केबाजों ने जुझारू प्रदर्शन किया लेकिन रजत पदक ही जीत सके। आदित्य (55 किग्रा) को उज्बेकिस्तान के एलियोर रूस्तामोव से 0-5 से जबकि शुभम राजपूत (90 किग्रा) को उज्बेकिस्तान के असादबेक सुल्तानबोएव से इसी अंतर से पराजय मिली।


**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**निविदा सूचना**

**निविदा संख्या: 722-ST-CON-R-**
**दिनांक: 10.07.2026**

**कार्य:** सिग्नलिंग और टेलीकम्युनिकेशन का कामः (1) जगदलपुर-रावघाट नई BG लाइन के लिए कुरकानार और पल्ली स्टेशन पर नया इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग (सेंट्रलाइज्ड टाइप) और रायपुर और संबलपुर डिवीजन से नई लाइन कनेक्टिविटी के लिए जगदलपुर स्टेशन पर यार्ड रीमॉडलिंग। (2) राजिम स्टेशन पर मैन वाले LC नंबर AR-12 और केंद्री स्टेशन पर RD-22 को बंद करना और साथ ही राजिम और केंद्री स्टेशन पर मौजूदा EI में बदलाव करना। (3) साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे के रायपुर डिवीजन में कोचिंग फिटनेस के लिए यार्ड रीमॉडलिंग के साथ रायपुर स्टोर डिपो (RSD) स्टेशन पर रूट रिले इंटरलॉकिंग (RRI) में बदलाव। **निविदा मूल्यः रु. 17,89,62,638.42** (सत्रह करोड़ नवासी लाख बासठ हजार छह सौ अड़तीस रुपये और बयालीस पैसे मात्र)। **ईएमडी: रु. 35,79,300.00** (केवल पैंतीस लाख उन्यासी हजार तीन सौ मात्र)। **निविदा बंद होने की तिथि: 03.08.2026 को 15.00 बजे तक।**

अधिक जानकारी/पात्रता, मानदंड और उपरोक्त कार्य के पूर्ण विवरण के लिए, कृपया उप- मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर/निर्माण, एस.ई.सी. रेलवे, रायपुर के कार्यालय से संपर्क करें या हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध निविदा दस्तावेज देखें/डाउनलोड करें।

*उप मुख्य सिग. एवं दूर. इंजी./निर्माण*
*द.पू.मध्य रेलवे, रायपुर*
सीपीआर/10/288
South East Central Railway @secrail



**TRN Energy Pvt. Ltd.**
**Regd. Office: 18 Vasanta Enclave, Rao Tula Ram Marg, New Delhi – 110057**
**Corporate Office: 7th Floor, Corporate Tower, Ambience Mall NH-8, Gurgaon-122002 (Haryana)**
**Ph: 0124-2719000,Fax: 0124-2719185**
**Email: trnenergy@acbindia.com; info@trnenergy.com**

**Invitation of Bids**

Date: 17/07/2026

TRN Energy Pvt. Ltd. is having 2x300MW Coal based Thermal Power Plant located near Vill: Bhengari, PO:- Nawapara (Tenda), Tehsil: Gharghoda, Dist: Raigarh in the state of Chhattisgarh. The plant site is well connected with Road Network. Nawapara (Tenda) is on Chhal-Gharghoda road and very near to the plant. The place is around 42KM away from Raigarh and 32KM away from Kharsia, which are the nearest towns.

M/s TRN Energy Pvt. Ltd. invites bids from reputed and experienced vendors for the below mentioned works:

| Sl. No. | Description of the Job | Tender ID | Last date of Bid submission |
|---|---|---|---|
| 1 | **Construction of Pavement Quality Cement Concrete (PQC) Road"** located at Village – Bhengari, Post- Nawapara (Tenda), Tehsil - Gharghoda, Dist.- Raigarh, Chhattisgarh. | 1070 | 31/07/2026 upto 14:00 Hrs |

Details of the scope of work, Terms and conditions are furnished in the NIT document.

Please visit web site **https://eprocurement.mjunction.in/epspropartner/ product/login-screen** and refer respective tender ID for qualifying criteria and other details.

**Contact details:**
**Name: Sunil Kumar**
**Contact No. 9868392867**
**Email Id: sunil.kumar@acbindia.com**



**छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग**
सिंचाई कालोनी, शांति नगर, रायपुर–492001
वेब साईट www.cserc.gov.in ई–मेल: cserc.sec@cg.nic.in फोन नं. 0771-4073555

CSERC

**वाहन चालक के पद पर सीधी भर्ती हेतु दावा आपत्ति प्राप्त करने की तिथि में वृद्धि की सूचना**

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग में वाहन चालक (अनुसूचित जनजाति हेतु आरक्षित) के रिक्त 01 पद पर सीधी भर्ती किये जाने हेतु प्राप्त आवेदनों में पात्र एवं अपात्र उम्मीदवारों से दावा आपत्ति दिनांक 13/07/2026 तक मांगी गई थी। विचारोंपरान्त उक्त दावा आपत्ति हेतु निर्धारित उपरोक्त तिथि में दिनांक 31/07/2026 तक वृद्धि की जाती है।

प्राप्त आवेदनों को परीक्षण अर्थात (Scrutiny) उपरांत पात्र एवं अपात्र उम्मीदवारों की सूची आयोग की वेबसाईट www.cserc.gov.in पर उपलब्ध है।

अतः उपरोक्त वेबसाईट में दर्शित उम्मीदवारों की सूची में जिन उम्मीदवारों ने अभी तक अपनी दावा आपत्ति प्रस्तुत नही कर पाये है, और यदि वे अपनी दावा आपत्ति प्रस्तुत करना चाहते है तो वे दिनांक 31/07/2026 तक आयोग कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर अपनी दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।

स्वहित एवं राष्ट्रहित में उर्जा बचाऐं

सचिव



**उद्योग संचालनालय, छत्तीसगढ़**
**उद्योग भवन, रिंग रोड नं. 1, तेलीबांधा,**
**रायपुर फोन नं. (0771) 2583652-54, Email: dtic-directorate.cg@gov.in**

(छत्तीसगढ़ शासन, वाणिज्य एवं उद्योग विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ 20-13/2018/11/6 दिनांक 28.04.2018)

**मेसर्स महामाया राईस मिल, ग्राम-कर्री चलगली, तहसील डौरा कोचली, जिला-बलरामपुर (छत्तीसगढ़) के स्वामित्व परिवर्तन की अनुमति हेतु आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि-1. **मेसर्स महामाया राईस मिल, ग्राम कर्री चलगली तहसील डौरा कोचली, जिला-बलरामपुर (छत्तीसगढ़)** में स्थापित है एवं इकाई एकल स्वामित्व है। इकाई के मूल स्वामी श्री केवल किशन गोयल का निधन दिनांक 12.04.2025 को हो जाने के कारण उनके द्वारा निष्पादित वसीयतनामा के अनुसार मेसर्स महामाया राईस मिल की नवीन स्वामिनी श्रीमती रामादेवी गोयल होगी।
2. **शाखा प्रबंधक**, बैंक ऑफ इंडिया, शाखा अंबिकापुर, जिला सरगुजा की ओर से **मेसर्स महामाया राईस मिल, ग्राम कर्री चलगली, तहसील डौरा कोचली, जिला-बलरामपुर** वित्त पोषित है तथा बैंक द्वारा इकाई के पक्ष में अदेय प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया है।
3. राज्य शासन की औद्योगिक नीति 2019-24 के तहत प्रदान किये गये अनुदान एवं छूट के संदर्भ में उद्योग संचालनालय के पत्र क्रमांक PROJ-41011/582/2025 दिनांक 08.07.2026 द्वारा **मेसर्स महामाया राईस मिल, ग्राम कर्री चलगली, तहसील डौरा कोचली, जिला-बलरामपुर** के स्वामित्व परिवर्तन की अनंतिम स्वीकृति दी गई है।

अतः **मेसर्स महामाया राईस मिल, ग्राम कर्री चलगली, तहसील डौरा कोचली, जिला-बलरामपुर (छत्तीसगढ़)** के उद्योग के स्वामित्व परिवर्तन की अंतिम अनुमति प्रदान किये जाने के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, कंपनी, वित्तीय संस्था / बैंक या अन्य किसी को कोई आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह सूचना प्रकाशन तिथि से 10 दिवस के भीतर इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के पश्चात किसी प्रकार की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

रायपुर-दिनांक-08.07.2026

**संचालक**




# 12 की उम्र में बनाया प्लेन, ठुकराया नासा का ऑफर

**न्यूयार्क।** क्या कोई 12 साल का बच्चा असली हवाई जहाज बना सकता है? आपका जवाब शायद न होगा। लेकिन, शिकागो की एक लड़की ने न सिर्फ ऐसा कर दिखाया, बल्कि 14 साल की उम्र में उसे आसमान में उड़ाकर भी सबको चौंका दिया। आज टेक और साइंस की दुनिया में इस लड़की का नाम चर्चा में है। सिर्फ इतना ही नहीं, नासा से लेकर अरबपति जेफ बेजोस तक शिकागो की इस लड़की को नौकरी देने के लिए तैयार थे, वो भी करोड़ों के सैलरी पैकेज वाली नौकरी। इस टैलेंट की वजह से दुनिया के बड़े-बड़े एक्सपर्ट्स अब इसे अगला अल्बर्ट आइंस्टीन नाम दे रहे है।

- इस लड़की को दुनिया कह रही दूसरी आइंस्टीन

### एमआईटी में रचा इतिहास, स्टीफन हॉकिंग भी थे रिसर्च के मुरीद

शुरुआत में जब सबरीना ने मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी यानी एमआईटी में एडमिशन के लिए अप्लाई किया था, तो उन्हें वेटिंग लिस्ट में डाल दिया गया था। लेकिन, जब वहां के प्रोफेसर्स ने उनके खुद के बनाए विमान का वीडियो देखा, तो वे हैरान हो गए। सबरीना ने मात्र 3 साल में एमआईटी से 5.0 की परफेक्ट जीपीए के साथ ग्रेजुएशन पूरा कर लिया और बीते दो दशकों में भौतिकी विभाग में टॉप करने वाली पहली महिला बनीं।



### आखिर क्यों ठुकराए करोड़ों के ऑफर?

सबरीना के टैलेंट को देखते हुए अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा और अमेजन के फाउंडर जेफ बेजोस की स्पेस कंपनी ब्लू ओरिजिन उन्हें अपनी टीम में लाने का प्रयास किए। रिपोर्ट्स के अनुसार, ब्राउन यूनिवर्सिटी ने तो उन्हें लगभग 1.1 मिलियन डॉलर यानी लगभग 9 करोड़ रुपए से अधिक के पैकेज पर असिस्टेंट प्रोफेसर का पद ऑफर किया था। लेकिन, सबरीना ने इन सभी आलीशान ऑफर्स को ठुकरा दिया। पैसे और कॉर्पोरेट चकाचौंध से दूर, उन्होंने 2021 में कनाडा के पेरिमीटर इंस्टीट्यूट फॉर थियोरेटिकल फिजिक्स को चुना, जहां वह सबसे कम उम्र की फैकल्टी में से एक बनीं। वर्तमान में वह वहां सेलेस्टियल होलोग्राफी इनिशिएटिव प्रोजेक्ट को लीड कर रही हैं, जिसे साइमंड्स फाउंडेशन से 8 मिलियन डॉलर यानी लगभग 66 करोड़ रुपए का बड़ा ग्रांट मिला है।

जहां आम तौर पर बच्चे खिलौना हवाई जहाज से खेलते हैं, वहीं शिकागो की सबरीना गोंजालेज पास्टर्सकी ने मात्र 12 साल की उम्र में एक सिंगल-इंजन विमान का ढांचा तैयार कर दिया। 14 साल की होते-होते उन्होंने इस विमान को खुद उड़ाया भी, वो भी तब जब उनकी गाड़ी चलाने का लाइसेंस बनने की उम्र भी नहीं हुई थी।

आज 32 साल की सबरीना महिला को उनकी कुशाग्रता को देखते हुए कई लोग उन्हें अगला अल्बर्ट आइंस्टीन कह रहे है। इसका कारण यह है कि वह साइंस के उस सबसे बड़े रहस्य को सुलझाने में लगी हुई हैं, जो आइंस्टीन के काम के बाद अधूरा रह गया था यानी क्वांटम लेवल पर गुरुत्वाकर्षण का व्यवहार कैसा होता है।

## रोचक खबरें

### कार के टायर जितना बड़ा होता है ये फूल, 10 किलो तक भारी

**बैंकाक।** प्रकृति अपने अनोखे चमत्कारों से हमेशा हैरान करती रहती है, दुनिया का सबसे बड़ा फूल रेफलीशिया भी इन्हीं में से एक है। यह फूल ना सिर्फ आकार में विशाल है बल्कि उसकी बदबू भी अनोखी है। यह फूल व्यास में एक मीटर तक बड़ा हो सकता है। इसका वजन 10 किलो तक पहुंच जाता है। देखने में यह किसी कार के टायर जितना लगता है। बात फूल के रंग की करें तो ये लाल-भूरा होता है और इसकी पंखुड़ियां मांस जैसे मोटी होती हैं।




**बदबू का राज**–सबसे दिलचस्प बात यह है कि रेफलीशिया से सड़ी हुई लाश जैसी बदबू आती है। यह बदबू दूर-दूर तक फैल जाती है। वैज्ञानिकों के अनुसार, यह बदबू मक्खियों को आकर्षित करने के लिए निकाली जाती है। मक्खियां फूल पर बैठकर परागण करती हैं, जिससे ये जंगल में फ़ैल जाते हैं।

**परजीवी जीवन शैली**– रेफलीशिया सामान्य पौधों की तरह नहीं बढ़ता। यह परजीवी पौधा है। इसमें अपना पत्ता या तना नहीं होता। यह दूसरे पेड़ों की जड़ों से न्यूट्रिशन चुराकर अपना विकास करता है। फूल कई महीनों की तैयारी के बाद अचानक खिलता है।

**कहां पाया जाता है ये फूल?**– रेफलीशिया मुख्य रूप से इंडोनेशिया, मलेशिया, थाईलैंड और फिलीपींस के वर्षावनों में पाया जाता है। यह दुर्लभ फूल है और कई जगहों पर विलुप्त होने के खतरे में है। ये कई सालों में खिलता है और बस पांच से सात दिन ही खिला रहता है। इसके बाद ये मुरझा जाता है। वैज्ञानिक इस फूल का अध्ययन करके परजीवी पौधों की जीवन शैली समझते हैं। यह फूल प्रकृति में जैव विविधता का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

### बीवी को किडनी दे पति ने बचाई जान तलाक के बाद शख्स ने मांगा वापस

**न्यूयार्क।** अमेरिका का एक अनोखा तलाक मामला वर्षों बाद भी लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। इस मामले में एक डॉक्टर ने अपनी पत्नी की जान बचाने के लिए उसे अपनी एक किडनी दान कर दी थी। लेकिन, कुछ साल बाद जब पत्नी ने तलाक की अर्जी दाखिल कर दी, तो डॉक्टर ने अदालत में ऐसी मांग रख दी जिसने पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। उन्होंने कोर्ट से कहा कि या तो उनकी दान की गई किडनी वापस दिलाई जाए या फिर उसकी कीमत के रूप में 14,45,04,300 रुपए (1.5 मिलियन डॉलर) का मुआवजा दिलाया जाए। यह मामला अमेरिका के लॉन्ग आइलैंड, न्यूयॉर्क का है, जहां डॉक्टर रिचर्ड बतिस्ता और उनकी पत्नी डॉनेल बतिस्ता के बीच तलाक की कार्यवाही लंबे समय तक चर्चा में रही थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, रिचर्ड बतिस्ता और डॉनेल की शादी वर्ष 1990 में हुई थी। शादी के कुछ वर्षों बाद डॉनेल की किडनी गंभीर रूप से खराब हो गई। उनकी जान बचाने के लिए वर्ष 2001 में रिचर्ड ने अपनी एक किडनी पत्नी को दान कर द।. ऑपरेशन सफल रहा और डॉनेल की जान बच गई। लेकिन, कुछ वर्षों बाद दोनों के रिश्तों में खटास आ गई।



**2005 में पत्नी ने दायर किया तलाक**– रिपोर्ट्स के अनुसार, वर्ष 2005 में डॉनेल बतिस्ता ने तलाक की अर्जी दाखिल कर दी थी। इसके बाद दोनों के बीच कानूनी विवाद शुरू हो गया। इसी दौरान रिचर्ड बतिस्ता ने सार्वजनिक रूप से अपनी नाराजगी जाहिर की और मीडिया के सामने अपनी पीड़ा साझा की। उन्होंने कहा कि उन्होंने अपनी पत्नी को सिर्फ दिल ही नहीं दिया, बल्कि उसकी जिंदगी बचाने के लिए अपनी किडनी भी दान कर दी थी। इसके बावजूद उन्हें बदले में विश्वासघात मिला।

# 83 सदस्य, 6 पीढ़ियां और एक चूल्हा इस परिवार की एकता बनी मिसाल

**अमरावती।** आजकल संयुक्त परिवार धीरे-धीरे कम होते जा रहे हैं। लोग अब न्यूक्लियर फैमिली की तरफ बढ़ रहे हैं। नौकरी, पढ़ाई और बेहतर सुविधाओं की तलाश में लोग अलग-अलग शहरों में बस जाते हैं। ऐसे समय में आंध्र प्रदेश के अनंतपुर जिले के कुरलपल्ली गांव का नागप्पा परिवार लोगों के लिए एक मिसाल बनकर सामने आया है। इस परिवार में कुल 83 सदस्य रहते हैं। खास बात यह है कि परिवार छह पीढ़ियों तक फैला हुआ है और आज भी सभी लोग मिल-जुलकर एक परिवार की तरह रहते हैं। भले ही वे चार अलग-अलग मकानों में रहते हों, लेकिन उनकी जिंदगी पूरी तरह एक ही परिवार की तरह चलती है।

### कहानी जीत रही लोगों का दिल



#### परिवार में कौन-कौन हैं?

इस बड़े परिवार की अगुवाई हनुमंतरायुडु और मुथ्यालप्पा करते हैं। परिवार में छह सास, 14 बहुएं, 20 बच्चे, दादा-दादी, नाना-नानी और कई बुजुर्ग सदस्य शामिल हैं। इतने बड़े परिवार को संभालना आसान नहीं होता, लेकिन यहां हर सदस्य की अपनी जिम्मेदारी तय है। घर के छोटे-बड़े सभी लोग एक-दूसरे का सहयोग करते हैं। यही वजह है कि इतने सारे लोगों के साथ रहने के बावजूद परिवार में अनुशासन और तालमेल बना रहता है।

#### चार घर, लेकिन रसोई सिर्फ एक

आज के समय में हर घर की अपनी अलग रसोई होती है, लेकिन नागप्पा परिवार में ऐसा नहीं है। यहां चार मकानों में रहने के बावजूद पूरे परिवार का खाना एक ही रसोई में तैयार होता है। राशन खरीदने से लेकर सब्जियां लाने तक की जिम्मेदारी बड़े सदस्य निभाते हैं। वहीं, परिवार की बहुएं मिलकर पूरे परिवार के लिए खाना बनाती हैं। एक साथ बैठकर खाना खाना इस परिवार की पुरानी परंपरा है। उनका मानना है कि साथ बैठकर खाना खाने से रिश्तों में अपनापन बना रहता है।

**हर सुबह होती है परिवार की मीटिंग**– इस परिवार की सबसे खास बात इसकी हर रोज की दिनचर्या है। हर सुबह घर के बड़े सदस्य एक साथ बैठकर चाय या कॉफी पीते हैं और पूरे दिन की योजना बनाते हैं। इसी बैठक में तय होता है कि कौन खेत में जाएगा, कौन घर के काम संभालेगा और उस दिन खाने में क्या बनेगा। सभी जिम्मेदारियां पहले ही बांट दी जाती हैं, जिससे किसी पर जरूरत से ज्यादा बोझ नहीं पड़ता। परिवार के लोग मानते हैं कि दिन की शुरुआत अगर मिलकर की जाए तो बाकी काम भी आसानी से पूरे हो जाते हैं।

**खेती के साथ बसों का भी कारोबार**– इस परिवार की कमाई का जरिया सिर्फ खेती नहीं है। खेती के अलावा परिवार मिलकर ट्रांसपोर्ट का कारोबार भी करता है। परिवार के पास चार बसें हैं, जो कल्याणदुर्गम से कर्नाटक के कई इलाकों के बीच चलती हैं। खेती और बसों से होने वाली पूरी कमाई एक ही जगह जमा होती है। इसके बाद जरूरत के हिसाब से खर्च किया जाता है। इसका मतलब यहां कोई अपनी अलग कमाई नहीं रखता। परिवार की आर्थिक व्यवस्था पूरी तरह सामूहिक है।

**इतने बड़े परिवार में कैसे नहीं होते झगड़े?**– 83 लोगों के साथ रहने पर मतभेद होना स्वाभाविक है। परिवार के सदस्य भी मानते हैं कि कभी-कभी अलग-अलग राय सामने आती हैं। हालांकि, उनका नियम साफ है कि कोई भी विवाद अगले दिन तक नहीं जाना चाहिए। अगर किसी बात पर बहस होती है तो उसी दिन बैठकर उसका समाधान निकाल लिया जाता है। बुजुर्गों का कहना है कि आपसी सम्मान, धैर्य और बातचीत ही इतने बड़े परिवार को एक साथ जोड़े रखने का सबसे बड़ा कारण है।

**बच्चों को भी मिलती है परिवार की सीख**– इस संयुक्त परिवार में बड़े-बुजुर्ग सिर्फ फैसले नहीं लेते, बल्कि बच्चों को परिवार की परंपराएं और संस्कार भी सिखाते हैं। बच्चे अपने दादा-दादी और अन्य बुजुर्गों के साथ समय बिताते हैं। उन्हें बचपन से ही मिलकर रहने, जिम्मेदारियां निभाने और बड़ों का सम्मान करने की सीख दी जाती है।

# 6.7 करोड़ साल पुराने टी-रेक्स डायनासोर का ढांचा 482 करोड़ रुपए में बिका

**न्यूयार्क।** अमेरिका के सॉथबीज ऑक्शन हाउस ने करीब 6.7 करोड़ साल पुराने 'टी-रेक्स' डायनासोर को बीते मंगलवार को नीलाम कर दिया। इसे गस नाम दिया गया था। लोगों को अंदाजा था कि इसकी बोली 30 मिलियन डॉलर (करीब 288.59 करोड़ रुपए) तक जा सकती है, लेकिन दुनिया भर के अरबपतियों के बीच इसे खरीदने की ऐसी होड़ मची कि महज 10 मिनट के अंदर एक गुप्त खरीदार ने इसे 50.1 मिलियन डॉलर (करीब 482 करोड़ रुपए) देकर अपने नाम कर लिया। इसके साथ ही यह इतिहास का अब तक का सबसे महंगा बिकने वाला कंकाल बन गया है। ये कीमत इतनी ज्यादा है कि इस बजट में आप करीब 100 फरारी रोमा कारें खरीद सकते हैं।



**अमीर लोग बनाम सरकारी म्यूजियम**– पहले के समय में जब भी कोई डायनासोर मिलता था, तो उसे सरकारी म्यूजियम में रखा जाता था ताकि बच्चे और बड़े उसे देख सकें. लेकिन साल 1997 में पहली बार सू नाम के एक टी-रेक्स को नीलामी में बेचा गया। सॉथबीज की अधिकारी कैसेंड्रा हैटन ने बताया कि उस समय कोर्ट के फैसलों से यह साफ हुआ कि जिसकी जमीन होगी, जमीन से निकलने वाले डायनासोर पर भी उसी का मालिकाना हक होगा। इसके बाद से डायनासोरों को बेचने का एक बड़ा बाजार बन गया। अब स्थिति यह है कि साल 2024 में 'एपेक्स' नाम का एक डायनासोर एक अमीर बिजनेसमैन ने $44.6 मिलियन (429.12 करोड़ रुपए) में खरीद लिया।

### कौन है डायनासोर

गस कोई मामूली डायनासोर नहीं है। यह दुनिया के सबसे खतरनाक मांसाहारी डायनासोर टी-रेक्स का ढांचा है। अमेरिकी मीडिया कंपनी विरेड की एक रिपोर्ट के मुताबिक, इस अनोखे ढांचे को अमेरिका के साउथ डकोटा के एक फार्म से खोजा गया था। वैज्ञानिकों का कहना है कि यह बहुत खास है क्योंकि इसके पूरे ढांचे में 183 असली हड्डियां (61%) बची हुई हैं, जो कि बहुत बड़ी बात है। गायब हड्डियों की जगह नकली हड्डियां लगाकर इसे ऐसे खड़ा किया गया है, जैसे यह अपने शिकार के पीछे तेजी से दौड़ रहा हो. यूनिवर्सिटी ऑफ मैरीलैंड के वैज्ञानिक थॉमस होल्ट्ज ने बताया कि यह सचमुच एक बहुत ही शानदार और विज्ञान के लिए बेहद जरूरी ढांचा है।

### बिना किसी ईयरबड्स के 10 किलोमीटर दूर की बात सुन लेते हैं हाथी

**न्यूयार्क।** कुदरत के अनूठे रहस्यों के बीच वैज्ञानिकों ने हाथियों की बातचीत को लेकर एक हैरान करने वाला खुलासा किया है। हार्वर्ड मेडिकल स्कूल की रिसर्च के अनुसार, हाथी बिना कानों का इस्तेमाल किए, अपनी खास बोन-कंडक्शन पॉवर और पैर की हड्डियों के जरिए 10 किलोमीटर दूर से आ रहे सिग्नल्स को भी आसानी से सुन लेते हैं। साइंस की दुनिया में सालों से यह रहस्य था कि हाथी मीलों दूर एक-दूसरे की मौजूदगी का पता कैसे लगा लेते हैं, लेकिन अब वैज्ञानिकों ने इसका पता लगा लिया है। हार्वर्ड मेडिकल स्कूल की एक लेटेस्ट रिसर्च में सामने आया है कि हाथियों के पास एक ऐसी कुदरती बोन-कंडक्शन टेक्नोलॉजी होती है, जिसके आगे इंसानों के महंगे से महंगे ऑडियो गैजेट्स भी फेल हैं।







# भारत का वो अनोखा गांव, जहां लोगों को छूने पर लगता है जुर्माना

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले में स्थित मलाणा गांव में बाहरी लोगों के लिए सख्त नियम बनाए गए हैं। यहां आने वाले पर्यटकों को गांव की दीवारों, मंदिरों, घरों या किसी भी स्थानीय सामान को छूने की अनुमति नहीं होती। यहां तक की पर्यटकों को गांव के लोगों को भी छूना मना है। गांव के कई स्थानों पर साफ-साफ नोटिस लगे हैं कि अगर कोई बाहरी व्यक्ति यहां की किसी भी चीज को छूता है, तो उस पर 1,000 रुपए से लेकर 2,500 रुपए तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। यही वजह है कि यहां आने वाले लोग काफी सावधानी बरतते हैं। यहां तक कि अगर किसी पर्यटक को दुकान से कोई सामान खरीदना हो, तो वह सीधे सामान को हाथ नहीं लगाता। ग्राहक पैसे दुकान के बाहर रख देता है और दुकानदार सामान बाहर जमीन पर रख देता है, जिसे बाद में पर्यटक उठा लेता है।

### नहीं चलता भारतीय कानून!



मलाणा गांव की सबसे बड़ी खासियत इसकी अनोखी प्रशासनिक व्यवस्था है। कहा जाता है कि इस गांव का अपना संविधान है और यहां के लोग सदियों पुरानी परंपराओं के अनुसार गांव को चलाते हैं। गांव में अपनी संसद भी है, जिसमें दो सदन हैं- एक बड़ा और एक छोटा। बड़े सदन में कुल 11 सदस्य होते हैं। इनमें से 8 सदस्यों का चुनाव गांव के लोग करते हैं, जबकि 3 सदस्य स्थायी होते हैं, जिनमें कारदार, गुर और पुजारी शामिल हैं। छोटे सदन में गांव के प्रत्येक परिवार का सबसे बुजुर्ग सदस्य शामिल होता है। अगर बड़े सदन के किसी सदस्य का निधन हो जाए, तो पूरे सदन का दोबारा गठन किया जाता है। गांव में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपने अधिकारी और स्थानीय व्यवस्था भी मौजूद है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com